खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शनिवार 24 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 132 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 25 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

तापमान: अधिकतम :34°C न्यूनतम: 23°C

सेंसेक्स 81,721.08 निफ्टी 24,853.15

सोना 98,175 चांदी 1,00,000



**इस्तीफा देने पर विचार कर रहे मुहम्मद यूनुस**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**चोट से उबर चुके हेजलवुड प्लेऑफ में कर सकते हैं वापसी**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# आईपीएल की आड़ में लग रहा सट्टा: सुप्रीम कोर्ट

## कोर्ट बोला-कोई कानून जुआ-सट्टा खेलने से नहीं रोक सकता, केंद्र को नोटिस देकर मांगा जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि लोग इंडियन प्रीमियर लीग की आड़ में सट्टा लगा रहे हैं और जुआ खेल रहे हैं। हम जानते हैं कि इसे रोका जाना चाहिए, लेकिन शायद आप इस गलतफहमी में हैं कि इसे कानून के जरिये रोका जा सकता है।

कोर्ट ऑनलाइन एप को रेगुलेट करने की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जिस तरह हम लोगों को हत्या करने से नहीं रोक सकते, उसी तरह कोई कानून लोगों को सट्टेबाजी और जुआ खेलने से नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि वह केंद्र से पूछेगी कि वह इस मुद्दे पर क्या कर रही है। इसके लिए केंद्र को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। बेंच ने मामले में अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल से मदद की मांग की और

■ **ऑनलाइन एप को रेगुलेट करने की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा : जरूरत पड़ी तो सभी से जवाब मांगेगे**

कहा कि जरूरत पड़ी, तो वह बाद में सभी राज्यों से जवाब मांगेगी। बेंच ने इन हालात को समाज का विचलन बताते हुए अपनी मजबूरी व्यक्त की और कहा कि कानून के लागू होने से लोगों को सट्टा लगाने से नहीं रोका जा सकता। हमने अपने बच्चों को इंटरनेट दे दिया है। वे इसे अपने स्कूलों में भी ले जाते हैं। माता-पिता एक टीवी देखते हैं, बच्चे दूसरा देखते हैं। यह पूरी तरह से सामाजिक विचलन है। क्या किया जा सकता है। जब लोग अपनी मर्जी से सट्टे में लिप्त हैं। याचिकाकर्ता के ए.पाल ने आरोप लगाया है कि कई ऑनलाइन इन्फ्लूएंसर, एक्टर और -शेष पृष्ठ दो पर

### छात्र सुसाइड केस: राजस्थान सरकार को फटकार

#### पूछा- छात्र कोटा में ही क्यों जान दे रहे, इसे रोकने के लिए अब तक क्या किया



**नई दिल्ली।** स्टूडेंट्स सुसाइड मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान कोटा में हो रहे स्टूडेंट्स सुसाइड के मामलों को भी गंभीर बताया और राजस्थान सरकार को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि कोटा में इस साल अब तक 14 स्टूडेंट्स सुसाइड कर चुके हैं। आप एक राज्य के तौर पर इसे लेकर क्या कर रहे हैं? स्टूडेंट्स कोटा में ही क्यों आत्महत्या कर रहे हैं? एक राज्य के तौर पर क्या आपने इस पर कोई विचार नहीं किया? सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी कोटा में छात्रा का शव मिलने और आईआईटी खड़गपुर के छात्र के सुसाइड मामले की सुनवाई के दौरान की। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार से इस मामले में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। 4 मई को नीट एग्जाम से कुछ ही घंटे पहले कोटा के हॉस्टल में 17 साल की छात्रा का शव मिला था। 4 मई को ही, आईआईटी खड़गपुर में पढ़ने वाले 22 साल के स्टूडेंट ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगा ली थी। इन्हीं दोनों मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 6 मई को स्वत: संज्ञान लिया था।

# लड़खड़ा गई है देश की विदेश नीति: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को मोदी सरकार पर विदेश नीति को कमजोर करने पर आरोप लगाया और विदेश मंत्री एस. जयशंकर की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए।

श्री गांधी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री जयशंकर को यह जवाब देना चाहिए कि कुछ देश पाकिस्तान को भारत के बराबरी पर क्यों रख रहे हैं और एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे रहा है। कांग्रेस नेता ने यह सवाल भी किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत-



पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की विदेश नीति लड़खड़ा गई है। गौरतलब है कि श्री ट्रम्प लगातार कह रहे हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वह दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने को तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने बयानों में भारत और पाकिस्तान को समान स्तर पर रखा है।

## शैक्षणिक संस्थानों को नशामुक्त बनाने को अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने छात्रों और युवाओं को तंबाकू तथा नशीले पदार्थों से बचाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की है। शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) ने इस संबंध में शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कार्रवाई करने का आह्वान किया ताकि शैक्षणिक संस्थानों के आसपास के क्षेत्रों को तंबाकू, शराब और नशीले पदार्थों से मुक्त रखने के लिए नियमों और दिशानिर्देशों को सख्ती से लागू किया जा सके। शिक्षा मंत्रालय ने नशीले पदार्थों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान दिशानिर्देशों को लागू कर रहा है। इसके तहत स्कूलों और कॉलेजों को तम्बाकू के उपयोग और बिक्री से पूरी तरह मुक्त बनाने के लिए दिशानिर्देश जारी किया गया है। मंत्रालय ने इस मिशन का समर्थन करने में स्कूल प्रबंधन समितियों, शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका पर जोर दिया है। सरकार ने सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण अभियान का समर्थन करने का आग्रह किया है। मंत्रालय का मानना है कि निरंतर प्रयासों और जन समर्थन से भारत अपने स्कूलों और कॉलेजों को सुरक्षित, स्वस्थ और हानिकारक पदार्थों के प्रभाव से मुक्त बना सकता है।

## स्वास्थ्य सेवा कर्मियों को आग के प्रति संवेदनशील बनाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने देशभर में सभी चिकित्सा सुविधा केंद्रों में आग से बचाव के उचित प्रबंध करने के निर्देश देते हुए कहा है कि सभी कर्मचारियों को अग्नि दुर्घटनाओं के प्रति संवेदनशील बनाया जाना चाहिए। मंत्रालय ने निजी एवं सरकारी अस्पतालों से किसी भी आग दुर्घटना से निपटने के लिए कर्मचारियों की क्षमता निर्माण पर जोर दिया है। इसके लिए सभी स्वास्थ्य सेवा संस्थानों से आवश्यक उपकरण स्थापित करने और उनके संचालन के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने को भी कहा गया है। इस संबंध में आयोजित की जा रही कार्यशालाओं से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सभी सरकारी और निजी चिकित्सा सुविधा केंद्रों में कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आग दुर्घटनाओं से निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया है।

## जंगल में आग लगने से नियंत्रण रेखा पर बारूदी सुरंगें फटी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में पुंछ के कृष्णा घाटी सेक्टर में जंगल में लगी भीषण आग के कारण नियंत्रण रेखा पर शुक्रवार को कई बारूदी सुरंगें फट गईं। अधिकारियों ने कहा कि आग कृष्णा घाटी सेक्टर के जंगलों में लगी है। आग लगने के कारण इलाके की बारूदी सुरंग में विस्फोट हुआ है। आग से किसी के हताहत होने एवं बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। सेना के अग्निशमनकर्मी, पुलिस एवं प्रशासन के साथ मिलकर आग को बुझाने में जुटे हुए है।

# हवाई यात्रा: टेक ऑफ-लैंडिंग पर कैमरा क्लिक वर्जित

## खिड़कियां भी बंद रहेंगी, देश के चार डिफेंस एयरपोर्ट पर नए नियम लागू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** डिफेंस एरिया की सुरक्षा को देखते हुए भारत सरकार ने फ्लाइट के टेक ऑफ और लैंडिंग के वक्त खिड़कियां बंद रखने का आदेश दिया है। यह आदेश डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) की तरफ से जारी किया गया है। आदेश के मुताबिक पैसेंजर्स के फोटो खींचने और वीडियो बनाने पर भी बैन रहेगा।

यह नियम देश के उन 4 डिफेंस एयरपोर्ट पर लागू होगा, जिनका इस्तेमाल कॉमर्शियल फ्लाइट के लिए होता है। इसमें अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर और जैसलमेर एयरपोर्ट शामिल है। डीजीसीए ने एयरलाइंस, हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड प्लेन ऑपरेटरों को निर्देश जारी किया है कि डिफेंस एयरफील्ड में आने और जाने वाले विमानों में खिड़कियां तब तक बंद रहेंगी, जब तक कि प्लेन टेकऑफ के दौरान 10,000 फीट की ऊंचाई तक नहीं पहुंच जाता या लैंडिंग के दौरान नीचे नहीं उतर जाता। सूत्रों ने डीजीसीए के एक सीनियर अधिकारी के हवाले से बताया कि यह -शेष पृष्ठ दो पर

■ **डिफेंस एरिया की सुरक्षा को देखते हुए डीजीसीए ने दिया आदेश**



### भारत-पाकिस्तान ने एक-दूसरे के लिए बढ़ाई एयरस्पेस पाबंदी

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव चरम पर है। इस हमले का बदला भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये लिया। तनाव के माहौल में भारत ने पाकिस्तान के लिए अपने एयरस्पेस को बंद कर दिया था। अब एक बार फिर इस पाबंदी को भारत ने एक और महीने के लिए बढ़ा दिया है। भारत ने इस बाबत नोटम भी जारी कर दिया है। नए नोटम के मुताबिक, यह 23 जून, 2025 तक प्रभावी रहेगा। वहीं, दूसरी ओर भारत की कार्रवाई से तिलमिलाए पाकिस्तान ने भी भारतीय उड़ानों के लिए अपनी हवाई क्षेत्र पाबंदी को एक और महीने तक बढ़ाने का फैसला लिया है। इस बाबत नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय हवाई क्षेत्र पाकिस्तान में पंजीकृत एसीएफटीएस और पाकिस्तानी एयरलाइनों/ऑपरेटरों द्वारा संचालित/स्वामित्व वाली या पट्टे पर ली गई एसीएफटीएस के लिए स्वीकृत नहीं है। इसमें सैन्य उड़ानें भी शामिल -शेष पृष्ठ दो पर

### विमान में चीख-पुकार, फिर भी पाक ने नहीं दी परमिशन

**नई दिल्ली।** दिल्ली से श्रीनगर जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट 21 मई को ओलावृष्टि के कारण भीषण टर्बुलेंस (हवा में झटकों) की चपेट में आ गई थी। इस दौरान पायलट ने पाकिस्तान से उसका एयरस्पेस इस्तेमाल करने की इजाजत मांगी थी। हालांकि, पाकिस्तान ने मना कर दिया। इंडिगो फ्लाइट जब अमृतसर के ऊपर से गुजर रही थी, तब पायलट ने हल्का टर्बुलेंस महसूस किया। उन्होंने लाहौर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से कॉन्टैक्ट किया और खराब मौसम से बचने के लिए पाकिस्तान के एयरस्पेस में घुसने की परमिशन मांगी। लाहौर एटीसी ने पायलट को साफ मना कर दिया, जिसके कारण फ्लाइट को अपने तय रूट पर आगे बढ़ना पड़ा। आगे जाकर फ्लाइट गंभीर टर्बुलेंस की चपेट में आ गई। फ्लाइट जोर से हिलने-डुलने लगी। फ्लाइट में 227 लोग सवार थे। तेज झटकों के कारण सभी चीखने-चिल्लाने लगे थे। पायलट ने श्रीनगर एटीसी को जानकारी दी और फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई।

# दुनियाभर में बेनकाब हो गया पाकिस्तान: शाह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों पर भारत की सैन्य कार्रवाई के विरोध में और आतंकवादियों के समर्थन में भारत पर जवाबी कार्रवाई करने से दुनिया भर में पाकिस्तान की पहचान आतंकवाद का समर्थन करने वाले देश की बन गई है और वह पूरी तरह बेनकाब हो गया है।

श्री शाह ने शुक्रवार को यहां रूस्तमजी स्मृति व्याख्यान और सीमा सुरक्षा बल अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान बार बार दावा करता रहा है कि वह आतंकवाद को समर्थन नहीं देता, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद के घटनाक्रम ने उसे बेनकाब कर दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में केवल नौ आतंकवादी अड्डों को तबाह किया था और सैन्य तथा असैनिक अड्डों को निशाना नहीं बनाया था। गृह मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने इसके जवाब में भारतीय सैन्य और असैनिक ठिकानों पर हमले की विफल कोशिश कर साबित कर दिया कि वह आतंकवाद का समर्थन करता है और आतंकियों को शह दे रहा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद के घटनाक्रम से पाकिस्तान का पूरी तरह पर्दाफाश हो गया कि वह आतंकवाद को प्रश्रय दे रहा है। पूरी दुनिया ने देखा कि किस तरह पाकिस्तान सेना के अफसरों ने आतंकवादियों के जनाजों में नमाज पढ़ी। दूसरी ओर भारतीय सेनाओं की सराहना की जानी चाहिए कि उन्होंने जवाबी कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान के केवल सैन्य अड्डों को ही निशाना बनाया और असैनिक क्षेत्रों में हमला नहीं किया।

■ **आतंकियों के समर्थन में भारत पर पाक की जवाबी कार्रवाई को गृह मंत्री ने बनाया मुद्दा**



### पाक को फिर FATF की ग्रे लिस्ट में लाएंगे

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने कहा है कि पाकिस्तान को फिर (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में शामिल कराएंगे। इसके लिए एफएटीएफ के साथ मिलकर मजबूत केस तैयार करेंगे।

सूत्र के मुताबिक, भारत को लगता है कि पाकिस्तान अपनी जमीन पर आतंकवाद को खत्म करने में नाकाम रहा है। पाकिस्तान सरकार देश को हो रही फंडिंग को हथियार और गोला-बारूद खरीदने में खर्च करती है। ऐसे देश टेरर फंडिंग, मनी लॉन्ड्रिंग रोकने में न केवल नाकाम रहते हैं, बल्कि वहां ये चीजें बढ़ती हैं, उन्हें एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जाता है। एफएटीएफ प्लेनरी (फैसले लेने वाली संस्था) की साल में तीन बैठकें फरवरी, जून और अक्टूबर में होती हैं। 2018 में पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला गया था। 2022 में उसे बाहर कर दिया गया। भारत सरकार ने कहा है कि पाकिस्तान को फिर (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में शामिल कराएंगे। इसके लिए एफएटीएफ के साथ मिलकर मजबूत केस तैयार करेंगे। एक न्यूज एजेंसी ने सरकारी सूत्र के हवाले से ये बात कही है।

# नौ वीर सपूतों के परिजनों को मिले बलिदान बैज व सम्मान प्रमाण पत्र

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शुक्रवार को यहां एक समारोह में भारत मां के उन नौ वीर सपूतों के परिजनों को 'बलिदान का बैज' और 'सम्मान प्रमाण पत्र' प्रदान किए जिन्होंने कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

दिल्ली छावनी के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक भव्य और भावपूर्ण समारोह में वीरता और सर्वोच्च बलिदान के लिए गहन प्रतीकात्मक श्रद्धांजलि के रूप में ये पुरस्कार उन अधिकारियों, जूनियर कमीशन प्राप्त अधिकारियों और अन्य रैंकों को प्रदान किए गए, जो देश की

■ **सेना प्रमुख ने भावपूर्ण समारोह में किया सम्मानित**

सेवा करते हुए दुश्मन की और आतंकवादियों की कार्रवाई में शहीद हो गए। यह कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन में आयोजित औपचारिक रक्षा अलंकरण समारोह के एक दिन बाद आयोजित किया गया। ये सम्मान कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष ढोंचक, कैप्टन दीपक सिंह, हवलदार रोहित कुमार, नायक दिलवर खान, राइफलमैन रवि -शेष पृष्ठ दो पर

# आतंकवाद व माओवादी हिंसा अब बर्दाश्त नहीं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शांति और बुनियादी ढांचागत सुविधाओं को विकास की आवश्यक शर्त बताया है और कहा है कि उनकी सरकार ने पिछले 11 वर्ष में पूर्वोत्तर क्षेत्र में अवसंरचना-विकास और शांति के लिए जो काम किए हैं, उससे पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य आज निवेशकों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

श्री मोदी ने शुक्रवार को यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के विकास के विषय पर केन्द्रित दो दिवसीय निवेशक सम्मेलन- नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करते शांति के महत्व को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद हो या अशांति फैलाने वाले



■ **सरकार 11 वर्षों से पूर्वोत्तर में विकास व शांति के लिए कर रही काम: मोदी**

माओवादी, (उनके प्रति) हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस (रत्ती भर भी बर्दाश्त न करने) की नीति पर चल रही है। उनकी सरकार ने पूर्वोत्तर में विभिन्न संगठनों के साथ पिछले कुछ वर्षों में कई शांति समझौते किए हैं और 10 हजार से अधिक युवाओं ने हथियार छोड़ कर मुख्य धारा को अपनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र की उनकी योजना में क्षेत्र के युवाओं के लिए विकास के अवसरों का सृजन सबसे उच्च प्राथमिकता रखता है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्ष में हमने पूर्वोत्तर में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए, जो कुछ किया है, वह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि वह क्षेत्र के विकास की एक बड़ी सोच को दर्शाता है।

# गढ़चिरौली में चार नक्सली ढेर

कांकेर/मुंबई, वार्ता

**छत्तीसगढ़ से** सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में शुक्रवार को चार हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया। जवानों ने चारों नक्सलियों के शवों के साथ-साथ हथियार को भी बरामद कर लिया है।

इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। इस घटना की पुष्टि डीआईजी अंकित गोयल ने भी की है। उन्होंने बताया कि सभी जवानों की वापसी पर ही नक्सलियों को हुए वास्तविक जानकारी मिल सकती है। मुठभेड़ के

■ **चारों नक्सलियों के शवों के साथ-साथ हथियार भी बरामद**

बाद सुरक्षा बलों ने मौके से चार शवों के साथ एक स्वचालित सेल्फ-लोडिंग राइफल, दो 303 राइफल, एक भरमार बंदूक, वॉकी-टॉकी, कैंपिंग का सामान बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह माओवादियों ने अचानक सी-60 कमांडो पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया।

# ट्रम्प की एपल को धमकी, अमेरिका में ही बनाएं आईफोन

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने एपल सीईओ को दी 25 % टैरिफ लगाने की चेतावनी

नई दिल्ली, वार्ता

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत में आईफोन बनाने को लेकर एपल को एक बार फिर धमकी दी है। शुक्रवार को ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका में बेचे जाने वाले आईफोन का निर्माण भारत या किसी अन्य देश में नहीं, बल्कि अमेरिका में ही होना चाहिए।

ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने पहले सीधे तौर पर एपल के सीईओ टिम कुक को बता दिया है कि यदि एपल अमेरिका में आईफोन नहीं बनाएगा, तो कंपनी पर कम से कम 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा कि मैंने बहुत पहले एपल के टिम कुक को

■ **टिम कुक से कहा: जो फोन अमेरिका में बेचे जाएंगे, वे यहीं बनेंगे, न कि कहीं और**

■ **हम नहीं चाहते कि एपल के प्रोडक्ट भारत में बनें**



सूचित कर दिया था कि जो आईफोन अमेरिका में बेचे जाएंगे, वे अमेरिका में निर्मित किए जाएंगे, न कि भारत या कहीं और। यदि ऐसा नहीं होता है, तो एपल को कम से कम 25 प्रतिशत का टैरिफ देना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नहीं चाहते कि एपल के प्रोडक्ट भारत में बनें। पिछले हफ्ते ट्रम्प ने कंपनी के सीईओ टिम कुक से कहा था कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एपल सीईओ के साथ हुई इस बातचीत की जानकारी ट्रम्प ने कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा था कि एपल को अब अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाना होगा। इसके बावजूद एपल की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर फॉक्सकॉन ने भारत में 1.49 बिलियन डॉलर (करीब 12,700 करोड़) का निवेश किया है।



## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के राज्य सूचना आयुक्त गिरजेश चौधरी का निधन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त गिरजेश चौधरी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वह करीब 62 वर्ष के थे। जानकारी के अनुसार सूचना आयुक्त राकेश कुमार के कक्ष में आयोजित जलपान में श्री चौधरी गुरुवार को शामिल हुए थे। इसके बाद वह बस्ती में एक समारोह में शामिल होने चले गए, वहीं बीती रात उन्हें दिल का दौरा पड़ा। पहले बस्ती जिला अस्पताल और फिर लखनऊ में लारी इंस्टिट्यूट लाया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका। हंसमुख स्वभाव और शानदार व्यक्तित्व के धनी चौधरी मूल रूप से संत कबीर नगर (पूर्व में बस्ती) जिले के सेमरियावां विकासखंड के चंगेरा मंगेरा गांव के मूल निवासी थे। लखनऊ में उनका आवास मुंशी पुलिया के पास मानस विहार में है।

### भाजपा सांसद को कांग्रेस ने दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** सैन्य कार्रवाई से पाकिस्तान को सूचित करने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर को आड़े हाथ ले रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे के पलटवार का करारा जवाब देते हुए कांग्रेस ने कहा है कि दुबे जिस समय का हवाला दे रहे हैं, तब तत्कालीन केंद्र सरकार से कांग्रेस समर्थन वापस ले चुकी थी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा सांसद जिस तथ्य को लेकर विदेश मंत्री का बचाव कर रहे हैं, उसकी उन्हें सही जानकारी नहीं है, इसलिए इस बारे में सहयोगी सांसद नीरज शेखर से ज्यादा जानकारी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने भाजपा सांसद का जवाब देते हुए लिखा- इस व्यक्ति की जानकारी दुरुस्त कर दें कि कांग्रेस पार्टी ने चंद्रशेखर सरकार से समर्थन फरवरी 1991 में ही वापस ले लिया था। दसवीं लोकसभा के चुनाव घोषित हो चुके थे। आगे की जानकारी के लिए यह अपनी पार्टी के साथी एमपी नीरज शेखर से संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि दुबे ने गांधी को संबोधित करते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था राहुल गांधी जी यह आपकी बनाई हुई सरकार के समय का समझौता है।

### कश्मीर में पर्यटन स्थलों को खोलने का किया आग्रह

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर कांग्रेस विधायक दल के नेता गुलाम अहमद मीर ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से पिछले महीने सुरक्षा कारणों से बंद पर्यटन स्थलों को तुरंत खोले जाने की दिशा में कदम उठाने का आग्रह किया है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए निमर्म आतंकवादी हमले के बाद प्राधिकारियों ने कश्मीर घाटी में लगभग 50 रिसॉर्ट और पर्यटन स्थलों को बंद करने का आदेश दिया था। इस हमले में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की मौत हो गई थी। अभूतपूर्व हिंसा के कारण सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए तथा आगंतुकों की सुरक्षा के प्रति व्यापक चिंता उत्पन्न हो गई। दूर से विधायक मीर ने पर्यटन क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के प्रयास में इन गंतव्यों को फिर से खोलने के लिए उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से मुलाकात की। मीर ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा कि कश्मीर पर्यटन को पुनर्जीवित करने की तत्काल आवश्यकता पर चर्चा करने के लिए आज जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की।

# उत्तर प्रदेश: मानसून में झमाझम बारिश के आसार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने इस साल मानसून औसत से अधिक रहने के आसार जताए हैं, जिसे देखते हुए घनी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में कैच द रेन कार्यक्रम के तहत अमृत वर्षा की बूंद-बूंद को सहेज कर भूजल स्तर में सुधार की तैयारी कर ली गई है। केरल और पश्चिमी बंगाल में हो रही मानसून की सक्रियता से यह भी पूर्वानुमान है कि इस बार यह समय से पहले या समय से आकर पूरे देश को तर करेगा। उल्लेखनीय है कि जुलाई से लेकर सितंबर तक के मानसून के सीजन में कुल बारिश के औसत का 70 से 80 फीसद प्राप्त होता है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर के पर्यावरण विभाग के अध्यक्ष रहे प्रोफेसर डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह के अनुसार



■ यूपी भी अमृत वर्षा की बूंद-बूंद को सहेज कर भूजल स्तर में सुधार को तैयार

बारिश लिहाज से भारत इंद्र देव से मिलने वाले इस प्रसाद के लिहाज से दुनियां के कई देशों से संपन्न है। यहां चार महीने के दौरान करीब 870 मिलीमीटर बारिश होती है। उत्तर प्रदेश खासकर तराई के एक बड़े इलाके में तो इससे भी अधिक। मसलन अपने देश में पानी की नहीं इसके प्रबंधन की कमी है। हाल ही में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पूरी ने भी इस बात को स्वीकार किया। उनके मुताबिक भारत में जल संकट जल संसाधनों की कमी के नहीं उपलब्ध पानी के कुप्रबंधन के कारण है। डबल इंजन की सरकार (मोदी और योगी) का फोकस इसीलिए बारिश के हर बूंद को सहेजने का है।

### जारी रहेगा आंधी-तूफान का दौर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले 48 घंटों में आंधी तूफान और वर्षा जनित हादसों में 50 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। इस बीच मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान आंधी वर्षा का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है। हालांकि मौसम का यह मिजाज 29 मई तक बना रहने के आसार हैं। विभाग के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश में 40 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज आंधी का अनुमान है। इस दौरान बिजली चमकने और वर्षा के आसार हैं। आमजनो को सलाह दी जाती है कि मेघ गर्जन और वज्रपात की दशा में पेड़ के नीचे अथवा खुले में खड़ा न हों। राहत आयुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 मई रात आठ बजे से 22 मई शाम चार बजे के बीच 21 जिलों में आंधी तूफान और बिजली गिरने की घटनाओं में 49 लोगों की अकाल मृत्यु हो गई है। इस दौरान गाजियाबाद में दो,मेरठ में चार,बुलंदशहर में तीन,औरैया में चार,कासगंज और फतेहपुर में पांच-पांच,गौतमबुद्धनगर, कानपुर नगर, एटा और कन्नौज में तीन-तीन, फिरोजाबाद और कानपुर देहात में दो-दो, अलीगढ़, हाथरस, चित्रकूट, अंबेडकरनगर,अमेठी, अयोध्या, आजमगढ़ और उन्नाव में एक एक व्यक्ति की मृत्यु की सूचना है।

# निजीकरण पर सीएम योगी करें हस्तक्षेप

लखनऊ, वार्ता



■ विद्युत कर्मचारी संयुक्त समिति ने मुख्यमंत्री से फैसला वापस लेने की मांग की

उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के प्रस्ताव का विरोध कर रहे बिजली कर्मचारियों ने इस मसले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप की मांग की है। आंदोलनरत कर्मचारियों का कहना है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम प्रबंधन की हठवादिता चरम पर है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि वे इस मामले में प्रभावी हस्तक्षेप कर निजीकरण की प्रक्रिया को निरस्त कराने की कृपा करें।

जिला अधिकारियों द्वारा बिजली कर्मी नेताओं की बुलाई गई बैठकों में बिजली कर्मियों ने उन्हें दो टूक बता दिया है कि निजीकरण पर कोई भी बात करनी है तो संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों से की जाए। आज लगातार तीसरे दिन बिजली कर्मियों ने प्रदेश भर में तीन घंटे का विरोध प्रदर्शन जारी रखा। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा है कि बिजली कर्मचारी इस भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को कोई तकलीफ नहीं होने देना चाहते। इसी दृष्टि से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारी शांतिपूर्वक ध्यान आकर्षण आंदोलन चला रहे हैं मगर प्रबंधन इस ध्यान आकर्षण आंदोलन को हड़ताल बताकर बिजली कर्मियों को डराने, धमकाने, उत्पीड़न करने, ट्रांसफर करने ,संविदा कर्मियों की बड़े पैमाने पर छटनी करने आदि जैसे उत्पीड़नात्मक कदम उठाकर ऊर्जा निगमों में अनावश्यक तौर पर अशांति का वातावरण बना रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मचारियों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरा विश्वास है। उनके नेतृत्व में बिजली कर्मचारियों ने 2017 में 41 फीसदी ए टी एंड सी हानियों को घटाकर 2024 तक 16.5 प्रतिशत कर दिया है मगर निजी घरानों से मिली भगत के चलते पावर कारपारेशन का प्रबंधन उनके सामने झूठे मनगढ़ंत आंकड़े रखकर घाटे का हवाला देकर निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है और टकराव का वातावरण बना रहा है।

# भारत में फिर लौटा कोरोना, अहमदाबाद में 20 मरीज मिले

नई दिल्ली।

■ गाजियाबाद में चार केस दिल्ली में एडवाइजरी जारी देश में अब तक 312 मामले

देश में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शुक्रवार को गुजरात के अहमदाबाद में 20, यूपी में 4, हरियाणा में 5 और बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा कोरोना पझ्ञजिटिव पाया गया है।

इस तरह देश में अब तक कोरोना के 312 एक्टिव केस हैं। 2 मौतें हो चुकी हैं। उधर, दिल्ली सरकार ने कोविड-19 को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी अस्पतालों को कहा है कि वे बेड, ऑक्सीजन, दवाइयों और वैक्सीन की पूरी व्यवस्था रखें। दिल्ली के सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि हर पॉजिटिव कोविड सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लोक नायक अस्पताल भेजा जाए। सभी संस्थानों को अपनी रिपोर्ट दिल्ली हेल्थ डेटा पोर्टल पर डेली अपलोड करनी होगी। ये एडवाइजरी ऐसे समय पर जारी की गई है जब पाकिस्तान, चीन, थाईलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। गुजरात अब तक कुल 40 मामले आ चुके, जिनमें 33 एक्टिव हैं। दिल्ली के हेल्थ मिनिस्टर पंकज सिंह ने बताया कि गुरुवार तक राजधानी में 23 केस दर्ज किए गए हैं। उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद में 4 नए मरीज सामने आए। तीन मरीज को आइसोलेशन में रखा गया है, जबकि एक अस्पताल में भर्ती है। वहीं, हरियाणा में 48 घंटे में 5 मरीज मिले हैं।

इनमें 2 महिलाएं शामिल हैं। इन सभी मरीजों की कोई इंटरनेशनल ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। इस बार संक्रमण के लिए ओमिक्रोन के नए वैरिएंट जेएन1 और उसके सब-वैरिएंट्स एलएफ7 और छठ1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि अब तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह लगे कि ये नए वैरिएंट पहले से ज्यादा खतरनाक या तेजी से फैलने वाले हैं। हालांकि, उनका मानना है कि यह लहर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अपना असर दिखा सकती है।

## भारतीय सेना की कार्रवाई में 124 से ज्यादा आतंकी ढेर: योगी

# आतंकवाद ही बनेगा पाक के अंत का कारण

अयोध्या, वार्ता



■ पाकिस्तान का आध्यात्मिक जगत से कोई नाता नहीं, जिसका अस्तित्व न हो, उसकी एक निश्चित लाइफ होती है, पाक का समय अब पूरा हो गया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के अंत की शुरुआत हो चुकी है और आतंकवाद ही उसके अंत का कारण बनेगा। उन्होंने हनुमान जी का उदाहरण देते हुए कहा कि बजरंगबली ने रावण के दरबार में यही संदेश दिया था। पाकिस्तन आतंकवाद को बढ़ावा देकर खुद को बर्बाद कर रहा है। भारतीय सेना की कार्रवाई में 124 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं। यह गलती पाकिस्तान की है, जो आतंकियों को प्रश्रय दे रहा है। ये आतंकवाद पाकिस्तान को ले डूबेगा और इसमें ज्यादा दिन नहीं बचे हैं।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का अध्यात्मिक जगत में कोई अस्तित्व नहीं है। जिसका अपना वास्तविक अस्तित्व न हो, उसकी एक निश्चित लाइफ होती है। अब पाकिस्तान का समय पूरा हो गया है। अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे के दौरान हनुमानगढ़ी में श्रीहनुमत कथा मंडपम का भव्य लोकार्पण करने के बाद योगी ने अयोध्या की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विकासात्मक प्रगति की चर्चा करते हुए सनातन धर्म की रक्षा और इसके वैश्विक प्रचार-प्रसार के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने हनुमानगढ़ी को भक्ति, शक्ति, बुद्धि और युक्ति का संगम बताते हुए इसे सनातन धर्म का एक अडिग गढ़ बताया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में अयोध्या को अव्यवस्थाओं में झोंककर इसे अपमानित करने का कार्य किया गया। वहीं 2014 और 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार में अयोध्या का विकास डबल स्पीड से हुआ है। हमें अपने मित्र और शत्रुओं की पहचान रखना जरूरी है। देश को सनातन धर्म के मार्ग में बाधा डालने वालों को चिह्नित करना होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म भारत के अस्तित्व की पहचान है और इसकी गरिमा और सम्मान के विरुद्ध हमें कुछ भी स्वीकार नहीं है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत हनुमानगढ़ी के त्रेतायुगीन टीले को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि यहां से हनुमान जी महाराज ने अयोध्या धाम की रक्षा की है। उन्होंने बाबा अभयराम दास जी महाराज को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह श्रीहनुमत कथा मंडपम बाबा अभयराम दास जी की दूरदर्शिता और वैष्णव अखाड़ों की सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक है। उनकी कृपा से आज हम इस भव्य स्वरूप को देख रहे हैं। उन्होंने हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन, पूज्य संतों और नागाओं की प्रशंसा की, जिन्होंने एक-एक पाई बचाकर इस मंडपम का निर्माण किया। योगी ने कहा कि हनुमानगढ़ी केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए योद्धा भाव का प्रतीक है। यह मंडपम आने वाली पीढ़ियों के लिए हनुमानगढ़ी के वैभव को संरक्षित रखेगा। उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ी का यह मंडपम न केवल आध्यात्मिक केंद्र बनेगा, बल्कि सत्संग और कथाओं के माध्यम से सनातन धर्म के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाएगा। उन्होंने हनुमानगढ़ी के नागाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आपका इतिहास सनातन धर्म के उस कालखंड की सेना के रूप में जाना जाता है, जब देश विधर्मियों आक्रांताओं से त्रस्त था तब अखाड़ों ने सनातन धर्म की रक्षा केलिए स्वयं को समर्पित किया था। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के विकास की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि 2014 और 2017 से पहले अयोध्या अव्यवस्था, टूटी-फूटी सड़कों, बिजली की कमी और गंदगी से जूझ रही थी। जब हम यहां आते थे, तो राम की पैड़ी का पानी सड़ता था, घाटों पर गंदगी थी और हर दूसरे दिन कर्फ्यू जैसी स्थिति रहती थी। लेकिन 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या को नया स्वरूप दिया।

### योगी ने श्रीरामलला के दरबार में टेका मत्था

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या में प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी और श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन पूजन किया। एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे योगी का रामकथा पार्क स्थित हैलीपेड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। वहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां पहुंचकर उन्होंने हनुमानजी की आरती उतारी और दर्शन पूजन किया। उसके बाद आयोजित 'श्री हनुमत कथा मण्डपम' के लोकार्पण समारोह में पहुंचे। यहां से वह श्रीरामलला के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे और भगवान श्रीराम से देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री इससे पहले 10 मई को अयोध्या पहुंचकर प्राचीन संत रविदास मंदिर के सौंदईकरण कार्य और नवनिर्मित सत्संग भवन का लोकार्पण करने पहुंचे था। मुख्यमंत्री का मई माह में यह दूसरी बार अयोध्या दौरा है। हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। वहीं मंदिर परिसर में राम मंदिर से जुड़े ट्रस्ट के सदस्यों से व्यवस्था की जानकारी ली। योगी ने रामलला के मंदिर में साष्टांग दंडवत होकर प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की। राम मंदिर में दर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिसर में ही ट्रस्ट के सदस्यों के साथ एक संक्षिप्त बैठक की। सीएम ने मंदिर के निर्माण कार्य के प्रगति और परकोटा निर्माण की जानकारी ली। मंदिर में स्थापित किए जा रहे देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी के बारे में भी जानकारी की।

## अर्थ व्यापार

# चौतरफा लिवाली के बल पर बाजार में उछाल

मुंबई, वार्ता



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इटरनल, एलटी, रिलायंस, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई और मारुति समेत 29 दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत शुक्रवार को शेयर बाजार करीब एक प्रतिशत उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 769.09 अंक अर्थात 0.95 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,721.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 243.45 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की तेजी लेकर 24853.15 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.50 प्रतिशत चढ़कर 44,861.42 अंक और स्मॉलकैप 0.45 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 51,521.42 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2357 में लिवाली जबकि 1594 में बिकवाली हुई, वहीं 155 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2947 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1731 में तेजी जबकि 1132 में गिरावट हुई, वहीं 84 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार मार्च के निचले स्तरों से 14 प्रतिशत की गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार फिलहाल नई दिशा तलाशने के संघर्ष में है। इस उतार.चढ़ाव के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब तक बाजार में तेजी को समर्थन देने वाली एफआईआई खरीददारी की रफ्तार थमती नजर आ रही है। खासकर इस महीने की 20 और 22 तारीख को हुई भारी बिकवाली यह संकेत देती है कि यदि वैश्विक माहौल प्रतिकूल रहा, तो एफआईआई फिर से आक्रामक बिकवाली की ओर बढ़ सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लचताएं बढ़ रही हैं। अमेरिका और जापान में बॉन्ड ईल्ड में तेज उछाल से वैश्विक वित्तीय स्थिरता को लेकर चिंता बढ़ी है। विशेष रूप से अमेरिका में 30. वर्षीय बॉन्ड ईल्ड 5.14 प्रतिशत और 10.वर्षीय ईल्ड 4.52 प्रतिशत तक पहुंचने से अमेरिकी कर्ज के स्तर और इसके वैश्विक असर को लेकर बाजार में बेचैनी है।

### दुनिया में बढ़ी यूपी के उत्पादों की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के निर्यात में पिछले आठ वर्षो में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है और इस दौरान निर्यात दोगुना से अधिक हो गया है। अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि वर्ष 2017-18 में जहां निर्यात 88,967.42 करोड़ रुपए था, वहीं 2023-24 में यह आंकड़ा 1,70,340.95 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इसमें प्रदेश के विविध उत्पादों की भागीदारी रही, जो दुनिया के 100 से अधिक देशों को भेजे गए। इसी के साथ उत्तर प्रदेश ने देश के शीर्ष निर्यातक राज्यों में अपनी जगह बनाई है। इतना ही नहीं योगी सरकार निर्यात को बढ़ाने के लिए नई निर्यात नीति तैयार कर रही है। एमएसएमई सचिव प्रांजल यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी के निर्यात में दोगुना का उछाल आया है।

अर्थ व्यापार

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा तीन रिंगिट की बढ़त के साथ 3825 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-52 सेंट चढ़कर 49.63 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और पिछले स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15385 रुपए, मूंगफली तेल 17802 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 14652 रुपए, पाम ऑयल 14066 रुपए और वनस्पति तेल 15677 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आईपीएल की...** क्रिकेटर ऑनलाइन एप का प्रचार कर रहे हैं और बच्चों को फंसा रहे हैं। पाल ने दावा किया कि वे उन लाखों माता-पिता की तरफ से याचिका लेकर आए हैं, जिनके बच्चे पिछले कुछ सालों में मर चुके हैं। पाल ने कहा कि सिगरेट के मामले में, पैकेट पर धूम्रपान के नुकसान दिखाती तस्वीरें थीं, लेकिन सट्टेबाजी से जुड़े एप के मामले में ऐसी कोई सावधानी नहीं बरती गई। यहां तक कि भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटरों ने भी मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान इन एप का प्रचार किया। पाल ने कहा कि तेलंगाना में 1023 से ज्यादा लोगों ने आत्महत्या की है, क्योंकि 25 बॉलीवुड और टॉलीवुड एक्टर/प्रभावशाली लोगों ने मासूमों की जिंदगी से खिलवाड़ किया है। तेलंगाना में प्रभावशाली लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, क्योंकि यह मामला मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

**हवाई यात्रा...** आदेश रक्षा मंत्रालय की सिफारिश पर जारी किया गया है। आदेश 20 मई को जारी किया गया था। जानकारी अब सामने आई है। डीजीसीए ने एयरलाइंस को निर्देश दिया है कि वे इसके लिए क्रू मेंबर्स के लिए एक एसओपी तैयार करें, ताकि क्रू बॉर्डर के पास मौजूद एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट के उड़ान भरने से पहले या लैंडिंग के दौरान पैसेंजर्स को इसकी सूचना दे सकें। आदेश में कहा गया है कि नियमों का उल्लंघन करने पर यात्रियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कई पायलटों का कहना है कि टेकऑफ और लैंडिंग के वक्त खिड़की को खुला रखना जरूरी होता है। यह एक सिक्योरिटी प्रोटोकॉल है। ऐसा इसलिए किया जाता है, ताकि बाहर खतरे का अंदाजा लगाया जा सके। जिसमें तकनीकी खराबी, पक्षी टकराने से इंजन में आग लगना शामिल है। खुली खिड़कियां इमरजेंसी में मौजूदा स्थिति को समझने में मदद करती हैं। इससे स्थिति को संभालने और उसका समाधान निकालने में मदद मिलती है। डीजीसीए ने कहा कि इमरजेंसी खिड़की खुली रखी जाएंगी डीजीसीए के एक सीनियार अधिकारी ने कहा कि चूंकि लैंडिंग के वक्त खिड़की खुला रखना जरूरी है, लिहाजा इमरजेंसी विंडो को खुला रखा जाएगा। आदेश का एक हफ्ते बाद फिर रीव्यू किया जाएगा।

**भारत-पाकिस्तान...**हैं। पाकिस्तान ने भारतीय उड़ानों के लिए अपनी हवाई क्षेत्र पाबंदी को एक और महीने तक बढ़ाने का फैसला लिया है। इस बाबत पाकिस्तान एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एक नया नोटम (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया है। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान ने शुक्रवार को भारतीय उड़ानों के लिए अपने एयरस्पेस की बंदी को 24 जून तक बढ़ा दिया है। यह कदम तब उठाया गया है, जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान खौफ में है और दोनों देशों के बीच तनाव है।

**नौ वीर सपूतों...** कुमार, सिपाही प्रदीप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक हिमायूं मुजम्मिल भट, ओईएम जीडीई-1 विजयन कुट्टी जी (सीमा सड़क संगठन) के परिजनों को प्रदान किए गए। ये पुरस्कार जुलाई 1999 में स्थापित किए गए थे और 1947 से चली आ रही लड़ाइयों में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों के परिवारों को प्रदान किए जाते रहे हैं।

### स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार के लिए मोदी सरकार का प्रयास: मल्होत्रा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कॉरपोरेट मामले तथा सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि पोषण अभियान, कुपोषण में कमी लाने तथा स्वास्थ्य, स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार लाने के लिए मोदी सरकार का एक प्रयास है। मल्होत्रा ने यहां लाभार्थियों को लगभग 300 पोषण किट वितरित करने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा पोषण अभियान को देश में कुपोषण से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान का लक्ष्य बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण देना है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बचपन में उचित पोषण विकास के लिए महत्वपूर्ण है और पोषण अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों को इष्टतम वृद्धि और विकास के लिए पर्याप्त पोषण मिले। उन्होंने कहा कि पोषण की स्थिति में सतत सुधार सुनिश्चित करने के लिए बच्चों को पोषण युक्त खाद्य उत्पाद दिए जाने चाहिए। इससे स्वस्थ पोषण युक्त आहार को बढ़ावा देने से बच्चों में एनीमिया और बौनेपन के मामलों में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि पोषण बच्चे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और बच्चों को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए पर्याप्त पोषण आवश्यक है।

### अंबेडकर प्रतिमा का विरोध जातिवादी मानसिकता का परिचायक: मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को कहा कि मध्य प्रदेश में उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ में बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना का विरोध जातिवादी सोच का परिचायक है। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- मध्य प्रदेश हाईकोर्ट खण्डपीठ ग्वालियर में अधिवक्ताओं की मांग व उन्हीं के आर्थिक सहयोग से परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति लगाने की अनुमति माननीय कोर्ट द्वारा दी गई तथा कोर्ट के निर्देशन में ही स्थान का चयन एवं चबूतरा बनाया गया व मूर्ति भी बनकर तैयार हुई किन्तु कुछ जातिवादी सोच से ग्रसित अधिवक्ताओं द्वारा मूर्ति स्थापना का विरोध किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ वक्तव्यों के बावजूद इन पर कार्रवाई नहीं की गई। बाबा साहेब के विरोधियों को यह समझना होगा कि सदियों से उपेक्षित बहुजन समाज अब अपना सम्मान पाना चाहता है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के माननीय राज्यपाल, माननीय उच्च न्यायालय तथा मुख्यमंत्री भी मूर्ति लगाने में आ रही बाधाओं को दूर करके, तत्काल उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में संविधान निर्माता, भारतरत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को सम्मानपूर्वक स्थापित कराएं, यह अनुरोध।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# किसान का गोली लगा शव मिलने सें सनसनी

## नूरनगर के रविन्द्र की हत्या या आत्महत्या में उलझी पुलिस की जांच

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव नूरनगर में सुबह सवेरे किसान का गोली लगा शव अपने ही खेत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई वही परिजनों मे कोहराम मच गया। वही उक्त मामले मे हत्या या आत्महत्या दोनों मामले मे पुलिस बारीकी सें जाँच मे जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव नूरनगर निवासी किसान 40 वर्षीय रविंद्र पुत्र सतपाल गुज्जर सुबह सवेरे अपने खेत पर गया था, तभी कुछ देर बाद वही पास मे ही काम कर रहे मजदूरों को गोली चलने की आवाज सुनाई दी तो वह मौके पर पहुचे जहा उन्हें रविंद्र लहू लूखान खालात मे पड़ा मिला मजदूर तुरंत उसके घर पहुचे और मामले की सूचना दी। घटना स्थल पर पहुचे परिजनों मे रविंद्र की हालत देखकर कोहराम मच गया।



किसान की मौत सें इलाके मे सनसनी फैल गई, सूचना मिलते ही दलबल के साथ मौके पर पहुचे थाना प्रभारी जयवीर सिंह ने पंचनामा भरकर किसान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और हत्या या आत्महत्या का बिंदु बनाकर जाँच पड़ताल शुरू कर दी।

# किसान ने अपने फार्म पर की आत्महत्या

■ पुलिस ने माना आत्महत्या, छानबीन शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम मुंडभर के जंगल में किसान के बेटे का गोली लगा शव मिला है। पुलिस ने मौके से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पुलिस का मानना है कि मामला आत्महत्या का है। मौके से पुलिस ने तमंचा, कारतूस, मोबाइल व जेब से कुछ दवाईयां बरामद की है।

भौराकलां थाना क्षेत्र के गांव मुंडभर निवासी उदयवीर सिंह 35 बीघा खेती का कास्तगार है और चालीस बीघा खेती की भूमी उसने खेती करने के लिए ले रखी है इसके अलावा उदयवीर सिंह अपने बेटे 30 वर्षीय अरूण के साथ अपने खेतों पर गांव में ही सूअर का फार्म चलाता है, जबकि 24 वर्षीय अंशुल बाहर रहकर पढाई करता है उदयवीर सिंह के दो ही बेटे थे। बीती रात उदयवीर सिंह अरूण व उनका भांजा फार्म पर सोए हुए थे।

शुक्रवार की सवेरे उदयवीर का भाई रामबीर खेतों पर काम करने के लिए पहुंचा तो अपने भतीजे अरूण का शव को खून से लथपथ देखकर वह दंग रह गया। लाश फार्म की ट्यूबवैल के पीछे पडी हुई थी और सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एक तमंचा, खोका व कारतूस बरामद किया।

पुलिस ने इस बात की गहनता से जांच की कि मृतक की जेब में मोबाइल और उसकी चपले भी पैरों में ही मिली। पुलिस का मानना है कि यह मामला आत्महत्या का ही है यदि कोई अरूण की हत्या करता तो छीना झपटी के दौरान उसकी चप्पले व मोबाइल तीतर-बीतर मिलते। फिलहाल अभी तक पुलिस यह जानने में लगी है कि आत्महत्या के पीछे क्या कारण है, क्योकि ऐसा कोई मामला सामने नहीं आ सका कि घर में गृहक्लेश हो।

मृतक की जेब से कुछ सर दर्द व अन्य बीमारी की दवाई भी मिली है। जिससे पुलिस का मानना है कि वह मानसिक रूप से परेशान था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दुर्घटना में युवक की मौत

**मसूंरपुर।** थाना क्षेत्र के गांव लच्छेडा निवासी 24 वर्षीय पींकू पुत्र बालेन्द्र बाइक द्वारा अपने गांव से मुजफ्फरनगर की ओर आ रहा था रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसको रौंद डाला। घायल को जिला अस्पताल के लिए ले जाया गया तो डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान की और इसकी जानकारी परिवार के लोगों को दी। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दी है।



पांच दिवसीय स्थापना दिवस ऑफर के लिए उमड़े ग्राहकों ने दी पराग गोयल को बधाई।

# सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप को मिली पदोन्नति

## पंकज प्रकाश राठौर को बनाया नया नगर मजिस्ट्रेट

**मुजफ्फरनगर।** तीन साल से ज्यादा समय तक सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर रहकर प्रशासनिक जिम्मेदारी निभाने वाले पीसीएस अधिकारी विकास कश्यप को शासन ने पदोन्नति देते हुए उनको गाजियाबाद में एडीएम सिटी बनाया है। उन्होंने यहां मिले प्यार को एक विशेष यादगार बताते हुए सभी का आभार जताया है। वहीं शासन ने पीसीएस अधिकारी पंकज प्रकाश राठौर को मुजफ्फरनगर का नया मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

मूल रूप से जनपद फरूर्खाबाद निवासी विकास कश्यप 2015 बैच के पीसीएस अफसर हैं। चयन होने के बाद उनको जून 2016 में सुल्तानपुर में डिप्टी कलक्टर बनाया गया था। इसके बाद साल 2017 में वो अलीगढ़ नगर निगम में सहायक नगर आयुक्त के पद पर तैनात रहे। यहां उन्होंने केवल दो माह ही काम किया। दिसम्बर 2017 में उनको जालौन में डिप्टी कलक्टर बना दिया गया। अक्टूबर 2019 में जनपद सिद्धार्थनगर किया गया। वहां करीब साढ़े तीन साल के कार्यकाल के बाद शासन ने 4 अप्रैल 2022 को उनको मुजफ्फरनगर में सिटी मजिस्ट्रेट बनाकर भेजा। यहां पर भी उनका लंबा और यादगार कार्यकाल रहा। अब उनको शासन ने प्रमोट करते हुए गाजियाबाद जनपद में एडीएम सिटी बनाया है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों की सकारात्मक विचारधारा और सहयोग के कारण ही वो इतना लंबा समय व्यतीत कर पाये। उन्होंने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी का आभार जताया है ।

# दलितों पर अत्याचार को लेकर भीम आर्मी नाराज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** भीम आर्मी जय भीम संगठन के कार्यकर्ताओं ने दलितों पर बढ़ते अत्याचारों को लेकर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया। इस प्रदर्शन के दौरान आरोप लगाया कि दलितों के उत्पीड़न के मामले में पुलिस और प्रशासन की ओर से आरोपियों के खिलाफ कोई भी गंभीर कार्यवाही नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि नई मंडी थाने में ऐसे ही दर्ज मकदमे में पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही। उन्होंने इंसाफ की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी भी दी।

जिलाध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में रूबी रानी, अजय कुमार, हिमांशु कुमार, रोहित कुमार, निकुल कुमार, नीरज, देशराज और अमित कुमार आदि कलेक्ट्रेट पहुंचे पहुंचे लोगों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी के



समक्ष धरना दिया। इस दौरान डीएम के नाम दिये ज्ञापन में संगठन की ओर से कहा गया है कि पूरे उत्तर प्रदेश के साथ ही मुजफ्फरनगर जनपद में भी दलितों पर गंभीर अत्याचार और उत्पीड़न हो रहा है। नई मंडी में दर्ज एक एससी एसटी एक्ट के मुकदमे में पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। कहा कि इसके उलट वादी को ही बार बार पुलिस थाने बुलाकर परेशान कर रही है। दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। डराया जा रहा है।

विकास कुमार ने कहा कि मंडी पुलिस यदि मुकदमा अपराध संख्या-232 सन 2025 के अंतर्गत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करती है तो संगठन आंदोलन करेगा।

### शारदेन स्कूल के छात्रों ने की पूल पार्टी में मस्ती

**मुजफ्फरनगर।** शारदेन स्कूल के छात्रों ने नई मंडी स्थित रोम्प एंड रॉल में विभिन्न एक्टिविटीज में भाग लिया एवम जानसठ रोड स्थित कबीला लग्जरियस क्लब में स्विमिंग मे खूब मस्ती की। स्कूल के प्रबंधक विश्व रतन और प्रधानाचार्य धारा रतन ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। ऐसी गतिविधियां छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ आत्म विश्वास एवं रचनात्मकता का संचार करते हैं। शिक्षिका मेघा, प्रियंका, आंचल, रीना, आकांक्षा, नंदिनी के मार्गदर्शन में कक्षा-1 एवं 2 के बच्चों ने पूल में नहाकर मस्ती की।

# श्री रामकुमार ज्वेलर्स ने मनाया स्थापना दिवस

## द्वितीय स्थापना दिवस पर ग्राहकों के लिए विशेष उपहार योजना

■ एक लाख की गोल्ड ज्वेलरी पर 100 एमएम का फ्री गोल्ड कॉइन

**मुजफ्फरनगर।** श्री रामकुमार ज्वैलर्स, नई मंडी ने अपने द्वितीया स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राहकों के लिए एक विशेष उपहार योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत, 21 मई से 25 मई 2025 तक, 1,00,000/- या उससे अधिक की खरीदारी पर एक गोल्ड कॉइन (100 मिलीग्राम) बिल्कुल मुफ्त दिया जाएगा।

### ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की

इस ऑफर को लेकर ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की है। पहले ही दिन से ग्राहकों ने बडी संख्या में शोरूम पधारकर न केवल आभूषणों की खरीदारी की बल्कि इस उत्सव को श्री रामकुमार ज्वैलर्स के साथ प्रेमपूर्वक और सक्रिय रूप से साझा किया।

### डायरेक्टर श्री पराग गोयल ने जताया आभार

डायरेक्टर श्री पराग गोयल ने ग्राहकों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके लिए ग्राहक केवल ग्राहक नहीं बल्कि श्री रामकुमार ज्वैलर्स परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि उनकी टीम हर दिन यह प्रयास करती है कि उनके ग्राहक परिवार को ऐसा अनुभव मिले जो जीवनभर के लिए खास और मंगलमय बन जाए।

### श्री रामकुमार ज्वैलर्स की विशेषता

श्री रामकुमार ज्वैलर्स, नई मंडी में उच्च गुणवत्ता वाले आभूषण प्रस्तुत किए जाते हैं जिनमें बेहतरीन डिजाइन और उच्चतम फिनिशिंग होती है। यह आभूषण आम बाजार से अलग और अधिक मूल्यवान होते हैं।

### ग्राहकों को जानकारी

श्री रामकुमार ज्वैलर्स, नई मंडी 54 बी, वकील रोड, नई मंडी, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश आज श्री रामकुमार ज्वैलर्स, नई मंडी सिर्फ एक नाम नहीं, एक विश्वास बन चुका है जहाँ हर ग्राहक को सम्मान, हर रिश्ते को मूल्य और हर अनुभव को गरिमा मिलती है।

# डिस्टलरी कर्मचारियों ने एडीएम कार्यालय में दिया धरना

■ भाजपा नेता राजू अहलावत ने दिखाए पुराने तेवर

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर स्थित डिस्टलरी प्रबंध तंत्र की उपेक्षा का दंश झेल रहे कार्यरत कर्मचारियों का दो वर्षों से वेतन न मिलने पर मजबूरी में शुक्रवार को सब्र का बांध टूट पडा कर्मचारियों द्वारा बार-बार मेहनत की कमाई मांगने पर जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तो वह भाजपा नेता राजू अहलावत के साथ जिला मुख्यालय पहुंचे और अपर जिलाधिकारी प्रशासन के कार्यालय के अंदर ही धरने पर बैठ गए।जानकारी के अनुसार डिस्टलरी कर्मचारियों व प्रबंध तंत्र के बीच वेतन को लेकर विवाद चला आ रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि वे पिछले दो वर्षों से डिस्टलरी में काम कर रहे हैं लेकिन पिछले काफी समय से वेतन



नहीं मिला। कई बार वेतन मांगने और विनती करने के बाद भी जब भुगतान नहीं किया गया, तो उन्होंने न्याय के लिए राजनीतिक और प्रशासनिक दरवाजे खटखटाने का निर्णय लिया। शुक्रवार सुबह भाजपा नेता राजू अहलावत पीडित कर्मचारियों को लेकर एडीएम प्रशासन के कार्यालय पर धरना देकर बैठ गये। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द पीडित कर्मचारियों को अका बकाया वेतन नहीं दिलवाया गया, तो वे आमरण अनशन करने को भी मजबूर होंगे। इस दौरान एडीएम प्रशासन संजय सिंह ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कार्यकर्ता उचित कार्रवाई की जाएगी।



मुजफ्फरनगर: पूल पार्टी में मस्ती करते छोटे बच्चें।

# तस्कर से लाखों रुपये सहित 80 लाख का डोडा बरामद

■ पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल, दूसरे की तलाश

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त टीम ने एक कार्यवाही के दौरान अन्तर राजीय मादक पदार्थ का तस्कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से लाखों का डोडा और करीब दस लाख से अधिक की नगदी बरामद की है। पुलिस का कहना है कि कुल मिलाकर सामान सहित 80 लाख रूपये बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी का एक साथी फरार होना बताया है और उसके कब्जे से इलेक्ट्रॉनिक कांटा और अन्य सामान बरामद होना बताया है।



पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने चैकिंग के दौरान मिली सूचना के बाद कार्यवाही करते हुए धमात नहर पुल के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। सूचना मिली थी कि कुछ लोग अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे है जिसके बाद एसओजी टीम व पुरकाजी पुलिस ने अपना जाल बिछाया और इस दौरान जय देव उर्फ सोनू पुत्र बलवीर गुर्जर निवासी ग्राम सालवन थाना हसन जनपद करनाल को गिरफ्तार किया जबकि उसका साथी बबली पुत्र बलवीर गुर्जर को फरार होना बताया है। एसएसपी ने बताया कि पकडे गए आरोपी के कब्जे से करीब दस लाख की नगदी और लाखों का डोडा बरामद किया है।

उन्होने यह भी बताया कि आरोपी का एक ओर साथी फरार हुआ है जिसका नाम पता गिरफ्तारी आरोपी नहीं जानता। एसएसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान जयदेव उर्फ सोने पुलिस को बताया कि वह और बबली रात्रि के समय डोडा लेकर आए थे और उसको नहर के किनारे जंगल में छिपा दिया था क्योकि उक्त डोडे को वह बेच चुके थे। एसएसपी ने यह भी जानकारी दी कि पकडे गए आरोपी अपने गैंग के साथ मिलकर मादक पदार्थ की तस्करी करते है और फरार आरो. पियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### एसएसपी ने ली परेड की सलामी

**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार की सवेरे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली। परेड में समस्त पुलिसकर्मियों द्वारा शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने और ग्राउंड में दौड लगाई गई। इसी के साथ टोली वार पुलिस कर्मियों का ट्रन आउट चैक किया गया और शस्त्रों के संचालन व उचित रख रखाव का अभ्यास कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उन्होने पुलिसकर्मियों से खाने-पीने की व्यवस्था चैक की। रोटी और सब्जी को चैक किया गया इसी के साथ सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। एसएसपी ने बैरिको का निरीक्षण कर सभी का हाल जाना। इस दौरान परिवहन शाखा का निरीक्षण किया गया तथा रजिस्ट्ररों का अवलोकन किया गया।

उन्होने पुलिसकर्मियों को धूप से बचने के लिए कैम्प भी वितरित किए।

# तीन दिवसीय प्रदर्शनी 'इमेजिनेशन स्टेशन' का समापन





**मुजफ्फरनगर।** डी.ए.वी. कॉलेज के बीएफए विभाग में वार्षिक प्रदर्शनी इमैजिनेशन स्टेशन के नाम से तीन दिवसीय प्रदर्शनी का गुरुवार को समापन हो गया। प्रदर्शनी का आयोजन 20 मई 2025 से 22 मई 2025 तक किया गया। प्रदर्शनी के समापन अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति सचिव डॉ. एम.के. बंसल, प्राचार्या प्रो. गरिमा जैन एवं स्ववित्त पोषित प्रभारी डॉ. राहुल शर्मा के तत्वावधान में हुआ।

प्रदर्शनी में महाविद्यालय के लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने कैनवास पेंटिंग, लाइन आर्ट, रेजिन आर्ट, पोस्टर डिजाइन, प्रेस ले आउट, 3 डी पेंटिंग, मिनी आर्ट, मंडाला आर्ट, मोजाइक आर्ट, वरली आर्ट, विभिन्न प्रकार के ज्वैलरी डिजाइन, स्क्रीन पेंटिंग, वेस्ट न्यूज पेपर द्वारा बनाई गई पोशाक, डिजीटल डिजाइन इत्यादि का आकर्षक प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शनी के समापन अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. गरिमा जैन व स्ववित्त पोषित प्रभारी डॉ. राहुल शर्मा ने छात्र-छात्राओं को शुभाशीष प्रदान किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समापन अवसर पर बीएफए विभाग की विभागाध्यक्षा कनीज हुसैन, सैय्यद फरहीन, श्रीमती इंदु काकरान, श्रीमती ऋतु मित्तल, श्रीमती शुभा मांगलिक, श्रीमती विशालनी, मो. हित बंसल, सुशील कुमार, डॉ. अंशू बंसल, तुषार शर्मा आदि मौजूद रहे।

### डीजीपी के आदेश पर एचएस का सत्यापन

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन अभियान चला रखा है। अब तक भागदौड़ में पता चला कि इस हिस्ट्रीशीटर मर चुके है और 70 जेल में है। अब बाकी की कुण्डली खंगाली जा रही है। पुलिस बाहर रहने वाले हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ कार्यवाही करने के मुंड में है।

डीजीपी के निर्देशन पर एसएसपी के आदेशानुसार जनपद में करीब पखवाडे का हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन का अभियान चलाया जा रहा है।

जनपद मुजफ्फरनगर में हिस्ट्रीशीटरों की संख्या 943 बताई गई है। अभियान के तहत जनपद पुलिस अब तक 413 एचएस का सत्यापन कर चुकी है अभियान के दौरान जब हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन किया गया तो इसमें से इस एचएस मृतक पाए गए है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उनकी पुलिस हिस्ट्रीशीटरों की घर जाकर सत्यापन कर रही है। और इसी दौरान उन्हे दस लोगों के मरने की खबर मिली है जबकि 70 लोग जेल में बंद है। कुछ लोगों की जमानत हो चुकी है अब पुलिस बाहर रहने वाल बाकी हिस्ट्रीशीटरों की तलाश में लगी हुई है।

डॉ मोहसिन अली
एमबीबीएस एमडी (जनरल मेडिसिन)
फैलोशिप इन डायबिटीज
शुगर बीपी थायराइड एवं बुखार रोग विशेषज्ञ
दीवान हॉस्पिटल एवं यूरोलॉजी सेंटर
सूजरू चुंगी मुजफ्फरनगर यू पी
रविवार और मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए पहले फोन पर नाम लिखवाएं
7906187190
9897011086

# दो मासूम बच्चों से अप्राकृतिक कुकर्म का प्रयास

## पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश में दी दबिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक कामांध व्यक्ति अल्पसंख्यक समुदाय के 2 मासूम बच्चों को अप्रकातिक कुकर्म करने के इरादे से टयूबवैल पर ले गया। तब मौहल्ले के ही किसी युवक के द्वारा परिजनों को पता लग गया तो वे मौके पर पहुंचे तो आरोपी दोनों बच्चों के परिजनों को आया देख मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। आरोपी इस तरह की हरकतें पहले भी कर चुका है।

पीडित परिवार ने बुढ़ाना पुलिस को तहरीर दी तो पुलिस ने आरोपी के घर पर दबिश दी लेकिन वो पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा सका फरार हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के बडकता रोड निवासी अल्पसंख्यक समुदाय के दो बच्चे जिनकी उम्र लगभग 6-7 साल है वे बीती बृहस्पतिवार के दिन अपने घर के बाहर खेल रहे थे। तब उनके पास इसी मौहल्ले का निवासी एक चर्चित कामान्ध व्यक्ति नितिन कुमार आया और मौका पाकर उनको बहला फुसलाकर इसी रोड पर स्थित एक किसान की टयूबवैल पर ले गया और उनसे छेड़छाड़ करने लगा। उधर किसी युवक ने दोनों बच्चों के साथ नितिन को जंगल की और जाते देखा तो उसे किसी अनहोनी की आशंका हुई और उसने बच्चों की पहचान कर उनके परिजनों को बताया तो परिजन भागते दौडतै मौके पर पहुंचे तो कामांध युवक दोनों बच्चों को छोड़कर फरार हो गया था।

प्रत्यशदशियो के अनुसार दोनो बच्चे नग्नावस्था में थे और आरोपी ने विरोध करने पर उनको पीटा भी हुआ था। इस घटना की सूचना परि. जनों ने उसी समय बुढाना पुलिस को दी तो पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी की तलाश में दबिश दी लेकिनघ आरोपी पुलिस के हत्थे नही चढ़ सका। इस मामले को लेकर तरह तरह की चर्चाएं थी कोई कह रहा था कि बच्चों के साथ अप्राकृतिक कुकर्म हुआ है तो कोई कह रहा था कि प्रयास हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी थी। बुढ़ाना पुलिस ने वैसे अभी दोनों बच्चों का मेडिकल नहीं कराया है। जिसको लेकर परिजनों और मौहल्ले के लोगों में भारी रोष बताया गया है। दूसरी और मौहल्ले के लोगों के अनुसार उक्त आरोपी नितिन पहले भी एक बच्चे के साथ अप्राकृतिक कुकर्म करने के आरोप में जेल में जा चुका है जो अब जमानत पर आकर फिर से बच्चों की तलाश में लग गया है।

# बासमती धान की खुशबू से महकेगा मुजफ्फरनगर: जिलाधिकारी

**मुजफ्फरनगर।** विकास भवन सभागार में बासमती धान-बायर-सेलर मीट का आयोजन जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में एपीडा से डॉ रितेश शर्मा, संयुक्त निदेशक बासमती निर्यात विकास प्रतिष्ठान मेरठ और निर्यातकों ने भाग लिया।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि मुजफ्फरनगर की मिट्टी और जलवायु बासमती धान उत्पादन के लिए देश में सबसे अच्छी है। उन्होंने कृषकों से अनुरोध किया कि वे बाजार की मांग के अनुसार खेती करें और यूरोप, अमेरिका एवं पश्चिम एशियाई देशों में निर्यात योग्य बासमती प्रजातियों का उत्पादन करें। डॉ रितेश शर्मा ने बताया कि बासमती धान उत्पादन में विभिन्न चरणों में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गत वर्ष मार्च तक 6 मिलियन टन बासमती चावल का निर्यात किया गया जिससे लगभग 5390 मिलियन अमेरिकी डॉलर विदेशी मुद्रा की प्राप्ति हुई। कार्यक्रम में लगभग 110 कृषकों ने भाग लिया, जिनमें सतेन्द्र सिंह, राकेश कुमार, अरविन्द मलिक और तैमूर अली शामिल थे।

कृषकों ने बासमती धान की खेती और निर्यात के बारे में जानकारी प्राप्त की और अपनी समस्याओं को साझा किया। जिलाधिकारी ने बीज की गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कृषकों को उच्च गुणवत्ता युक्त बीज उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने ब्लॉकवार कैम्प लगाकर कम



से कम प्रति विकास खण्ड 10 कृषकों को गुणवत्ता युक्त बासमती धान उगाने के लिए चयन करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने युवाओं को कृषि में अपने रोजगार प्राप्त करने के लिए आवाहन किया। उन्होंने बताया कि युवाओं को 25 लाख तक के लोन 25 प्रतिशत सब्सिडी पर प्राप्त हो रहे हैं। युवा कृषक बासमती चावल की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग क्षेत्र में कार्य कर सकते हैं।

# कलेक्ट्रेट में जारी रही पूरण सिंह की भूख हड़ताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भ्रष्टाचार और किसानों की समस्याओं को लेकर लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे भारतीय किसान मजदूर संगठन ने गुरुवार को प्रशासन की अनदेखी के विरोध में आंदोलन को तेज कर दिया। कलक्ट्रेट परिसर में आयोजित महाप. ंचायत के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ता. पुरण सिंह ने आरपार की लड़ाई का ऐलान करते हुए गुरूवार को भूख हड़ताल शुरू कर दी थी, जो शुक्रवार को भी जारी रही।

जनपद भर से आए सैकड़ों किसानों की मौजूदगी में ता पूरण सिंह ने दो टूक कहा कि जब तक किसानों की मांगों पर ठोस कार्रवई नहीं होती, तब तक वह अन्न का एक दाना भी ग्रहण नहीं करेंगे। उन्होंने प्रशासन पर किसानों की अनदेखी औरभ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने चकबंदी विभाग में अनियमितताओं व लंबित प्रकरणों को लेकर कार्यवाही की मांग की। इसके अलावा विद्युत विभाग में एल एंड टी कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्यों में भारी भ्रष्टाचार व आरडीएस पोजना में हुए कार्यों को निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने मांग करी कि आवारा गौवंश की देखभाल करने वाले किसानों को 300 रूपये प्रतिदिन भुगतान किया जाये। भैंसाना शुगर मिल पर किसानों का बकाया भुगतान उत्काल दिलाया जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़कों की गुणवत्ता की जांच कराने की भी मांग रखी। धरने पर राजकुमार सिंह, अन्नू मलिक राष्ट्रीय सचिव कृष्णपाल सिंह, ललित राणा, जिलाध्यक्ष बिल्लू राणा, नौबहार, अजब सिंह, कालूराम, देवराज पुण्डीर, भूपेन्द्र सिंह, विक्रम सिंह, अंकित, यशपाल प्रधान, अभिषेक कुमार समेत अनेक किसान नेताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ठा. पूरण सिंह ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही किसानों की मांगों पर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह आंदोलन उग्र रूप धारण करेगा।

# सीखना और अवलोकन पर हुई प्रस्तुति प्रतियोगिता

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रबंधन विभाग (एमबीए) में ''सीखना और अवलोकन पर प्रस्तुति प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ द्वीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर डॉ एस एन चौहान निदेशक, श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज एकीख्रत परिसर, पंकज कुमार विभागाध्यक्ष प्रबन्धन संकाय उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में एमबीए के छात्र/छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। जिसमें विद्यार्थियों ने किताबी ज्ञान ओर प्रयोगशाला ज्ञान के विषय में जानकारी साझा की। छात्र व छात्राओं ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से यह बताया कि औद्योगिक भ्रमण कैरियर की उन्नति में विशेष योगदान करते है, नेतृत्व विकास को बढावा देते है। प्रस्तुति में स्पष्ट ओर तार्किक बिंदुओं पर विचार किया गया।

इस आधार पर प्रथम स्थान पर अमरदीप सिंह चिकारा द्वितीय स्थान पर अंशिका त्यागी व तृतीय स्थान पर नितिन चतुर्वेदी रहे। साथ ही कनक, राधिका गर्ग, अंशुल, हिमांशी, सक्षम, देववृत्त मलिक, दिशा त्यागी की प्रस्तुति भी सराहनीय रही।इस अवसर पर निद. ेशक, श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज एकीख्रत परिसर डा एसएन चौहान ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से विद्यार्थियों का मनोबल बढता है और विद्यार्थी को औद्योगो के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है।इस




प्रतिस्पर्धा के माध्यम से विद्यार्थियों ने बहुत कुछ सीखा, ओर अपने विश्लेषणात्मक, रचनात्मक संचार ओर आत्मविश्वास कौशल को विकसित किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज प्रबन्धन विभाग की डॉ0 निवेदिता चतुर्वेदी इवेन्ट कॉर्डिनेटर, हिमांशु वर्मा, डॉ चित्रा श्रीवास्तव, राजीव रावल का विशेष योगदान रहा।

## मारपीट में पांच गिरफ्तार

**मोरना।** मोरना निवासी जाफिर ने गुरुवार को मुकदमा दर्ज कराया था कि पड़ोस की महिला खजाना अकारण ही उसे गाली गलौज कर रही थी तथा जूते मारने की धमकी दे रही थी, जिसका उसकी बेटी महराना ने विरोध किया तो आरोप है कि खजाना, नौबहार, आलम, साहिल, ईसलाम, दिलजाना, गुड्ढों घर में घुस आए और मेरी लडकी महराना, शबनूर, नाजिया व विकलांग बेटे सोएब के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी तथा नौबहार ने महराना का बांया कान अपने मुंह से काट दिया, जिससे उसके कान से सोने की बाली भी निकल गई। शोर शराबा सुनकर आए लोगों ने उसकी बेटी को बचाया। आरोपितों ने आइंदा मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी भी दी।भोपा कोतवाल ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी आलम, साहिल, ईसलाम, दिलजाना व खजाना को गिरफ्तार कर लिया।

## बेलडा में युवक पर हमला कर किया घायल

**भोपा।** क्षेत्र के गांव बेलड़ा निवासी उदयवीर उर्फ टीटू ने दी तहरीर में बताया कि वह अनुसूचित जाति से है। गुरुवार शाम उसका लड़का आनन्द व गांव का ही रोहित के साथ गांव में ही शिवम से मिलने के लिए उसके घर जा रहे थे कि जैसे ही वह दोनों अंकित की दुकान के पास पहुंचे तो तभी गांव के तीन युवकों ने दो अन्य साथियों के साथ धारदार हथियार चाकू व लोहे की राड व लाठी डंडे व पंच आदि लेकर वहां आए और आनन्द के साथ गाली गलौज करके मारपीट करनी शुरू कर दी जिससे आनन्द के शरीर में चोट भी आई है। शोर शराबा सुनकर आए शिवम व अन्य ग्रामीणों ने आनन्द को बचाया। आरोपित आइंदा मौका मिलने पर बेटे को जान से मारने की धमकी भी देकर गए है। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी।

# समाजसेवी शिक्षक राजपाल सिंह सहरावत को किया याद

**बुढ़ाना।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के गांव बिटावदा में शुक्रवार के दिन समाजसेवी स्वर्गीय मास्टर राजपाल सिंह सहरावत की 9वीं पुण्यतिथि पर हुए कार्यक्रम में गोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें सहरावत खाप के साथ अन्य खापों के चौधरियों व समाजसेवियों ने पहुंचकर समाज के प्रति उनके योगदान को याद कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गांव बिटावदा में आयोजित स्वर्गीय मास्टर राजपाल सिंह सहरावत की 9वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम में पहुंचे भाकियू अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक, गठवाला खाप से राजेन्द्र मलिक, दलाल खाप के चौधरी व राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष मनीष चौधरी दलाल, जवाला खाप के अंकित जवाला चौधरी, बत्तीसा खाप से नरेश कुमार सहित राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली व उत्तराखंड से सामाजिक कार्यकर्ता और खाप प्रतिनिधियों ने स्वर्गीय मास्टर राजपाल सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किये। श्रद्धांजलि के बाद अंगद शेरावत का सब अतिथियों ने केक काटकर प्रथम जन्मदिन मनाया। प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने कहा कि आज जिस प्रकार से जाति व धर्म को लेकर लड़ाई चल रही है उसमें इस तरह के सामाजिक कार्यक्रमों में सभी का जुड़ाव ही हमें सामाजिक एकजुटता के लिए प्रेरित करता है। सहरावत खाप के राष्ट्रीय संयोजक व प्रदेश अध्यक्ष संजीव सहरावत ने कहा कि आज स्वर्गीय मास्टर राजपाल सिंह सहरावत की 9वीं पुण्यतिथि पर युवाओं को नशा मुक्त बनाने के लिए कार्यक्रम में एक मुहिम नशा मुक्त युवा खुशहाल भारत को छेड़ा गया है। इसमें सहरावत खाप के साथ अन्य खापों ने भी समर्थन कर सहयोग का वादा किया। युवाओं को नशाखोरी से दूर रखते हुए सामा. जिक व राष्ट्र के प्रति योगदान के लिए सहरावत खाप लगातार प्रयासों में रहेगी। दिल्ली प्रदेश के प्रधान ने कहा कि आज यहां पर सब खापों के सरदारें ने अपनी हाजिरी देकर सामाजिक एकता का बड़ा संदेश दिया है। युवा की समाज के प्रति गंभीर जिम्मेदारी है वो इसे समझे और सहयोगी बने यही बुजुर्गों का प्रयास है। यहां चौधरी मूलचंद, चंद्रवीर मास्टर, जितेंद्र शेरावत, रामकुमार शेरावत, चौधरी सतवीर सहरावत, सूरजभान, चन्द्रभान, निरंजन सहरावत, वजीर सिंह सहरावत, चौधरी मुख्तियार सहरावत, रामबीर नम्बरदार, चौधरी सीताराम, जीतराम, बलराम, चौधरी सूरजमल, धर्मवीर सिंह, चौधरी जगदीश दादरी, राम स्नेही, धर्मवीर सहरावत, बलबीर सिंह, रामनिवास, कृष्ण देव राठी, नरेन्द्र पहलवान, सुधीर कुमार पंवार, पूर्व प्रधानाचार्य महक सिंह राठी, सुनील उर्फ शीलू मलिक, अंगद सहरावत व प्रवीन मलिक सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

## वार्ड ब्वाय का वेतन रोका

**बुढ़ाना।** शुक्रवार को सीएमओ डॉक्टर सुनील तेवतिया द्वारा तीन साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों जिनमें साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढी नौआबाद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिसौली के साथ ही नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदपुर राय सिंह का औचक निरीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढी नौआबाद पर अनुपस्थित मिले वार्ड बॉय का वेतन रो. कने के निर्देश देकर स्पष्टीकरण मांगा गया।



बुढाना: श्रद्धांजलि देते खाप चौधरी व समाजसेवी।

# प्राइमरी विंग में समर कैंप का आयोजन

■ समर कैंप में बच्चों ने की खूब मस्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर की प्राइमरी विंग में दस दिवसीय समर कैंप में बच्चों ने जमकर मस्ती की। विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई।

प्रबंध समिति अध्यक्ष ललित महेश्वरी ने कहा कि इस तरह के कैंप से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।

प्रबंधक देवेंद्र कुमार गर्ग ने बताया कि इस प्रकार के समर कैंप बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता का संचार करते हैं। इसलिए कैंप में बच्चों के लिए शैक्षणिक, शारीरिक व रचनात्मक गतिविधियों को शामिल किया गया है। प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश कुमार शर्मा ने बताया कि समर कैंप में बच्चों के लिए योगा, आर्ट एंड क्राफ्ट, कैलीग्राफी, अबेकस जुंबा,



वैदिक मंत्र, कम्युनिकेशन स्किल, थंब पेंटिंग, क्लासिकल डांस, गेम्स एक्टिविटी आदि की व्यवस्था की गई है।

बच्चे सभी एक्टिविटी में बड़े जोश के साथ प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार को समर कैंप में गणित प्रवक्ता प्रमोद शर्मा के सौजन्य से बच्चों को रियल फूट जूस के पैकेट वितरित कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर प्राइमरी विंग की कोर्डिनेटर पूनम शर्मा, शोभना कौशिक, मुस्कान, कविता, तनु, मानसी पांडे, गोदावरी के अतिरिक्त सुनील त्यागी, प्रमोद शर्मा एवं एकांश मित्तल आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स बॉक्सिंग खेल में पदक विजेता खिलाड़ी को किया सम्मानित



**मुजफ्फरनगर।** 10 से 15 मई 2025 तक पटना बिहार में आयोजित हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स में ग्राम वहलना तहसील सदर मुजफ्फरनगर के निवासी विश्वजीत चौधरी ने बॉक्सिंग खेल में 91 प्लस किलोग्राम में रजत पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया अवसर पर जिलाधिकारी ने विश्वजीत को माल्यार्पण कर पदक पहनकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं भविष्य के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र सिंह सर प्रभारी जिला खेल अधिकारी भूपेंद्र सिंह बॉक्सिंग प्रशिक्षक गौरव सांगवान एवं सत्येंद्र उपस्थित रहे।

# धर्म और न्याय की संवाहक थीं अहिल्याबाई होलकर : कपिल देव

**मोरना।** राजमाता अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी जयंती कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक तीर्थ गंगा घाट पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शुकदेव आश्रम के अधीष्ठा स्वामी ओमानन्द महाराज सहित कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल , जिला पंचायत अध्यक्ष डा वीरपाल निर्वाल ,जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी सहित प्रशासनिक अधिकारियों व अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया इसके बाद राजमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया गया तथा उनके राजनैतिक ,धार्मिक एवं सामाजिक योगदान को स्मरण किया गया ।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में गंगा घाट पर महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें अनेक संतों ,श्रद्धालुओं एवं भारतीय जनता पाटह्र के कार्यकर्ताओं ,गंगा सेवा समिति के सदस्यों ने भाग लिया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने समाज और राष्ट्र के लिए अविस्मरणीय योगदान किया है उन्होंने धर्म एवं न्याय के लिए कार्य किया ।उनका सामाजिक समरसता



का सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है ।जिला पंचायत अध्यक्ष डा निर्वाल ने कहा कि मालवा क्षेत्र के अतिरिक्त पूरे देश में अहिल्याबाई होलकर जी ने मन्दिरों के निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य किया है ।

जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए राजमाता के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लेने को कहा। कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र शर्मा ने किया । इस अवसर पर महामंडलेश्वर गोपाल दास जी महाराज ,पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा प्रसाद मिश्र,जिलाधिकारी उमेश मिश्रा,अपर जिलाधिकारी वित्त गजेंद्र सिंह,गंगा सेवा समिति के सचिव डॉ. महकार सिंह , क्षेत्रीय मंत्री किसान मोर्चा अमित राठी ,जिला संयोजक सा .प्रकोष्ठ रामकुमार शर्मा, उपजिलाधिकारी जयेंन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार बृजेश सिंह, विपिन कुमार,अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय सागर, साध्वी पूजा,ओमदत्त आर्य भाजपा नेता अंचित मित्तल समाजसेवी विनोद शर्मा ,मंडल अध्यक्ष अरुण पाल, जिला गंगा समिति हर्ष बालियान, अजय कृष्ण शास्त्री, सुरेंद्र सिंह, देवेंद्र आर्य,ग्राम प्रधान राजपाल सैनी, क्षेत्राधिकारी डॉ. रवि शंकर मिश्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह,तारा सिंह चौहान,शुकदेव विद्यालय के छात्र ,महेश शर्मा अशोक चौहान आदि उपस्थित रहे ।

# सद्भावना सम्मेलन में सांप्रदायिक सौहार्द बढ़ाने पर दिया बल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के सभागार में बीती बृहस्पतिवार की देर शाम हिंदू मुस्लिम एकता का एक कार्यक्रम शानदार तरीके से आयोजित किया गया। प्रोग्राम मुख्य अतिथि डीसीडीएफ के पूर्व चौयरमेन सुबोध त्यागी की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य वक्ता वहाबुद्दीन मुरादाबादी ने कहा कि हम सब एक ही माता-पिता की संतान हैं और हमें उसी तरह मिल-जुलकर अपने देश में रहना है जैसे हम वर्षो से रहते आए हैं। हमारे सभी पूर्वजों ने बिना हिंदू-मुस्लिम का भेद किए इस देश को आज़ादी दिलाई है। हम सभी उन्हीं की संतान हैं जिन्होंने इस देश की आज़ादी के लिए कुर्बानियां दी हैं। हम अपने देश को टूटता हुआ नहीं देख सकते और न ही नफ़रत को पनपने देंगे। मुख्य अतिथि सुबोध त्यागी ने कहा कि हिंदू मुस्लिम टूट कुछ राजनैतिक दलों की चालबाज़ियां हैं। हमें इनसे सावधान रहना होगा। कोई भी हमें कभी भी




एक-दूसरे से अलग नहीं कर सकता। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आसिफ कुरैशी ने कहा कि इस तरह के सद्भावना सम्मेलनघ समय समय पर होते रहने चाहिएं क्योंकि इन आयोजनों के बहानों से ही एक दूसरे के साथ बैठने का मौका मिलता है और सांप्रदायिक सौहार्द मजबूत होता है। हमें एक दूसरे के आयोजनों में शामिल होना चाहिए। जमियत नगराध्यक्ष मुफ्ती आस मोहम्मद क़ासमी ने कहा कि हम सब एक ही मां-बाप की संतान हैं। अल्लाह ने कहा है कि हमने तुम्हें एक पुरुष और एक स्त्री से पैदा किया।

इस मौके पर नगर के हिंदू-मुस्लिम परिवारों के ज़िम्मेदार लोगों ने बहुत अच्छी बातें कहीं। यहां बड़ी संख्या में हिंदू-मुस्लिम परिवारों के ज़िम्मेदार लोग मौजूद रहे। जमाते इसलामी हिंद के बैनर तले हुए इस प्रोग्राम में शाहनवाज़ गोरी, समीर सलमानी, काजी अकलीम, अनवार गोरी, जमियत के महासचिव हाफिज अय्यूब त्यागी, हाफिज निजामुद्दीन व अब्दुल गफ्फार सेफी मौजूद रहे।

# माउंट लिट्रा में हुआ दो दिवसीय क्षमतावर्धन कार्यक्रम

**मुज़फ्फरनगर।** 22 व 23 अप्रैल 2025 को माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तत्वावधान में Physics विषय पर दो दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यक्रम (Capacity Building Programme) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद एवं आसपास के कुल 29 स्कूलों के शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की।कार्यक्रम में डा. आदर्श त्यागी एवं हर्ष वर्धन ने Resource Person के रूप में सहभागिता करते हुए भौतिकी विषय को प्रभावी ढंग से पढ़ाने के नवीनतम तरीकों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने शिक्षकों को शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने हेतु महत्वपूर्ण टिप्स व रणनीतियाँ साझा कीं।

विद्यालय की निर्देशिका चारु भारद्वाज ने कार्यक्रम की महत्ता पर



प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों को संबोधित किया और मुख्य वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रमों को शिक्षकों के सतत विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों की शैक्षिक दक्षता को उन्नत करना तथा कक्षा शिक्षण में नवीनतम तकनीकों का समावेश सुनिश्चित करना था। प्रतिभागियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह एक ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक अनुभव रहा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री ईल्म ए जेहरा मैराज अली ने मेरे व मेरे परिवार वालो के खिलाफ जाकर अपनी मर्जी से मौहल्ले पडोस के ही लडके मौ. सोयब अली पुत्र मौ. कौसर अली निवासी बघरा जिला मुजफ्फरनगर के साथ दिनांक 17.05.2025 को निकाह कर लिया है। निकाह होने के पश्चायत से मेरी पुत्री व इसके पति से मेरा व मेरे परिवार वालो का किसी भी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं रहा है ना ही भविष्य में रहेगा। अर्थात मैने अपनी पुत्री व उसके पति से सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। मैं यह सार्वजनिक सूचना स्वयं प्रकाशित करा रही हूं। क्योकि मेरे पति का विगत वर्षो से मानसिक सन्तुलन ठीक नहीं है।

**श्रीमति साबरा मैराज अली**
**पत्नी श्री मैराजअली**
**निवासी-ग्राम बघरा,**
**थाना-तितावी, तहसील-सदर,**
**जिला-मुजफ्फरनगर।**

# खतौली में फलावदा और सफेदा मार्ग पर चला एमडीए का बुलडोजर

## अवैध प्लॉटिंग पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को खतौली के फलावदा मार्ग और सफेदा मार्ग पर अवैध रूप से हो रही प्लॉटिंग पर बड़ी कार्रवाई की। एमडीए की टीम ने निर्माणाधीन कई मकानों को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल की भी तैनाती रही।

अभियान की अगुवाई एक्सईएन विनीत अग्रवाल ने की, जबकि जेई जयकरण और भरतपाल भी मौके पर मौजूद रहे। बताया गया कि यह प्लॉटिंग बिना किसी स्वीकृति और नक्शे के की जा रही थी।

एमडीए ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से अवैध निर्माण को जमींदोज कर दिया। अवैध कॉलोनियों की बढ़ती संख्या के चलते लगातार हो रही शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई।

लेकिन सवाल यह भी उठ रहा है कि लगातार चल रहे अभियान के बावजूद अवैध कॉलोनियों और प्लॉटिंग पर पूरी तरह लगाम क्यों नहीं लग पा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि विभागीय लापरवाही के चलते अवैध निर्माणकारियों के हौसले बुलंद हैं। कई बार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई में देरी होती है, जिससे ऐसे लोगों को बढ़ावा मिलता है।

### क्या बोले अधिकारी

एक्सईएन विनीत अग्रवाल ने बताया कि बिना अनुमति हो रहे निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी अभियान जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

### लोगों की मांग

स्थानीय निवासियों ने एमडीए से मांग की कि क्षेत्र में नियमित निरीक्षण किया जाए और समय रहते कार्रवाई की जाए, ताकि अवैध कॉलोनियों पर अंकुश लगाया जा सके।

### अवैध कॉलोनी में हाई वोल्टेज लाइन से बना जान का खतरा

खतौली में बुढाना मार्ग स्थित एक अवैध कॉलोनी में हाई वोल्टेज विद्युत लाइन लोगों की जान पर बन आई है। कॉलोनी की बाउंड्री के अंदर से गुजर रही इस लाइन को लेकर स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल है। खतौली विकास प्राधिकरण ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की तैयारी में जुट गया है। एमडीए के एक्सईएन विनीत अग्रवाल ने बताया कि कॉलोनी के बीच से हाई वोल्टेज लाइन निकालना नियमों के खिलाफ है और इससे लोगों की जान को गंभीर खतरा हो सकता है।

उन्होंने कहा कि इस मामले में विद्युत विभाग को पत्र भेजकर जवाब मांगा जाएगा। साथ ही, कॉलोनी विकसित करने वाले प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विनीत अग्रवाल ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एमडीए की टीम जल्द ही मौके का निरीक्षण करेगी और अवैध निर्माण पर भी शिकंजा कसा जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार अधिकारियों का ध्यान इस ओर दिलाया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया था।





# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली तिरंगा यात्रा

**पुरकाजी।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता सरकार की कूटनीति और हमारे सैनिकों के शौर्य का प्रतीक अजय पवार पुरकाजी मंडल में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा मंडल अध्यक्ष अजय पवार के नेतृत्व में हिंदुस्तान जिंदाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों के साथ निकाली गई ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत वीर जवानों को श्रद्धांजलि समर्थन और सम्मान अर्पित करने हेतु भारत शौर्य तिरंगा यात्रा बाइको द्वारा कस्बे सहित मंडल के 24 गांवो से होकर होकर निकल गई जिसमें भारी संख्या में बाइके शामिल रही मिली जानकारी के अनुसार मंडल अध्यक्ष अजय पवार के नेतृत्व में भारत शौर्य बाइक तिरंगा यात्रा खंड विकास कार्यालय के प्रांगण से शुरू होकर क्षेत्र के गांव फलौदा भैसानी हरेटी लखनौती अब्दुलपुर भोजाहेडी भूराहेड़ी धमात रंडावली सुवाहेडी गोधना तुगलकपुर कम्हेडा हरीनगर झबरपुर शेरपुर अलमावाला जिंदावाला बढीवाला केल्लनपुर मेघा शकरपुर आदि गांव से होते हुए कस्बे के जीटी रोड मुख्य बाजार सहित सभी 15 वार्डो से होकर निकाल गई ब्लॉक प्रमुख मंडल अध्यक्ष अजय पवार निकाली गई जो जीटी रोड पर स्थित वीरेंद्र सिंह के प्रतिष्ठान पर पहुंचे। इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद हिंदुस्तान ज़िंदाबाद के नारे लगाये गये। मंडल अध्यक्ष अजय पवार ने कहा की पाकिस्तान के आतंकवादियो ने कश्मीर के पहलगाम मे परिवार के साथ घूमने गए लोगो पर गोली बरसाकार उनकी हत्या कर दी थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने आतंकवादियों सें बदला लेने के लिए सेना को खुली छूट दी थी। जिसका परिणाम स्वरूप हमारी सेना ने सफल ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए जो हमारी सेना के लिए वीरता और शौर्य का प्रतीक है।

भारतीय सेना के हमले से घबराये पाकिस्तान को युद्ध विराम के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति सें गुहार लगानी पड़ी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा की यह सब सरकार की सख्ताई की बदौलत हुआ जो पूरे देश के लिए गौरव की बात है तिरंगा यात्रा में हिंदुस्तान जिंदाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद आदि भारतीय सेना को समर्पित नारे लगाए गए । अध्यक्ष अजय पंवार, मंडल प्रभारी गजे सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर संदीप वर्मा, भारत भूषण खुल्लर हरिराम सक्सेना, प्रधान सचिन गुर्जर केपी सिंह दीपक त्यागी वीरेंद्र सिंह मुकेश त्यागी मालती रानी धन प्रकाश नितिन कुमार योगेश गुर्जर प्रधान बलिहार सिंह कपिल कश्यप सोनू रावत रामकुमार कश्यप पिंकू पवार दुर्गेश कुमार नवीन कुमार हरीश कुमार मसरूर मेंबर सोमपाल फौजी डॉ विनीत हर्ष वाल्मीकि नदीम गौर दुर्गेश कुमार शिवकुमार पाल कल्याण सिंह आदि मौजूद रहे।



# समर कैंप में स्टूडेंट्स ने पूल पार्टी का लिया आनंद

**बुढ़ाना।** कस्बे के बड़ौत रोड पर स्थित शिक्षण संस्था दयानन्द इन्टर कालेज बुढ़ाना में चल रहे समर कैंप के तीसरे दिन शुक्रवार को सभी बच्चों ने पूल पार्टी का जमकर आनंद उठाया और फुल मस्ती कर कालेज के समस्त स्टाफ को भी हर्षित कर दिया। इस दौरान यहां पर सभी बच्चों ने भयंकर गर्मी को मात देते हुए पूल पार्टी में जमकर मस्ती की और गर्मी से राहत महसूस की।

मिली जानकारी के अनुसार दयानन्द इण्टर कालिज बुढ़ाना में किंडन विभाग के द्वारा चलाए जा रहे समर कैम्प के तीसरे दिन नन्हें मुन्ने बच्चों ने पूल में खूब मस्ती की।

छोटे छोटे विद्यार्थी सुबह से ही पूल में नहाने के लिए उत्सुक नजर आये। किंडन विभाग की शिक्षकाओं ने छोटे छोटे बच्चों को क्रम से पूल में नहलाया। जिसमें सभी बच्चों ने जमकर मस्ती की।



बच्चे पानी में अठखेलियां करते दिखे। जिनको देखकर कालेज का स्टाफ गदगद नजर आया। बच्चों ने इस दौरान ठंडे पानी में जमकर धमाल मचाया। समय पूरा होने पर भी बच्चे घर जाने को नहीं दिखे। इस दौरान यहां पर कालेज के प्रबंधक तेजपाल सहरावत, संचा. लिका उमेश सहरावत, प्रधानाचार्य संजीव कुमार, प्रवक्ता सोनू कुमार, अध्यापिका सीमा और अनिता आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## संक्षिप्त समाचार

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**भोपा।** भोपा गंग नहर पुल पर पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने पुल के पास सड़क निर्माण के कार्य का निरीक्षण कर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को राजवाहे की दोनों पुलिया के बीच की बाउंड्री वाल, पुल के निकट सड़क का चौड़ीकरण आदि कार्य शीघ्र करने को कहा। डॉ. वीरपाल निर्वाल ने बताया कि कार्य शुरू किया जा चुका है। राहुल मलिक ए ई सार्वजनिक निर्माण विभाग ऋतिक श्रीवास्तव, ब्रिज कॉरपोरेशन प्रोजेक्ट मैनेजर, विनय पंवार ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

# हरिद्वार चिंतन शिविर को लेकर की गई चर्चा

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की एक आवश्यक बैठक बुढ़ाना कस्बे की मास्टर कालोनी में स्थित भाकियूअ के नगर कार्यालय पर आयोजित की गयी। जिसमें हरिद्वार चिंतन शिविर के बारे में जोरदार चर्चा की गयी और वहां पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की बात कही गयी। बैठक में भाकियूअ के जिला अध्यक्ष पहलवान सुधीर पंवार माजरा ने सभी कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 09, 10 और 11 जून को उत्तराखंड राज्य के जनपद हरिद्वार में तीन दिवसीय चिंतन शिविर लगेगा। जिसमें सभी को अपने अपने साधनों से जाना अनिवार्य है। जिस पर सभी कार्यकर्ताओं ने चिंतन शिविर में जाने की बात कही। इस दौरान यहां बैठक में मुख्य रूप से बुढ़ाना तहसील अध्यक्ष अमित ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण पंवार, चौधरी वीरेंद्र मलिक खरड़, उस्मान ठेकेदार जोगिया खेड़ा, जाबिर राणा जोगिया खेडा तहसील उपाध्यक्ष, बिट्टू जिंदल, बाबर प्रधान और मारूफ ग्राम अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उमंग श्रीवास्तव सचिव पद पर हुए निर्वाचित

**बुढ़ाना।** राजकीय ऑप्टोमेट्रिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अंतर्गत नेत्र परीक्षण अधिकारी जनपदीय पदाधिकारी का निर्वाचन हुआ। मिली जानकारी के अनुसार राजकीय ऑप्टोमेट्रिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अंतर्गत नेत्र परीक्षण अधिकारी जनपदीय पदाधिकारी का निर्वाचन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सुनील तेवतिया द्वारा नियुक्त निर्वाचन अधिकारी जिला दृष्टिहीनता निवारण अधिकारी डॉक्टर दिव्या वर्मा, डॉक्टर विक्रम सिंह नेत्र सर्जन जिला चिकित्सालय मुजफ्फरनगर और प्रदेश संगठन सचिव अरुणा यादव पर्यवेक्षक के सानिध्य में निर्विरोध तीनों पदाधिकारी का सर्व सम्मति से चयन हुआ। जिसमें अध्यक्ष के रूप में कमल वत्स, सचिव उमंग श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष राहुल सिंह को चयनित किया गया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से नेत्र परीक्षण अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार और राघवेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे। यहां पर सभी तीनों नव निर्वाचित पदाधिका. रियो को स्वास्थ्यकर्मियों ने बधाई दी।

# प्रमाण पत्र को लेकर खड़ा हुआ विवाद

**मुजफ्फरनगर।** मोरना ब्लॉक के ग्राम बहुपुरा मजरा शुकतारी में जाति प्रमाण पत्रों को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। अनुसूचित जाति के विभिन्न संगठनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सामान्य जाति के व्यक्तियों को गलत तरीके से जारी किए गए अनुसूचित जाति (भुइयार) प्रमाण पत्रों को तत्काल निरस्त किया जाए। इस संबंध में अंबेडकर बौद्ध ट्रस्ट के तत्वावधान में विभिन्न संगठनों ने कई बार ज्ञापन सौपे हैं। ट्रस्ट के अनुसार 15 जुलाई 2024, 28 जुलाई 2024 और 9 जनवरी 2026 को भी इस मुद्दे पर शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि तहसील जानसठ अंतर्गत बहुपुरा मजरा शुकतारी गांव में रहने वाले सामान्य जाति के हिंदू जुलाहा समुदाय के कुछ लोगों को जनवरी 2024 में अनुसूचित जाति भुइयार के जाति प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए थे। इससे न सिर्फ अनुसूचित जातियों के संवैधानिक अधिकारों का हनन हो रहा है, बल्कि सामान्य जाति के लोगों को असंवैधानिक लाभ भी दिया जा रहा है। आंदोलनरत संगठनों ने आरोप लगाया कि यह सामाजिक न्याय के साथ खिलवाड़ है और शासन-प्रशासन की निष्क्रियता से दलित समाज में आक्रोश बढ़ रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी और जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से इन प्रमाण पत्रों को निरस्त किया जाए।

# चोर ने दो धर्म कांटों का ताला तोड़कर की चोरी

**मोरना।** थाना व गांव भोपा निवासी अहसान ने जानकारी देते हुए बताया कि मुजफ्फरनगर मार्ग पर उसका काजल के नाम से धर्मकांटा है गुरुवार की रात्रि चोर ने धर्मकांटे के कमरे का ताला तोड़कर गल्ले में रखी चार हजार रुपए की नकदी व एक बड़ा हथोड़ा चोरी कर लिया चोरी की घटना धर्मकांटे पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई जिसमें बैखौफ चोर ताला तोड़कर चारी की घटना को अंजाम दे रहा है वहीं चोर ने मार्ग के दुसरे किनारे पर उस्मान के सहारा धर्मकांटे का भी ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देकर सनसनी फैला दी पीड़ितों ने पुलिस से आरोपी चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# छह दिन से चल रहा धरना तहसीलदार ने समाप्त कराया

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव राजपुर में लगातार 6 दिनों से ग्रामीणों के द्वारा कुछ मांगों को लेकर दिया जा रहा धरना प्रदर्शन काफी जद्दोजहद के बाद आज शुक्रवार की देर सायं तहस. ीलदार बुढ़ाना महेंद्र सिंह यादव के आश्वासन पर समाप्त कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव राजपुर में सैंकडो ग्रामीणों के द्वारा भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष पहलवान सुधीर पंवार पंवार नेतृत्व में ग्राम राजपुर कट के बारे में पिछले 06 दिनों से धरना प्रदर्शन चल रहा था। धरने पर गत दिवस एसडीएम बुढाना राजकुमार भारती व सीओ गजेंद्र पाल सिंह भी आए थे। जिन्होंने किसानों को खूब समझाया था लेकिन किसानों ने धरना यह कहकर समाप्त नहीं किया था कि



जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी तब तक धरना जारी रहेगा। तहसीलदार बुढ़ाना महेंद्र सिंह यादव किसानों के बीच धरने पर पहुंचे और किसानों की कई मांगों को मानते हुए धरना समाप्त कराया। आज के धरने पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सुधीर पहलवान, बुढाना तहसील अध्यक्ष अमित ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण पंवार, तहसील उपाध्यक्ष जाबिर राणा, कपिल ठाकुर तहसील उपाध्यक्ष, ग्राम अध्यक्ष अक्षय ठाकुर और जित. ेंदर प्रधान सहित आदि किसानों की मौजूदगी देखने को मिली। यहां पर तहसीलदार को जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मांगों का ज्ञापन भी सौंपा गया।

# नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर हुए फरार

**बुढ़ाना।** एक महिला सहित 04 लोगों पर एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगा है। बुढ़ाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए किशोरी की बरामदगी और सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के एक व्यक्ति ने बुढ़ाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बीती 21 मई की अल सुबह में उसकी नाबालिग पुत्री को सुमित पुत्र ऋषिपाल उर्फ पिन्टू, ऋषिपाल उर्फ पिन्टू पुत्र चरण सिंह, रोहित पुत्र ऋषिपाल उर्फ पिन्टू व ऋषिपाल उर्फ पिन्टू की पत्नी सभी निवासीगण गांव बिटावदा बुढाना बहका फुसलाकर घर से लेकर फरार हो गये। बताया जाता है कि पीडित व्यक्ति ने पहले तो अपनी नाबालिग पुत्री को इधर उधर तलाश किया लेकिन जब वह नहीं मिली तो फिर पीडित ने अंदेशा जताते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद किशोरी की सकुशल बरामदगी के प्रयास शुरु कर दिये थे। बुढ़ाना पुलिस ने सभी आरोपियों की तलाश में कई स्थानों पर दबिश भी दी लेकिन किशोरी और आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग सका।

# समर केम्प के तीसरे दिन बच्चों को कराई किताबों की पढ़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी ।** पीएम श्री कंपोजिट स्कूल तुगलक पुर मे समर कैंप के तीसरे दिन शुकवार को छात्र छात्राओ को पुस्तकालय की किताबों की रीडिंग करवाई गई पुस्तकालय में बच्चों को नई-नई कहानी पढ़ने का अवसर प्राप्त हुआ इस दौरान सभी उपस्थित बच्चों को स्टेशनरी और बिस्किट का वितरण किया गया और सभी बच्चों को संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी गई ताकि हम अपनी जीवन शैली को निरोग रख सके आज के कार्यक्रम में बच्चों ने विद्यालय के प्रांगण में टोली बनाकर पुस्तकों का अध्ययन किया इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक ने बताया कि किताबें इंसान का सच्चा दोस्त होती है और हमारे मानसिक तनाव को कम करती हैं इसलिए जब भी हमें समय मिले हमें पुस्तकों को अवश्य पढ़ना चाहिए । इसलिए मेरी सभी बच्चों से अपील है कि सभी बच्चों को घर पर भी जब खाली समय मिले पुस्तकों का अध्ययन करें और लाइब्रेरी की पुस्तकों का इस्तेमाल करें ताकि उन्हें साहित्य पढ़ने का शौक पैदा हो।

इस अवसर पर शिक्षामित्र सुभाष चंद्र रेनू और छात्र-छात्राएं समा, सायमा, खुशबू दीपा, रूपा मोहित, हुसनैन, अरमान, गुरमीत, ख्वाइश, प्रियांशी, अंबेडकर, फलक ,वंश, अशहद सुमित, अनुष्का, आरुषिका, दुर्गा सुहाना, राधिका गर्ग आसिफा इकरा मोी. हत,वंश,गुरमीत आदि उपस्थित रहे।

# निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारियों का प्रदर्शन तेज

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।**शुक्रवार को खतौली बिजली घर पर विद्युत अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा विधुत विभाग को निजीकरण करने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान विद्युत कर्मचारियों ने सरकार एवं ऊर्जा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी कर निजीकरण का कड़ा विरोध किया। मांग पूरी न होने पर और अनिश्चित कालीन कार्य बहिष्कार करने के भी चेतावनी दी गई।

विद्युत विभाग के निजीकरण के खिलाफ खतौली बिजली घर पर शुक्रवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर किये गए इस आंदोलन में कर्मचारियों ने सरकार और ऊर्जा



मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और निजीकरण की नीतियों का तीखा विरोध किया। आंदोलनकारी कर्मचारियों ने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया, तो 29 मई से पूरे प्रदेश में अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया जाएगा। समिति ने आम उपभोक्ताओं से भी अपील की कि वे इस संघर्ष में उनका साथ दें, क्योंकि निजीकरण का सीधा असर उपभोक्ताओं पर ही पड़ेगा। वसंघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने चेता. वनी दी कि यह आंदोलन 28 मई तक जारी रहेगा और इसके बाद बड़ा कदम उठाया जाएगा। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार यदि अपनी जनविरोधी नीतियों को वापस नहीं लेती है, तो पूरे प्रदेश में बिजली सेवाएं बाधित हो सकती हैं, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर अवर अभियंता-गिरीश कुमार, विनोद कुमार, वैभव रस्तोगी, प्रमोद कुमार,जह-2, ओमप्रकाश, चंदन, विनोद, संदीप, आनन्द, अरुण बाबू, करन ,आशुतोष धामा, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

# परीक्षाफल घोषित होने पर मेधावी छात्राओं का अभिनन्दन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज मे मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा बीएससी सीएस प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित होने पर उत्तीर्ण छात्राओं के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रथम स्थान पर आने वाली तमन्ना सिंह ने 90.0 प्रतिशत अंक प्राप्त किये, दूसरे स्थान पर आने वाली मानसी ने 87.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किये व तीसरे स्थान पर आने वाली अक्षिता 87.00 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। प्रतिभाशाली छात्र / छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, अभिभावकों व बीएससी सीएस ) विभाग के सभी शिक्षकगणों को दिया। इसी के साथ उन्होने कहा कि भविष्य में भी वे निरन्तर ऐसे ही मेहनत करते रहेगें ।

प्रथम स्थान पर आने वाली तमन्ना सिंह ने कहा कि एसडी मैनेजमेंट में पढ़ाई का अच्छा माहौल है दूसरे स्थान पर आने वाली मानसी ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज के अच्छे अनुशासन को दिया, मानसी ने कहा कि वह सॉफ्टवेयर डेवलपर बनना चाहती है। तीसरे स्थान पर आने वाली अक्षिता ने कहा कि हम और अधिक मेहनत से पढाई कर आगे प्रथम स्थान प्राप्त करने की पूरी को. शिश करेंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में कॉलेज प्राचार्य डॉ संदीप मित्तल ने तीनों छात्राओं को भविष्य में निरंतर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। उन्होने इस अवसर पर कहा कि जीवन में सफलता हमेशा अनुभव से आती है और अनुभव हमेशा बुरे अनुभव से आता है, जीवन में सफल होने के लिए आपको सबकों सुनने की आदत तो होनी ही चाहिए, लेकिन करना वही चाहिए जो आपके मन को बेहतर लगे । दुनिया की कोई ताकत तब तक आपको सफलता नहीं दिला सकती, जब तक कि आपके भीतर खुद से सफलता को पाने की इच्छा और जिद न आ जाए। सफलता पाने का सबसे पहला सूत्र सकारात्मक सोच और बदलाव है, सही समय पर लिया गया निर्णय ही आपके जीवन की रूपरेखा को बदल सकता है और सफलता दिला सकता है। विभागाध्यक्ष डा. संजीव तायल ने कहा कि मानव समाज को एक सभ्य समाज में बदलने वाला एकमात्र आवश्यक कारक शिक्षा है ऐसे हिंदी मोटिवेशनल कोट्स आपको अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मजबूत बनाते हैं आपके अंदर की एनर्जी का निर्माण करते हैं जिससे छात्र - छात्राओं में आत्मविश्वास की भावना बनती है, इसके अलावा बीएससी सीएस ) विभाग के अंतिम वर्ष के छात्र - छात्राऐं विभिन्न कंपनियों में जॉब कर रहे है, जिसकी व्यवस्था कॉलेज की प्लेसमेंट सेल के माध्यम से कराई जाती है

## डीएम ने किया सर्विस क्लब में खेल सुविधाओं का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और एडीएम प्रशासन संजय सिंह ने आज सर्विस क्लब में अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाये गये स्वीमिंग पुल, स्कवैस कोर्ट तथा बैडमिंट कोर्ट का शुभारंभ किया। पूर्व चेयरमैन पंकज अग्रवाल तथा अन्य सर्विस क्लब सदस्यों ने इस अवसर पर खुशी जताई । श्री अग्रवाल ने कहा कि खेल सुविधाओं का विस्तार होने से सर्विस क्लब अपनी महत्ता को और सारगर्भित करेगा।



मुजफ्फरनगर: परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बुर्के के अंदर से निकला 'युवक', पुलिस के आने से पूर्व हो गया फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के बरखंडी रोड पर बुर्कानशी एक युवक को दबोच लिया गया। बुर्का पहनकर किसी अनहोनी घटना को कारित करने की आशंका व्यक्त करते हुए लोगों ने युवक को पकडकर पुलिस को जानकारी दी, लेकिन पुलिस घंटों तक नहीं पहुंची, जिसके बाद युवक मौके से फरार हो गया।

शुक्रवार सवेरे शहर के मौहल्ला बरखंडी रोड स्थित वीरों वाला मंदिर के निकट कुछ युवक खडे आपस में बातचीत कर रहे थे। बताया जाा है कि इसी दौरान एक बुर्का पहने युवक वहां से गुजरा और मंदिर की ओर दौड पडा। पहले से लोगों ने उसको कोई महिला सोचा, लेकिन उसके चाल ढाल और दौडने की स्पीड को देखकर लोगों को उस पर शक हुआ। लोगों ने उसको आवाज लगाकर रो.कना चाहा तो अचानक उसका बुर्के



से मुंह खुल गया, जिसमें युवक निकला। जिसको वहां मौजूद लोगों ने दबोच लिया।

देखते ही देखते मुस्लिम समाज के युवकों की भीड एकत्रित हो गई और उन्होने उक्त युवक पर बुर्का पहनकर किसी अनहोनी घटना को कारित करने की आशंका व्यक्त करते हुए उसको दबोच लिया। मामले की सूचना शहर कोतवाली पुलिस को दी गई, लेकिन आरोप है कि पुलिस घंटों तक भी नही पहुंची। बाद में युवक चकमा देकर फरार हो गया। युवक की पहचान सुनील निवासी यमुनानगर के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह मौहल्ला नंदूप्रसाद में किसी रिश्तेदारी में आया हुआ था। बुर्का पहनकर सुनील के पकडे जाने से जहां मुस्लिम समाज के लोगों ने पुलिस से जांच कर कार्यवाही की मांग की है वही खूफिया विभाग में मामले जांच कर रहा है।

## दिव्यांग से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** ग्राम सकौती निवासी एक अपाहिज व्यक्ति के साथ गांव के ही युवक द्वारा लगातार दो बार मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित वेदपाल पुत्र सरजीत सिंह ने चौकी प्रभारी चौसाना को प्रार्थनापत्र देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि वह शारीरिक रूप से असमर्थ है और 23 मई की शाम करीब छह बजे अपने घर के बाहर बैठा था। तभी गांव का एक व्यक्ति वहां आया और गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी और धमकी दी कि तेरे कुत्ते ने मुझे काटा है। शोरगुल सुनकर घर की महिलाएं बाहर आईं, तो आरोपी मौके से भाग गया। 23 मई की सुबह जब वेदपाल मंदिर की सफाई कर रहा था, तो वही आरोपी दोबारा वहां पहुंचा और उसे गालियां देने लगा। पीड़ित ने कहा कि वह अपाहिज होने के कारण विरोध नहीं कर सका और मानसिक रूप से काफी आहत है। वेदपाल का कहना है कि उसे गांव में सुरक्षित महसूस नहीं हो रहा और आरोपी लगातार उसे डराने-धमकाने का प्रयास कर रहा है। उसने तहरीर देकर गुहार लगाई है कि मामले में शीघ्र कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया जाए।

# रोटरी क्लब स्टार्स ने स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आज रोटरी क्लब शामली स्टार्स द्वारा एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच मेदांता हॉस्पिटल गुड़गांव के डॉक्टर द्वारा जैन धर्मशाला तालाब रोड पर आयोजित किया गया। जिसमें मेदांता हॉस्पिटल से पधारे हृदय रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जनरल फिजिशियन ने मरीजों की मुफ्त जांच की गई। उनके साथ-साथ ब्लड प्रेशर, रैंडम शुगर, कोलेस्ट्रॉल यूरिक एसिड, कैल्शियम बोन मिनिरल डेंसिटी, ईसीजी फेफड़ों की जांच भी निशुल्क की गई। क्लब के सदस्यों के साथ साथ 150 लोगों की जांच निशुल्क की गई। शिविर में शामली के आए मरीजों में लगभग 80 लोगों में कैल्शियम और फेफड़ों की समस्या जाड़ा पाई गई। डॉक्टर्स द्वारा बताया गया कि सभी को अपना खानपान पर जड़ा ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष अखिल तायल सचिव गोपाल मित्तल कोषाध्यक्ष मोहित बंसल, रजत गर्ग, संयम जैन, अंकुर आर्य, शुभम जैन, नितिन तायल, डॉक्टर विनीत चौधरी, रजत बिंदल, अगम मित्तल, आक.



ाश जैन, अमित अरोड़ा, अंकित मित्तल, गौरव संगल, संदीप विश्वकर्मा, विशाल ऐरन, मानव ऐरन, अंकित गोयल, सुमित गोयल, अमित जैन, प्रियंक, चंचल जैन ,आकाश जैन, रजत बिंदल, ऋषभ गर्ग, शलभ संगल,आशीष गर्ग अंकित मित्तल अनिवेश राघव गर्ग मोहित बंसल आदि सभी सदस्य मौजूद रहे।

## एक करोड़ दो लाख की लागत से हो रहा निर्माण, बाढ़ से मिलेगी राहत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** बिड़ौली क्षेत्र के ग्राम शीतल गढ़ी के नजदीक यमुना नदी के भंडार में बाड जैसी स्थिति में बचाव के लिए पहले से ही राहत कार्य शुरू कर दिया गया है जिसमें शीतल गढ़ी की साइट पर प्रकयुफाईड स्टड बनाया जा रहा है जिसकी लागत करोड़ों में है जो बरसात के मौसम में आने वाली बाढ़ जैसी स्थिति से तटबंध व ठोकरो को सपोर्ट देकर बाड़ को रोकेगा। लगभग एक महीने बाद बरसात का मौसम शुरू हो जाएगा बरसात के मौसम में यमुना नदी में पानी का बहाव अधिक हो जाता है जिस कारण कई जगह यमुना तटबंध में कटाव हो जाता है तथा आसपास के गांवों में बाड जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है जिसके लिए विभाग ने पहले से ही बचाव कार्य शुरू कर दिया है 25 मार्च से कार्य प्रगति पर है तथा 15 जून तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है एक करोड दो लाख रूपए की लागत से बनाए जा रहे प्रकयुफाईड स्टड को कंक्रीट की कड़िया तथा मिट्टी से भरे बेगो से बनाया जा रहा है। बरसात के मौसम में जब यमुना नदी में पानी का बहाव तेज हो जाता है तो उस स्थिति में पानी बांध में कटाव शुरू कर देता है ऐसे में यह प्रकयुफाईड स्टड बनने से तटबंध के साथ-साथ उसके सामने बनी ठोकरे भी बहाव से बच जाएगी क्योंकि यह इतनी मजबूती और गहराई से बनाया जा रहा है कि पानी इससे टकराकर दूसरी तरफ घूम जाएगा और यहां कटाव नहीं कर पाएगा जिस कारण इस क्षेत्र के तटबंध और ठोकरें सुरक्षित रहेगी। व आसपास के गांवों में होने वाली बाड़ जैसी स्थिति से भी बचाव करेगी। ड्रेनेज खंड के अवर अभियंता जितेंद्र कुमार ने बताया कि कार्य को पूरा करने के लिए15 जून तक का लक्ष्य दिया गया है 15 जून तक इसे पूरा कर लिया जाएगा। इस बार क्षेत्र में सिर्फ शीतल गढ़ी पॉइंट पर एक प्रस्ताव पास हुआ था जिसको समय पर बना कर तैयार कर दिया जाएगा।

# कत्थक की जटिलताओं से कराया अवगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को शहर के बीएसएम स्कूल में कत्थक नृत्य की बारिकियों को आत्मसात करने के लिए चल रही नृत्य कार्यशाला के पां.चवें दिन प्रतिभागी बच्चों को तीन ताल 16 मात्राओं वाली ताल संरचना की विभिन्न जटिलताओं से परिचित कराया गया। इस सत्र में तत्काल एगुन, दोगुन, चौगुन तथा चक्कर घुमावदार गतियां जैसे लयकारी के विरोधी प्रकारों का अभ्यास कराया गया।

प्रशिक्षकों ने बच्चों को हस्तक के विभिन्न पेटर्न्स युक्त मुद्राओं के भेद तथा विलंबित मध्य और द्रुत तीव्र लय में नृत्य करने की विधियों से अवगत कराया। साथ ही तिहाई की अवधारणा, जिसमें कोई नृत्य वाक्यांश तीन बार दोहराया जाता है, इस प्रकार की उसका अंतिम भाग सम लाल चक्र की पहली बीट पर समाप्त हो। यह लय और गणना की एक रोचक एवं चुनौती पूर्ण प्रक्रिया होती है, जो कत्थक की विशेषता मानी जाती है। इस पूरे सत्र में बच्चों को व्यवहारिक अभ्यास और समूह सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। बच्चों ने इस ज्ञान को पूरे उत्साह और मनोयोग से ग्रहण किया, जिससे उनके प्रदर्शन में स्पष्ट सुधार दिखाई दिया। यह दिन न केवल बच्चों के लिए शास्त्रीय नृत्य के तकनीकी पहलुओं को सीखने का अवसर था बल्कि भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं



की गहराइयों को अनुभव करने का माध्यम भी बना। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह और उप प्रधानाचार्या आशु पंडित ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर बच्चों के आत्मविश्वास, ताल की पकड़ और शुद्ध तकनीक की सराहना की। उन्होंने नृत्य शिक्षिका के समर्पण और प्रशिक्षण शैली की भी खुले दिल से प्रशंसा की, जिनके मार्गदर्शन में छात्रों ने इतने कम समय में सुंदर नृत्य सीखा। उन्होंने कहा कि यह देखकर अत्यंत हर्ष होता है कि हमारे विद्यार्थी न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि सांस्कृतिक विधाओं में भी इतनी निपुणता से आगे बढ़ रहे हैं।

## हनुमान व मां लक्ष्मी की प्राण प्रतिष्ठा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के अग्रसैन पार्क में हनुमान और कुल देवी मां लक्ष्मी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिन विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न कराई गई। कथा वाचक अरविन्द दृष्टा महाराज ने पूजन में भाग लिया।

शुक्रवार को शहर के महाराजा अग्रसैन पार्क में हनुमान व कुल देवी मां लक्ष्मी की मूर्तियों स्थापित करने के लिए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिन विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई। जिसके यजमान अध्यक्ष सुधीर सिंघल और पवन संगल रहे। कथा वाचक अरविन्द .ष्टा महाराज ने व कथा व्यास चंचल ने भी पूजन में भाग लिया। उन्होने बताया कि मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का पूजन पूर्ण हुआ है। शनिवार को मूर्तियों को नगर परिक्रमा निकाली जाएगी और 25 को हवन और मूर्तियों की स्थापना होगी। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ईओ विनोद कुमार सोलंकी, जेई सिविल कांत राणा, जेई जल हर्षित गर्ग, सफाई इंस्पेक्टर आदेश सैनी, पवन कुमार सिंघल, सुमन सिंघल, अवनीश सिंघल, मनीष मित्तल, विपिन मित्तल, राजेन्द्र सिंघल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सफाई नायक पर नौकरी से हटाने की धमकी देने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका के सफाई कर्मी ने डीएम को शिकायती पत्र देकर सफाई नायक जितेंद्र चंद्रा पर गाली गलौज कर हटाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीडित ने मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। शुक्रवार को डीएम कार्यालय पहुंचे अरुण झंझोट पुत्र अरविंद झंझोट ने बताया कि वह नगर पालिका शामली में आउटसोर्सिंग में सफाई कर्मचारी के पद पर लगभग 14 वर्षों तैनात है। जिसकी ड्यूटी विजय चौक, गगन टॉकीज रोड पर है। हाजिरी पर सफाई नायक जितेंद्र चंद्र है तो मुझे आए दिन ड्यूटी पर 2 हजार रूपये प्रति माह देने के लिए दबाव बनाता है और अब पैसा न देने की वजह से गैर हाजिरी हर महीने लगाई जा रही है। सफाई नायक को कई बार पारिवारिक स्थिति से अवगत कराया गया, लेकिन उसका शोषण बंद नही किया गया। आरोप है कि जो सफाईकर्मी काम पर नही आते है उनका काम भी कराया जाता है। उक्त सफाईकर्मियों से नायक ने महीना बांध रखा है। बताया कि 22 मई को दोपहर 3 बजे की ड्यूटी पर अकारण गाली गलौच की गई और नौकरी से हटाने की धमकी दी गई। पीडित ने मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

### गो माता की सेवा उत्तम सेवा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी गऊ ग्रास समिति द्वारा नई मंडी स्थित गौशाला में 6 कुंतल हरा चारा और पांच कुंतल घीया और खीरा सब्जी से गौ माता की सेवा की गई। संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि संस्था माह में एक बार गौ माता को हरा घास खिलाकर गौ माता की सेवा करती है शास्त्रों में गौ माता की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है गौ माता की सेवा करने से पुण्य प्राप्त होता है तथा मन को असीम शांति भी प्राप्त होती है सभी को बढ़-चढ़कर गौ माता की सेवा करनी चाहिए। इस मौके पर वीणा अग्रवाल शिवकुमार तोमर अनिल रेनू बंसल नेहा विजय गुप्ता प्रदीप मित्तल डॉक्टर उमेश कुमार वीरेन्द्र बालियान आदि मौजूद रहे।

### एसपी ने किया लाइन का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा शुक्रवार की परेड के दौरान पुलिस लाईन शामली का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम द्वारा शुक्रवार की परेड के दौरान पुलिस लाईन शामली का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा सर्वप्रथम पुलिस लाईन में परेड़ की सलामी ली गई। परेड में शामिल अधिक.ारी, कर्मचारियों के टर्नआउट व ड्रिल का मुआयना किया गया। पुलिस लाइन में कर्मचारियों के मैस में भोजन की गुणवत्ता, आवासीय बैरक, शौचालय आदि का भ्रमण कर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया। इस निरीक्षण में पुलिस लाईन की परिवहन शाखा व यूपी-112 शाखा के वाहनों की स्थिति की जानकारी भी की गई। इसके बाद महोदय द्वारा अर्दली रूम में रजिस्टर चौक किए गए एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के अतिरिक्त क्षेत्राधिकारी नगर अमरदीप सिंह मौर्य, क्षेत्राधिकारी थानाभवन जितेन्द्र कुमार व प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह मौजूद रहे।

### चौसाना में चोरी की वारदातें बेकाबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** भड़ी गांव के इंतजार ने बताया कि उसने अपनी बुग्गी सरपंच बिट्टू के घेर में खड़ी की थी। घेर में कई अन्य ग्रामीणों की बुग्गियां भी खड़ी थीं। सुबह जब वह बुग्गी लेने पहुंचा तो देखा कि उसके बुग्गी के दोनों टायर और रीम गायब थे।

इंतजार ने बताया, यह कोई मामूली चोरी नहीं है, चोर पूरे इत्मीनान से आए और टायर-रीम खोल ले गए। चौसाना पुलिस को तहरीर दी है, पर अभी तक सिर्फ जांच का भरोसा ही मिला है। वहीं, जिजौला निवासी जम्मल के घेर से एक बकरा चोरी हो गया। जम्मल ने बताया कि वह रोजाना की तरह अपने बकरी-बकरों को बांधकर सो गया था। सुबह उठकर देखा तो एक बकरा नदारद था। उन्होंने भी पुलिस को सूचना दी, लेकिन कार्रवाई का नामोनिशान नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि इन घटनाओं ने उन्हें असुरक्षित महसूस कराया है। हम दिन-रात मेहनत करके जो कुछ जोड़ते हैं, वो चोर रातोंरात उठा ले जाते हैं। पुलिस सिर्फ तहरीर तक सीमित रह गई है। पुलिस का कहना है तहरीर मिली है और जांच जारी है।

# खेल-खेल में नई खोज के लिए समरकैंप का आयोजन



सत्यनारायण शिशु मंदिर



सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज



सेंट आरसी कान्वेंट



**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** नगर क्षेत्र शामली के रेलवे रोड स्थित सत्यनारायण शिशु मंदिर में चलाए जा रहे कैंप में तीसरे दिन कक्षा 2 के बच्चों ने कला व आर्ट एंड क्राफ्ट मैं सुंदर-सुंदर आकृतियां बनाने सिखी। कक्षा तीन के बच्चों को कृष्ण कुमार शर्मा द्वारा योग सिखाया गया। कक्षा 4 व 5 में बच्चों ने सॉफ्ट ड्रिंक व सुंदर ढंग से सलाद बनाना सिखा। प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने कहा की बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की एक्टिविटीज विद्यालय में कराई जाती हैं ताकि बच्चों के अंदर छिपे हुनर को पहचान कर उसको प्रोत्साहित किया जा सके कैंप में कार्यालय प्रमुख अजय गर्ग सहित सभी सम्मानित अध्यापक व अध्यापिकाएं उपस्थित रह रहकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

**शामली।** जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेशानुसार नई खोज खेल-खेल में सिखाने के लिए शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में समर कैंप की गतिविधियों का आयोजन किया गया। शुक्रवार को समर कैंप में रंगोली, मूर्ति कला योग एवं व्यायाम का अभ्यास कराया गया। जिसमें बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा को उजागर करते हुए सुंदर-सुंदर रंगोली तथा मिट्टी से बनी मूर्तियां तैयार की। बालिकाओं ने पाक कला का अनुभव लेते हुए खीर बनाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए समर कैंप का भरपूर आनंद लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य संजीव कुमार, संदीप कुमार, गीता रानी, कविता रानी, अनीता रानी, उपासना रानी, सुरभि रानी, दिव्या रानी, रवि कुमार, अमित कुमार, विकास कुमार, मोहित कुमार, साक्षी, आकांक्षा, नीलम, पंकज, धर्मेंद्र कुमार, राहुल कुमार, वंदना, मोनिका आदि मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सात दिवसीय निशुल्क समर कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों के साथ साथ शामली शहर के अन्य स्कूलों के बच्चे ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी गर्मियों की छुट्टियों का भरपूर आनंद उठाएंगे।

शुक्रवार को समर कैम्प का शुभारंभ प्रधानाचार्या उज्मा जैदी ने किया। स्कूल में आयोजित समर कैंप में शैक्षणिक शारीरिक व रचनात्मक गतिविधियों को शामिल किया गया है। कैंप में कैलीग्राफी, कोडिंग, क्ले मॉडलिंग, पॉट मेकिंग, फ्लेम लेस कुकिंग, रोबोटिक्स, समर पेंटेड, रॉक, आर्चरी, मार्शल आर्ट, क्ले मॉडलिंग, वालीबाल, बास्केटबाल, योग, स्विमिंग आदि गतिविधियों को स्कूल के अध्यापकों द्वारा कुशलतापूर्वक सिखाया जा रहा है। जिसमें विद्यार्थी अपनी आयु के अनुसार निर्देशित गतिविधियों में भाग लेकर अपनी गर्मियों की छुट्टियों का आनंद लेने के साथ-साथ अपनी शारीरिक व रचनात्मक, क्रियात्मक, कौशलता का विकास करेंगे। बास्केट बाल, वाल.ीबाल, स्विमिंग, योग, मार्शल आर्ट के माध्यम से विद्यार्थियों के शारीरिक विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। आर्चरी और मार्शल जैसी गतिविधियों विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और लक्ष्य केंद्रित करना सिखाती है जबकि पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के माध्यम से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है। प्रधानाचार्या उज्मा जैदी ने कहा कि सभी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क समर कैंप का आयोजन किया गया है। इस समय कैंप में कोई भी विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकता है। समर कैंप का उद्देश्य गर्मियों की छुट्टियों का सदुपयोग करने के साथ-साथ जायफूल लर्निंग के माध्यम से बच्चों में एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटी के साथ आत्मविश्वास में वृद्धि करना है।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र व पुत्रवधू मेरे कहने सुनने में नहीं है। गलत संगत में बैठते हैं तथा हमारे साथ अभद्र व्यवहार करते है, में अपने पुत्र गय्यूर पुत्र स्व. शराफत अली व पुत्रवधू कौसर को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। किसी भी प्रकार के लेन-देन व कुकृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरे परिवार से इनका कोई वास्ता मतलब नहीं रहा।

**कनीजा पत्नी स्वर्गीय शराफत अली**
**निवासी-गांव पावटी कलां**
**जनपद शामली**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद कैराना जनपद-शामली।

पत्रांक: 128/E-T/2025-26 | दिनांक: 23.5.2025

**ई-निविदा सूचना**

समस्त शासकीय कार्यदायी संस्थाओं में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मस/सेवाप्रदाताओं को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद, कैराना द्वारा 15वां वित्त आयोग/अवस्थापन विकास निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य/विकास कार्य सम्पादित कराना चाहती है। रजिस्टर्ड ठेकेदारों/फमर्स/सेवाप्रदाता से निविदाएं दिनांक 25.05.2025 से 17.06.2025 समय दोपहर 12:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन आमन्त्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्ते बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 17.06.2025 दोपहर 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। जहां से इन्हें डाउनलोड कर देखा जा सकता है तथा सभी निविदादाता दिनांक 17.06.2025 दोपहर 12:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है।

| E-Tender Reference | 128/E-T/2025-26 |
| --- | --- |
| Publish and Time for R.E.F | 25.5.2025 को सांय 5:00 बजे |
| Last Date and Time for Submission of E-Tender | 17.6.2025 को दोपहर 12:00 बजे |
| Date and Time of Opening E-Tender | 17.6.2025 को अपराहन 2:00 बजे |
| Place of Opening of E-Tender | Executive officer, Office Nagar Palika Parishad Kairana (Shamli) |
| E-Tender security | 2% of Tender Value |
| E-Tender Document Processing | as per tender list |

नोट-धरोहर धनराशि 02 प्रतिशत एफ0डी0आर0 के रूप में जमा करना होगा जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कैराना के पदनाम से बंधक होगी एवं निविदा प्रपत्र धनराशि नगरपालिका परिषद् कैराना के शाखा कैराना में केवल आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से ही स्वीकृत की जाएगी। अन्य किसी भी रूप में जमानत धनराशि/निविदा मूल्य स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा डालने पूर्व सभी नियम व शर्तों का भली-भांती अध्ययन कर लें। किसी भी त्रुटि के लिए नगरपालिका परिषद् कैराना जिम्मेदार नहीं होगी।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, कैराना जनपद शामली

# चेयरपर्सन व ईओ के खिलाफ खोला मोर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत छुटमलपुर के 15 में से 13 सभासदों ने चेयरपर्सन और अधिशासी अधिकारी (ईओ) पर विकास कार्यों में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सभासदों ने मांग की है कि विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

सभासदों का कहना है कि राज्य-वित्त से आय-व्यय का ब्योरा मांगने पर उन्हें नहीं दिखाया जाता। पिछले दो महीनों से बोर्ड की कोई बैठक नहीं हुई है। बिना सभासदों की सहमति या प्रस्ताव के चेयरपर्सन और ईओ द्वारा अपने चहेतों को विकास कार्यों के टेंडर जारी किए जा रहे हैं। विरोध करने पर सभासदों को धमकाया जाता है और उनकी पूरी तरह अनदेखी की जा रही है। सभासदों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नगर पंचायत में विकास कार्यों में हुई अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच नहीं की गई, तो वे धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

इस मामले में सभासदों ने बुधवार को सहारनपुर मंडलायुक्त अटल कुमार राय से मुलाक. ात की। मुलाकात करने वालों में सभासद रजत राणा, विकास तोमर, ममता शर्मा, डॉ. किरण पाल सिंह, दिलजहां, सुरेशो, रेशमा, इंतखाब, रमेश डाबर, आशीष धीमान, बानो, आदिल अल्वी, नवाब अंसारी और सभासद प्रतिनिधि भूपेंद्र शर्मा शामिल थे।

अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी ने कहा, षविकास कार्यों में धांधली के आरोप निराधार हैं। शासन की नियमावली के अनुसार ही कार्य किए जा रहे हैं। सभासदों का चेयरपर्सन के साथ आपसी विवाद है।


वहीं, चेयरपर्सन शमा परवीन ने कहा, सभासदों के साथ कोई विवाद नहीं है। ईओ की कार्यप्रणाली संतोषजनक नहीं है। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है।

## 26 को निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**रामपुर मनिहारान।** ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के सम्मान में आगामी 26 मई को विशाल तिरँगा शौर्य यात्रा निकाली जाएगी।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल ने बताया पहलगाम पाक की नापाक हरकत के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान की धूल चटा दी है। आगामी 26 मई सोमवार तहसील परिसर से ईदगाह चौक तक विशाल तिरँगा शौर्य यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि तिरँगा शौर्य यात्रा में सर्वसमाज के लोग शामिल होंगे।विजयपाल सिंह ने कहा ये प्रत्येक भारतीय नागरिक का कर्त्तव्य है जब जब देश और सेना को जरूरत पड़े तो हर कोई सीना ताने खड़ा मिले।उन्होंने हमारे देश पहले है।देश की रक्षा के प्राणों का बलिदान भी देना पड़े तो निसंकोच दे देंगे।

# आईआईएमटी में योग महोत्सव का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी उमाही कोटा में मां शाकुंभरी विश्व. विद्यालय द्वारा चलाए जा रहे एक माह के योग महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि योग गुरु पदमश्री डॉ भारत भूषण, संस्था चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ, सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी, संदीप गुप्ता, श्रीमती रीता वोहरा, अशोक सक्सेना, अरविंद कुमार, अश्विनी कुमार एवं निदेशक डॉ अंजू वालिया द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

योग गुरु डॉ भारत भूषण ने इस महोत्सव में योग साधकों और प्रशिक्षकों को स्वच्छ जीवन शैली का संदेश देने के लिए विभिन्न सत्र आयोजित किए। जिसमें प्रथम सत्र में योग में श्वास बिंदु एक महत्वपूर्ण अवधारणा है जो शरीर के विभिन्न बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करके और ऊर्जा के प्रभाव का संतुलित करने से संबंधित है। उन्होंने श्वास की योग क्रिया को सभी से कराते हुए बताया कि श्वास क्रिया से शारीरिक संतुलन, मानसिक शांति एवं स्वास्थ्य लाभ मिलता है। इसके पश्चात उन्होंने विरेचन क्रिया का योग अभ्यास कराते हुए सभी को विरेचन क्रिया के लाभ पाचन तंत्र की सफाई, विषाक्त पदार्थ का निष्कासन एवं शरीर की शुद्धि के बारे में बताया। निदेशक डॉ अंजू वालिया ने बताया कि दो दिवसीय योग महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य छात्र, छात्राओं एवं शिक्षकों को योग हेतु प्रेरित किया जाना है। सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन शुभम धीमान, बृज नरेश, उपासना राठी ने कराया। कार्यक्रम समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मामूली कहासुनी को लेकर मारपीट में एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव ताजपुर में मामूली का कहासुनी को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल ने अपने भाई तथा दो भतीजो पर मारपीट का आरा. ेप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित राजेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे वह अपने कमरे में पड़ा सो रहा था। इसी दौरान उसका भाई आकर उसके साथ बिना किसी वजह के गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगा। शोर शराबा सुनकर आए उसके भतीजो ने भी उसके साथ मारपीट की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद सिंह ने बताया कि घायल व्यक्ति का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

# सड़क व नाली टूटने से ग्रामीण परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** गांव बाईखेडी में सड़क व नाली टूटने से ग्रामीणों को करना पड़ा रहा है परेशानी का सामना सड़क टूटने से आए दिन ग्रामीण हो रहे चोटिल नाली का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है।

नगर के निकटवर्ती गांव बाईखेड़ी में सड़क और नाली टूट चुकी है। जिस कारण गांव में रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण महिला रीना देवी, दीपारानी, मंजेश ,वंशिका,वासु काजल, गौरव, छोटा, अतुल, आकाश, शिवांक, जसवीर, जयकुमार आदि ने बताया कि पिछले कई वर्षों से ग्राम प्रधान द्वारा गांव में सड़क और नालियों का निर्माण नहीं हो पाया है गांव की अधिकांश नालिया व सडक टूट चुकी है जिन पर चलना भी मुश्किल हो गया है। नाली टूटने के कारण घरों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। ग्राम प्रधान से कई बार गांव में सड़क व नए निर्माण के लिए कह चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। गर्मी के मौसम में गंदा पानी सड़कों पर भरने के कारण गांव में मच्छरों का प्रकोप भी बड़ा हुआ है जिससे गांव में संक्रमण बीमारियों बढ़ाने का खतरा मंडराने लगा है । ग्रामीण महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है गांव में नाली व सड़कों का निर्माण कराया जाएं।

# गुल्लर वाले बाबा के उर्स में कव्वालों ने बांधा समां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे मे बिजली घर के पास स्थित हजरत अजमत अली शाह (गुल्लर वाले पीर) का सालाना उर्स बड़ी अकीदत के साथ मनाया गया। इस दौरान चादरपोशी कर मुल्क की तरक्की, खुशहाली और अमनो अमान की दुआएं की गई। देर रात तक आयोजित कव्वालियों ने लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कस्बे के दिल्ली यमुनोत्री हाइवे पर बिजलीघर के सामने स्थित हजरत अजमत अली शाह (गुल्लर वाले पीर) के सालाना उर्स के मौके पर असर की नमाज के बाद चादरपोशी करते हुए मुल्क की तरक्की, खुशहाली और अमनो अमान के साथ साथ भारतीय सेना का हौसला बढ़ाने के लिए दुआएं की गई। मगरिब के बाद लंगर बांटा गया और ईशा के बाद हजरत अजमत अली शाह की शान में महफिल ए कव्वाली आयोजित की गई जिसमें कव्वाल हसीन शौकीन साबरी ने समां बांध दिया और लोगों को झूमने पर मजबूर किया। इस मौके पर हजरत अजमत अली शाह (गुल्लर वाले पीर) के सज्जादानशीं सैयद रियाज हुसैन, कमेटी के अध्यक्ष शेख परवेज आलम, सैयद रिजवान हुसैन, बाबा कमाल अली शाह वारसी, शेख अब्दुल सत्तार, साबिर खान, समीर खान, कलीम हुसैन, इंतजार हुसैन, पीरु मियां, मोहम्मद मुस्तकीम, डॉ मोहम्मद उस्मान, शेखघ नादिर मामा, फैसल मंसूर, तमजीद अली, रहमान हुसैन, अजीम हुसैन, शाह हुसैनी, डॉक्टर साबिर, उमर पीरजादा, फारूक पीरजादा, कामरेड मेहरबान, डॉक्टर उस्मान, तौफीक शेख, डॉक्टर साबिर बेहटवी, तंजीद अली आदि मौजूद रहे।

# जेई व एक्सईएन को किसानों ने घेरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** बीते 10 दिनों से करीब आधा दर्जन गांवों में विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के चलते पसरे अंधेरे से तंग आकर भाकियू ने न केवल जेई का घेराव किया बल्कि एक्सईएन के कार्यालय को घेर कर नारेबाजी की।

शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन अंबावत के प्रदेश उपाध्यक्ष बलराज सिंह के नेतृत्व में यूनियन ने गांव इस्लामनगर स्थित बिजली घर पहुंच कर विद्युत विभाग के जेई का घेराव कर नारे बाजी की। उनका कहना था कि विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के चलते पिछले 10 दिनों से गांव शेरपुर, मुकुंदपुर, डकरावर सलेमपुर, सांचलु, बम्बियाला, माजरी सिखेड़ा आदि गांव में अंधेरा पसरा है। यहां तक की पशुओं के लिए पानी पीने की व्यवस्था भी चरमरा गई है। 70 सिंचाई के नलकूपों के कनेक्शन किए गए हैं जिनकी लाइन अलग है जबकि उन्हें ग्रामीण विद्युत सप्लाई से जोड़ा गया है। जिस कारण विद्युत सप्लाई पूरी तरह से ठप हो गई है।बाद में गुस्साए किसानों ने कस्बे में बिजली एक्सईएन कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी की व धरना दिया। एक्सईएन ने आश्वासन दिया कि अति शीघ्र व्यवस्था को सही कर लिया जाएगा। तब जाकर यूनियन के लोग शांत हुए। इस दौरान अमित राठी, बृजपाल सिंह, चौधरी मांगेराम, प्रधान डकरावर, अशोक चौधरी, अंकुर पंवार, ओमप्रकाश रिजवान अहमद, सत्य प्रकाश सैनी सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# दलिये में मिले जिन्दा कीड़े



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** बाल विकास एवं पुष्टाहार योजना के अंतर्गत गर्भवती महिला को मिलने वाले दलिया के पैकेट में गत दिवस जिंदा कीड़े मकोड़े निकलने से हड़कंप मच गया। शुक्रवार को एसडीएम ने आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचकर जांच करते हुए खाद्य सामग्री के सैंपल लेकर फूड विभाग को जांच के लिए भेजे।

नानौता के गांव शेखपुरा निवासी एक गर्भवती महिला को बाल विकास एवं पुष्टाहार योजना के अंतर्गत दलिया रिफाइंड आदि सामग्री वितरित की गई थी। उक्त महिला ने जैसे ही दलिये का पैकेट खोला तो उसमें जिंदे कीड़े दिखाई दिये महिला ने यह बात परि. जनों को बताई परिजनों ने संबंधित अधिकारियों से इसकी शिकायत की। शुक्रवार को एसडीएम पूर्वा शर्मा ने गांव शेखुपुरा के आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची उक्त मामले की जांच करते हुए खाद्य सामग्री के नमूने लेकर फूड विभाग को जांच के लिए भेज दिया एसडीएम ने बताया कि मामले की जांच कर रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी सहित उच्चाधिकारियों को सौंपी जाएगी।

# रंगोली व मिट्टी से बनाई कलाकृतियां




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर के पी. एम. श्री विद्यालय में आयोजित समर कैम्प के तीसरे दिन विद्यार्थियों ने रंगोली, मिट्टी से कलाकृति बनाई।

प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में चलाए जा रहे पन्द्रह दिवसीय समर कैम्प में विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बी ई ओ योगेश शर्मा ब्लॉक क्षेत्र के विद्यालयों में घूम घूम कर समर कैम्प की स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समर कैम्प के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा। पी. एम.श्री विद्यालय नकुड़ में आयोजित समर कैम्प के संचालक राजेश जैन व अरविन्द कुमार ने बताया कि बच्चों ने रंगोली, मिट्टी की कलाकृति बनाई। चलचित्र के माध्यम से प्रेरणा दायक मूवी दिखाई गई। इसके अलावा खेल खेल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के मौके दिए जा रहे हैं। क्षेत्र के खारिबांस, रानीपुर, जगहेता गुर्जर, पदम नंगली, शुक्रताल, त्रिपड़ी, नाहर माजरा, बिशनपुर, थावनी, आदि विद्यालयों में भी समर कैम्प में उत्साह देखने को मिल रहा है।

## लाखों के सोना चांदी व कीमती सामान पर हाथ साफ

**नागल।** सोमवार रात थाना क्षेत्र के गांव पांडोली में चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए अलमारी से लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर तथा सामान चोरी कर लिया है।

नफीस ने पुलिस को बताया कि वह बृहस्पतिवार शाम अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में गया था। घर पर इसका एक लड़का तथा लड़की अकेली थी। रात के समय चोर उनके घर में घुस आए और घर में रखी अलमारी का ताला खोलकर वहां से लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर तथा अन्य सामान चोरी कर ले गये है। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद सिंह ने बताया कि पुलिस के अलावा फॉरेंसिक टीम को बुलाकर चोरी की घटना की जांच कराई गयी है। प्रथम दृश्य मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। घटना सुसंगत धाराओं में दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जा रही है। वहीं पुलिस अभी तक तीन दिन पूर्व गांव फतेहपुर में हुई चोरी की घटना का सुराग नहीं लगा पाई है।

# धड़ल्ले से चल रहा मिट्टी के अवैध खनन का कारोबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे मिट्टी का अवैध खनन के कारोबार को रोक पाने में प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। इसको प्रशासन की लापरवाही कहा जाए या फिर मिलीभगत यह भी एक बड़ा सवाल बनता है।

बताते चलें कि थाना क्षेत्र में खनन माफियाओं का अवैध कारोबार खूब फल-फूल रहा है। उन्हें ना तो पुलिस का डर है न ही खनन विभाग का खौफ। क्षेत्र में बेखौफ खनन माफिया खेतों की छाती चीरकर मिट्टी निकाल रहे है। अवैध खनन के इस कारोबार में चलने वाले अधिकतर ट्रैक्टर ट्रॉलियों को बिना नंबर प्लेट व बिना व्यावसायिक रजिस्ट्रेशन के प्रयोग में लाया जा रहा हैं। इसके बाद भी प्रशासन इन खनन माफियाओं के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता हुए नजर नही आ रहा है। सड़कों पर अवैध मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉलियों को दिन रात दौड़ते हुए देखा जा सकता है। क्षेत्र में चारों ओर कहीं न कहीं पर अवैध मिट्टी का कारोबार चल रहा है। कुछ खनन माफियां भट्टे की आड़ में आठ से दस फिट की गहराई तक मिट्टी का अवैध खनन कर रहे हैं। यह एक ऐसी गतिविधि है जो खुले तौर पर अवैध रूप से की जा रही है। जो कि विभिन्न पर्यावरणीय व सामाजिक समस्याओं का कारण भी बनती है। यह गतिविधि अक्सर बिना मानक परमिट या लाइसेंस के की जा रही है। हालांकि खनन विभाग दावा करता है कि अवैध खनन रोकने के लिए समय समय पर कार्रवाई की जाती है, लेकिन जमीन पर हकीकत कुछ और ही नजर आती है। सूत्रों की मानें तो अवैध खनन से प्रतिदिन लाखों रुपये की कमाई हो रही है। जिसमें विभाग के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत भी बताई जा रही है। आखिर प्रशासन कब जागेगा और कब मिट्टी के इस अवैध खनन पर रोक लगेगी यह एक सोचनीय विषय है। मिट्टी के इस अवैध खनन से न केवल सरकारी खजाने को चूना लग रहा है, बल्कि सड़क हादसों की संख्या भी बढ़ रही है।

अब देखना यह है कि प्रशासन इस काले कारोबार पर लगाम लगाने में सफल होता है या फिर खनन माफिया इसी तरह कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते रहेंगे।

**सूचना**

मैने अपना नाम अबुज़र ABUZAR से बदलकर अबुज़र राजपूत ABUZAR RAJPOOT रख लिया है। भविष्य में मुझे अबुज़र राजपूत ABUZAR RAJPOOT के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**अबुज़र राजपूत पुत्र दोस्त मौ. निवासी ग्राम धानवा, थाना तीतरो, तहसील नकुड, जिला सहारनुर।**

# बेहट, चिलकाना व नानौता में निकाली तिरंगा यात्रा







**बेहट।** भाजपा मंडल सढौली कदीम में आज तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा का भव्य आयोजन किया गया।

आज भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र बंसल के आवास पर भाजपा मंडल सढौली कदीम के बहुत से कार्यकर्ता इकठ्ठे हुए और सभी ने अपने अपने विचार प्रकट करते हुए देशभक्ति का संकल्प दोहराते हुए राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने की अपील की है। इसके बाद यहीं से यात्रा का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र बंसल, प्रमुख समाज सेवी एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय सैनी, मंडल अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र कुमार, प्रदीप गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष नरेश राणा, समय सिंह नौटियाल, नरेश राणा, उज्ज्वल कंबोज, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अर्जुन सैनी, महामंत्री एडवोकेट संदीप कुमार सहगल प्रधान संगठन अध्यक्ष, सूरत सिंह प्रधान, जोगिंदर सिंह प्रधान राजेश शर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक गोपाल कश्यप, सुनील गुप्ता, विजय पाल चौधरी, पपल सिंह, अतर सिंह, भगत जी, सुखपाल बंसल, गोपाल कश्यप, महिपाल कश्यप, मनोज सैनी, मेजपाल आर्य आदि बहुत से लोग उपस्थित रहे हैं।

**छुटमलपुर।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदुर की शानदार सफलता के उपलक्ष्य में आज छुटमलपुर कस्बे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा थामकर हिंदुस्तान जिंदाबाद और भारत माता की जय के नारे लगाए, जिससे नगर में देशभक्ति का माहौल बन गया। यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सेना के शौर्य को सलाम किया।

यात्रा में पूर्व विधायक नरेश सैनी, भाजपा नेता अभय राणा, योगेश पुंडीर, बिजेंद्र कश्यप, ब्लॉक प्रमुख राखी पुंडीर, मंजू शर्मा, कविता अरोड़ा, प्रतीत उपाध्याय, दिनेश भारद्वाज, देशराज पुंडीर, विकास गुप्ता, दुबे सिंह कंबोज, अनुज राणा, अमित सेन, हेमंत सैनी, सचिन बंसल और विशाल बंसल सहित कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे। यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें कार्यकर्ताओं ने तिरंगे के साथ सेना के साहस और बलिदान को याद किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेश सैनी ने कहा कि भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदुर देश की सुरक्षा और संप्रभुता की दिशा में एक ऐतिहा. सिक कदम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे देशभक्ति के इस जज्बे को और मजबूत करें। भाजपा नेता योगेश पुंडीर ने भी सेना के जवानों की बहादुरी की सराहना की और कहा कि तिरंगा यात्रा देश के प्रति एकता और समर्पण का प्रतीक है।

यात्रा के दौरान स्थानीय लोग भी सड़कों पर उतरे और नारों के साथ सेना को समर्थन दिया। यह आयोजन न केवल सेना के प्रति सम्मान का प्रतीक बना, बल्कि कस्बे में राष्ट्रीय एकता का संदेश भी फैलाया।

**नानौता।** ब्लॉक प्रमुख चांदनी राणा पत्नी ऋषिपाल राणा के नेतृत्व में सेना के सम्मान तिरंगा यात्रा निक. ाली गई तिरंगा यात्रा मे भारी भीड़ उमड़ी।

नानौता के ब्लॉक परिसर से ब्लाक प्रमुख चांदनी राणा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा शुरू होकर संजय चौक पर पहुंची जहां से ब्लॉक प्रमुख के संबोधन के बाद वापिस ब्लॉक की ओर यात्रा रवाना हुई। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख चांदनी राणा ने कहा कि हमारी सेना ने बहादुरी का परिचय देते हुए पाकिस्तान को धूल चटाने का काम किया और पाकिस्तान को भारत के सामने झुकने के लिए मजबूर किया। उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की बहादुरी और जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि सरकार ने देश की बेटियों को जिम्मेदारी दी कि वें पाकिस्तान को सबक सिखाने का काम करें और दोनों ही देश की बेटियों ने यह करके दिखाया। जिसके लिए पूरा देश उनका आभारी है। यात्रा के दौरान हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल रहे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

## कार्यालय महाप्रबन्धक ( जल ), नगर निगम सहारनपुर।

पत्रांक 202 / ज.क. / न.नि.सहा. / 2025-26 दिनांक 22 मई, 2025

**- : अति अल्पकालीक ई- निविदा सूचना :-**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर निगम सहारनपुर क्षेत्रान्तर्गत राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत 01 कार्य हेतु अनुभवी एवं योग्यता धारी फर्मो/ठेकेदारों से दिनांक 27-05-2025 को अपरान्ह: 300 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर डबल बिड सिस्टम से (टेक्निकल /फाईनेन्सियल) ऑनलाईन के माध्यम से आमन्त्रित की जाती है. टेण्डर मूल्य एवं धरोहर राशि ऑनलाईन के माध्यम से वेबसाइट etender.up.nic.in पर ही देय होगी। निविदा के साथ वांछित धनराशि का हैसियत प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र, पैन नम्बर, जी.एस.टी. नम्बर, लेबर यू.पी. इलैक्ट्रोनिक्स कार्पोरेशन लि. लखनऊ के पंजीकरण की छायाप्रति, लेबर आफिस द्वारा निर्गत पंजीकरण प्रमाण-पत्र की छायाप्रति, शपथ पत्र तथा निविदा प्रपत्र में उल्लेखित शर्तो में मांगे गये अन्य आवश्यक अभिलेख निविदादाता को ऑनलाइन टेक्निकल बिड में स्वप्रमाणित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। स्वप्रमाणित प्रपत्र अपलोड न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी, जिस हेतु कोई कलैम मान्य नहीं होगा ऑनलाईन टेक्निकल बिड www.etender.up.nic.in पर दिनांक 27-05-2025 को सायं 4:00 बजे समिति द्वारा खोली जायेगी, विस्तृत शर्ते, विवरण, एवं निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://etender.up.nic.in एवं www.saharanpur.nic.in पर उपलब्ध है:-

| | |
|---|---|
| E-Bid Reference | |
| Publish Date and time for RFP | दिनांक 22-05-2025 से |
| Last Date time for submission of E-Bids | दिनांक 27-05-2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक |
| Date and time of Technical opening bids | दिनांक 27-05-2025 को सायं 4:00 बजे |
| Palace of opening of E-bids | JalKal Vibhag, Nagar nigam Saharanpur |
| E-Bids security of E-Bids | 10% security of tender value |
| E-tender Document Processing fee | As per tender list columan no 6- |

नोट :- बिना अग्रिम जमा धनराशि/टेण्डर मूल्य के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

**महाप्रबन्धक ( जल )**
**सहारनपुर नगर निगम।**

# वाहन की चपेट में आकर युवक गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है।

गुरुवार की देर रात गांव हुलाशगढ़ निवासी 24 वर्षीय अनुज अपनी बाइक पर सवार होकर देवबंद से वापस गांव लौट रहा था। जैसे ही वह गांव असदपुर करंजाली रोड पर पहुंचा तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिस कारण अनुज जमीन पर गिरकर घायल हो गया। मौके पर एकत्रित हुए लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए देवबंद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना मिलने पर घायल युवक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय के समक्ष किया पेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शिक्षिका के साथ दुष्कर्म के आरोपी स्कूल प्रबंधक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। नगर स्थित एक मोहल्लेनिवासी शिक्षिका ने मोहल्ले के ही निवासी स्कूल प्रबंधक पर उसके साथ स्कूल में चाकू से भयभीत कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। शिक्षिका की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी स्कूल प्रबंधक संदीप के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी संदीप को स्टेट हाइवे स्थित दिव्य ज्ञान पब्लिक स्कूल के पास से गिरफ्तार किया गया था।

# पदाधिकारियों का पटका पहनाकर किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विशाल सैनी समिति द्वारा कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राजू सैनी को पुनः नगराध्यक्ष चुना गया। संगठन के जिलाध्यक्ष मान सिंह ने सभी पदाधिकारियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

शुक्रवार को स्थानीय कार्यालय पर हुई बैठक में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इसमें निर्विरोध राजू सैनी अध्यक्ष, आदेश सैनी कोषाध्यक्ष, राममोहन सैनी महामंत्री, कल्लू सैनी उपाध्यक्ष, राजेश मिस्त्री, प्रवेश सैनी, मौनू सैनी व संदीप सैनी को मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा कई लोगों को संगठन का सदस्य भी बनाया गया। जिलाध्यक्ष मान सिंह सैनी ने कहा कि उन्हें आशा है कि सभी पदाधिकारी समाज को संगठित करने एवं समाज सेवा के लिए तत्पर रहेंगे।



पुनः नगराध्यक्ष बने राजू सैनी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

अध्यक्षता संरक्षक रामकला सैनी ने की। बैठक में प्रमोद सैनी, अनिल मास्टर, मांगेराम सैनी, धर्मवीर सैनी, जगत सैनी आदि मौजूद रहे।



**देवबन्द।** राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह का स्वागत कर स्कूल चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता व अन्य

# मेधावी छात्र-छात्राओं को वितरित की छात्रवृत्ति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दून वैली पब्लिक स्कूल में 'हर्ष विद्या रत्न पुरस्कार समारोह' का आयोजन कर कक्षा दस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को 25.32 लाख रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की गई। समारोह में छात्र-छात्राओं ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर सभी का मनमोह लिया।

दून वैली पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित 'हर्ष विद्या रत्न पुरस्कार समारोह' में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि शिक्षा मनुष्य को वास्तव में मनुष्य बनाती है। केवल शिक्षा के माध्यम से ही समाज और देश का उत्थान संभव है। उन्होंने छात्रवृत्ति पाने वाले सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा हासिल करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में स्कूल के पूर्व छात्रों में गोल्ड मेडिलिस्ट कुणाल वर्मा, एशियन ऑफ रेसलिंग लक्ष्य अरोरा, आईपीएल की चेन्नई सुपर किंग टीम में चयनित विक्रांत राणा, इंडियन फॉरेस्ट सर्विस में चयनित आमिर नौशाद, वंश चौधरी, उत्कर्ष बंसल व सार्थक सिंघल को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य सीमा शर्मा, चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता, डायरेक्टर अनुराग सिंघल ने छात्रों को समाज सेवा व राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करने के साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।







समारोह में पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सचिव डा. अनवर सईद, डॉ. डीके जैन, भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता, विनोद गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, सेठ कुलदीप, जनार्दन दास त्यागी एड. आदि छात्र-छात्राएं सहित नगर के गणमान्य लोग शामिल रहे।

# आमिर नौशाद का ढ़ोल नगाड़ों के साथ किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भारतीय वन सेवा अधिकारी के लिए आमिर नौशाद का चयन होने के बाद पहली बार अपने गृह नगर देवबन्द पहुंचने पर आमिर नौशाद को रोहाना टोल प्लाजा से ढ़ोल नगाड़ों के साथ घर लेकर पहुंचने पर परिजनों व मौहल्ले वासियों ने स्वागत किया।

सोमवार को यूपीएससी का घोषित परीक्षा परिणाम में मोहल्ला सराय पीरजादगान (अशफाकउल्लाह खां मार्ग) निवासी आमिर नौशाद ने 120वीं रैंक प्राप्त कर भारतीय वन सेवा अधिकारी के लिए चयन होने पर पहली बार अपने गृह नगर देवबन्द पहुंचने पर परिजनों व नगर वासियों ने दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित रोहाना टोल प्लाजा पर एकत्र होकर आमिर नौशाद के वहां पहुंचते ही उन्होंने फूल मालाएं पहनाकर और आतिशबाजी छोड़कर उनका स्वागत किया। कारों और बाइकों के काफिले के साथ लोग उन्हें घर तक लेकर पहुंचे। इस दौरान आमिर नौशाद ने बताया कि कठिनाईयों के बीच नौ प्रयासों के बाद उन्हें यह सफलता मिली। इसका श्रेय माता पिता, परिवार, दोस्तों और गुरुजनों को जाता है। जिन्होंने हर मुश्किल में उसका साथ दिया और आगे बढ़ने के लिए हौंसला दिया। उन्होंने कहा कि यदि मन में सच्ची लगन हो और मेहनत पर भरोसा हो तो सफलता जरुर मिलता है। पिता नौशाद प्रधान ने कहा कि बेटे की सफलता पर उन्हें बहुत गर्व है। यह उनकी दिनरात की मेहनत और खुद पर विश्वास का परिणाम है। इस मौके पर हाजी इमरान, माजिद अली, पप्पू, सभासद पति रिजवान गोड, वसीम मलिक, शराफत मलिक, अरशद, अमीर आलम, सभासद अख्तर अंसारी, वाजिद मलिक, खुशनसीब खान आदि शामिल रहे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**देवबन्द।** आईआईएचटी पैरा मेडिकल हास्पिटल में शुक्रवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का उद्घाटन चेयरमैन डॉ. कुलदीप राणा ने किया। इसमें नगर क्षेत्र के 150 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयों का वितरण किया गया। वरिष्ठ चिकित्सक डा. विशाल जैन ने बताया कि स्वास्थ्य जांच के अलावा कुछ रोगियों की फिजियोथेरेपी भी की गई है।

# डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती शोभा यात्रा के अध्यक्ष बने सुगम चंद्र प्रधान

**नगीना।** डा. भीमराव अम्बेडकर पार्क नगीना में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें डा. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती शोभायात्रा के अध्यक्ष पद हेतु चुनाव व निवर्तमान अध्यक्ष सतीश कुमार गौतम (पूर्व विधायक) ने इस्तीफा दिया। जिसमें नये अध्यक्ष पद हेतु सर्वसम्पत्ति से कार्यवाही कर सुगम चंद्र प्रधान को नया अध्यक्ष चुन लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम बैठक का संचालन मदनपाल पूर्व बाबू नगर पालिका परिषद के द्वारा किया गया। बैठक की अध्यक्षता सतीश कुमार गौतम ने की। बैठक में सर्वप्रथम सतीश कुमार गौतम ने डा. अम्बेडकर शोभायात्रा के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देते हुए सम्पूर्ण कार्यकारणी को भंग किया। बैठक में शहर नगीना के समाज के सभी मौहल्लों के सम्मानित व्यक्तियों की उपस्थिति में डा. अम्बेडकर शोभायात्रा के सम्बन्ध में नये अध्यक्ष का चुनाव किया गया। इस चुनाव में मौ. चौधराना, मौ. लालसराय, मौ. खुर्रम अली सराय, मौ. पधान की सराय, मौ. बिश्नोई सराय रेती, मौ. पहाडी दरवाजा, मौ. आजाद कलौनी, मौ. अम्बेडकरनगर, मौ. लुहारी सराय आदि के सम्मानित व्यक्तियों द्वारा निर्विरोध सर्वसम्मति से सुगम चन्द प्रधान को डा. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती शोभायात्रा समिति का अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर मनोज कुमार, बलराम सिंह, अमित कुमार, प्रेमचंद, कैलाश चंद्र आदि रहे।



# फ्लाईओवर से कूदने के मामले में पुलिस को नहीं मिली तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** प्रेमी-युगल के फ्लाईओवर से कूदने के मामले में चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने किशोरी के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दिए जाने के कारण कोई कार्रवाई नहीं की है। पुलिस अभी तहरीर का इंतजार कर रही है।

बता दें, कि 20 मई को लखनौती गांव निवासी हर्षित त्यागी ने प्रेमिका के साथ फ्लाईओवर से छलांग लगा दी थी। इसमें किशोरी की मौत हो गई थी। जबकि हर्षित घायल हो गया था, जो अभी भी अस्पताल में उपचाराधीन है। घटना को हुए चार दिन का समय गुजर गया। लेकिन पुलिस ने मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है, न ही किशोरी के परिजनों से पूछताछ की गई है। सीओ रविकांत पाराशर का कहना है कि मृतक किशोरी के परिजनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है। पुलिस भी तहरीर मिलने का इंतजार कर रही है। गम और गुस्सा होने के कारण पुलिस भी अभी कार्रवाई को आगे नहीं बढ़ा रही है। तहरीर मिलते ही पूर्व में दर्ज रिपोर्ट में धाराओं की वृद्धि की जाएगी।

## खिलाडियों को राज्यमंत्री ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राज्यस्तरीय कराटे चैपियनशिप में पदक जीतकर देवबंद का नाम रोशन करने वाले बसंत कराटे एकेडमी के खिलाड़ी निशु प्रजापति, तनु, भारती, आयुष व वासु को शुक्रवार को राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाडियों को विभिन्न सुविधाएं मुहैया करा रही है। उन्होंने सभी खिलाडियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कोच बसंत उपाध्यक्ष ने सभी का आभार जताया।

## समार कैम्प में प्रतियोगिताएं

**नहटौर।** बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में समर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय किसान यूनियन मंडल उपाध्यक्ष चौधरी लोकेंद्र सिंह डोडवाल, डॉ. शशांक गौतम नहटौर, डॉ. अवनीश कुमार फलोदी एवं बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक राजीव कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा, विनेशपाल सिंह आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन करके किया। यह समर कैंप विद्यालय में 21 मई से 24 मई तक आयोजित किया जाएगा। समर कैंप में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे बैडमिंटन, स्विमिंग, डांस म्यूजिक, मेहंदी, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्किल डेवलपमेंट आदि प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन मंडल उपाध्यक्ष लोकेंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रकार के समर कैंप में होने वाली प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं का मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। अतः सभी छात्र छात्राओं को समर कैंप की विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना चाहिए। समर कैंप की विभिन्न प्रतियोगिताओं में सभी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन दीपा शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुज कुमार, कपिल कुमार, सुरेंद्र सिंह, नकुल कुमार त्यागी, दिनेश कुमार, नरेश कुमार, आशू कुमार, विजेंद्र सिंह, दीपक कुमार दक्ष, सुमन वर्मा, अदिति, दीपा शर्मा, विनीता, गजेंद्र कुमार आदि का सहयोग रहा।

## आफताब मंसूरी को बड़ी जिम्मेदारी

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन प्रधान के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान ने आफताब मंसूरी निवासी सराय आलम नांगल बिजनौर को मुरादाबाद मण्डल सचिव के पद पर नियुक्त किया है। आशा की जाती है कि आप अपने क्षेत्र के किसानों ओर मजदूरों, गरीबों की समस्याओं के लिए संघर्षरत रहते हुए समय समय पर उनकी समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयास करते हुए यूनियन की लोकप्रियता को बनाये रखेंगे और भारतीय किसान यूनियन प्रधान के सपनो को साकार करने करते रहेंगे। भारतीय किसान यूनियन प्रधान आपकी सफलता की सदैव कामना करती रहेगी। आफताब मंसूरी साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी के भांजे है।

## मेरा वार्ड सबसे स्वच्छ व स्वस्थ: मौ. परवेज

**चांदपुर।** नगर पालिका परिषद बोर्ड के मोहल्ला बाजार वार्ड 19 से लगातार तीसरी बार जीतने वाले सभासद मोहम्मद परवेज ने कहा है कि पालिका बोर्ड व बोर्ड अध्यक्षा जीनत परवीन के लगातार मिल रहे सहयोग से मेरे वार्ड मे विकास कार्य कराये जा रहे है। नालियाँ और सडके लगातार बन रही है। वार्ड मे बेहतर साफ सफाई के लिए प्रतिदिन पालिका की ओर से सुखा वे गीला कूड़ा उठाने की बेहतर व्यवस्था बनी हुई है, जिससे मेरे वार्ड में किसी प्रकार की कोई गंदगी नहीं है। मेरा प्रयास वार्ड की जनता के लिए सदैव सेवाभाव में रहता है। मेरा वार्ड सबसे स्वच्छ सुंदर और स्वस्थ बना रहे, इसमें मेरे वार्ड की जनता का भी मुझे भरपूर सहयोग मिलता रहता है। उन्होंने कहा है कि वह सभी अनावश्यक रूप से जल न बहाए और न ही सड़कों पर गलियों में कूड़ा डालें। स्ट्रीट लाईट हो या किसी को कोई समस्या हो वो अपने वार्ड की जनता का स्वयं ही ख्याल रखते हैं और समाधान करने का प्रयास करते हैं।

# पूर्व मंत्री सुरेश राणा के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

**थानाभवन।** थानाभवन मे पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा के नेतृत्व मे तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का कस्बे मे अनेक स्थानो पर नगरवासियो ने पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के अर्न्तगत पाकिस्तान को जो करारा जवाब दिया है उसे पाकिस्तान कभी नही भूलेगा। हाथों में तिरंगा लिए भाजपा व हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा के नेतृत्व मे नगर मे तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा का शुभारम्भ मन्दिर दयाल आश्रम से हुआ इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने कहा पहलगाम मे निर्दोष हिन्दुओ की आतंकवादियो द्वारा की गई हत्याओ को लेकर मोदी जी के नेतृत्व मे भारतीय सेना ने पाकिस्तान को जो करारा जवाब दिया उसे पाकिस्तान लम्बे समय याद रखेगा। मोदी जी ने पानी, व्यापार आदि बातचीत बंद कर पाकिस्तान को जहॉ कडा संदेश दिया वही भारतीय सेना ने पाकिस्तान के एयरबेस व आतंकवादियो के अड्डे पर जो भीषण हमला किया उसने पाकिस्तान को अन्दर तक हिला दिया। पूरा देश इसके लिए मोदी जी व भारतीय सेना का सम्मान करता है। भारतीय सेना के सम्मान मे तिरंगा यात्राओ का आयोजन किया जा रहा है।



कर्नल सोफिया कुरेशी व विंग कमाण्डर व्योमिका सिंह के चित्रो की तख्तीयॉ व तिरंगा हाथ मे लिए लोगो ने तिरंगा यात्रा मे भारत माता की जय, भारतीय सेना जिन्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। देश भक्ति के गीतो के साथ तिरंगा यात्रा का घासमण्डी, चौक बाजार, हेडगवार मार्ग, मेन बस स्टैण्ड, चरथावल बस स्टैण्ड, मौ0 हकीमान आदि स्थानो पर नगरवासियो ने पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया। तिरंगा यात्रा का समापन मन्दिर दयाल आश्रम मे हुआ। तिरंगा यात्रा मे संजय शर्मा पूर्व चेयरमैन जिला उपाध्यक्ष आनन्द पुण्डीर, जिला महामंत्री चौ0 राजेन्द्र सिंह, पंकज राणा, जिलामंत्री पीयूष सैनी, विहिप जिलाध्यक्ष प्रदीप राणा, गन्ना समिति चेयरमैन राजेश राणा, संघ चेयरमैन महेश गोयल, ठा0 राज. कुमार पूर्व चौयरमेन गन्ना परिषद, डायरेक्ट सोहनवीर सिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष पंडित पवन गौतम, ऋषिपाल फोजी, रेणू सिरोहा, चकरेश राणा, जिला पंचायत सदस्य नीरज सैनी, ब्लाक प्रमुख दीपक कोरी, धीरज नारंग, भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष सिंघल, रवि चौधरी, प्रेमचन्द, अमित मित्तल, रविन्द्र गोयल, ब्रजेश बाल्मिकी, उमेश सैनी, जितेन्द्र राणा, अनुज संगल, प्रधान श्याम सिंह, प्रधान नीटू सैनी, जगमाल सैनी, मेनपाल सैनी, प्रदीप पुण्डीर, महावीर पाल, कन्हैया सैनी, सुरेशपाल, नीरज उर्फ पाटी, अनिल कुमार, शालू राणा, भारत भूषणशर्मा, बिन्नी राणा, देवेन्द्र पंडित, सोनू अग्रवाल आदि बडी संख्या मे कार्यकर्ताओ ने तिरंगा यात्रा मे भाग लिया।

## भारतीय संस्कृति संरक्षण शिविर 25 मई से

**धामपुर।** भारतीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से आचार्य डॉ. दिनेशचन्द्र भारद्वाज के सानिध्य में दस दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन होने जा रहा है। यह शिविर 25 मई से प्रारंभ होकर 3 जून तक अनन्त श्रीशिवशक्तिपीठ एवं संस्कार शाला आश्रम, धामपुर में आयोजित किया जाएगा।

शिविर प्रतिदिन प्रातः 8 से 10 बजे तक और सायं 6 से 8 बजे तक संचालित होगा। इसमें बच्चों को वेद-पुराण, शास्त्र-मंत्र, भारतीय संस्कृति और संस्कारों का गहन व व्यवहारिक ज्ञान दिया जाएगा। उद्देश्य है, नई पीढ़ी को हमारी प्राचीन आध्यात्मिक धरोहर से जोड़ना और उनमें भारतीय सभ्यता के प्रति गौरवबोध उत्पन्न करना। आचार्य डॉ. दिनेशचन्द्र भारद्वाज ने अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे अपने बच्चों को इस अनोखे और लाभकारी शिविर में अवश्य भेजें। यह शिविर बच्चों के चरित्र निर्माण और सांस्कृतिक विकास के लिए एक सुनहरा अवसर साबित हो सकता है। शिविर का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह करेंगे।

## वारंटी गिरफ्तार

**शामली।** थाना आदर्शमंडी थानाभवन पुलिस द्वारा वांछित वारण्टी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार किया है। अभियुक्त राजकमल पुत्र कर्मवीर निवासी ग्राम सिक्का थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली, राहुल पुत्र जुबैर निवासी मौहल्ला चमडा पेठ कस्बा व थानाभवन शामली हैं।

# धामपुर में नशे की दलदल: खोता बचपन, बर्बाद होता भविष्य

**धामपुर।** नगर में एक स्याह सच्चाई गली, नुक्कड़ पर फैली हुई है, नशे की स्याही में डूबता भविष्य, टूटती उम्मीदें और एक पीढ़ी जो खुद से ही हारती जा रही है। धामपुर में नशे का कारोबार अब कोई छुपा हुआ विषय नहीं, बल्कि एक खुला रहस्य बन चुका है। हर कोई जानता है कि कौन नशा बेच रहा है, कौन इसे खा रहा है और कौन इसका शिकार बन रहा है, लेकिन सवाल है, क्यों कोई कुछ कर नहीं रहा?

### खोखली होती नींव: युवाओं का गिरता चरित्र और चेतना

नशा सिर्फ एक आदत नहीं, यह चरित्र और चेतना का क्षरण है। धामपुर में स्कूली छात्र, कॉलेज के युवक, बेरोजगार नौजवान सभी किसी न किसी रूप में इस दलदल में फंसते जा रहे हैं। पहले 'शौक' में शुरू हुआ गांजा या भांग का सेवन, धीरे-धीरे उनकी आदत और अंततः मजबूरी बन जाता है। जब जेब में पैसा नहीं होता, तो मोबाइल छीन लेते है, कहीं चोरी कर लेते हैं, या बहनों के गहने बेच देते हैं यह बयान है एक स्थानीय युवक का, जो पुनर्वास केंद्र में भर्ती होने से पहले नशे की गिरफ्त में था।

### नशा अब अपराध का प्रवेश द्वार बन चुका है

धामपुर पुलिस रिकॉर्ड बताता है कि बीते 2 वर्ष में चोरी, झपटमारी, घरेलू हिंसा और आपराधिक वारदातों में अधिक मामलों में अभियुक्त किसी न किसी प्रकार के नशे का सेवन करता पाया गया। नशा न केवल आत्मा को मारता है, बल्कि समाज को भी जड़ से हिलाता है। एक नशेड़ी युवक न केवल अपना जीवन बर्बाद करता है, बल्कि पूरे परिवार, मोहल्ले और समाज के लिए एक बोझ बन जाता है।

### माफिया के हौसले बुलंद प्रशासन मौन क्यों?

चंपा देवी, रेलवे लाइन के आसपास, जैतरा ये कुछ ऐसे इलाके हैं।

**सूचना**

मैंने अपना नाम PHOOL BANO से बदल कर PHOOL JAHA रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

PHOOL JAHAW/O
SHAMSHAD 193,
ABULMALI, DEOBAND
(SHARANPUR)

**सूचना**

मैंने अपना नाम SHAHJAD से बदल कर SHAHZAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

SHAHZAD S/O
SHAMSHAD 193
ABULMALI, DEOBAND
(SHARANPUR)

**सूचना**

मेरे पिता जी का नाम Jagpal है लेकिन मेरी हाई स्कूल की मार्कशीट में गलती से Jagpal Singh अंकित हो गया है। जबकि आधार कार्ड, पेन कार्ड आदि में Jagpal अंकित है।

अतः मैं अनिल कुमार निवासी गांव हुलासगढ़ देवबंद, यह घोषणा करता हूं कि मेरे पिता का नाम Jagpal Singh के स्थान पर Jagpal समझा जाए।

# पंजाब का लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाना



● श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स टीम का सामना आज दिल्ली कैपिटल्स के साथ होगा

**जयपुर, वार्ता।** पंजाब किंग्स का लक्ष्य 11 साल बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ में जगह पक्की करने के बाद शीर्ष दो में जगह बनाना है। वर्तमान में, टीम तीसरे स्थान पर है और उसका लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाकर क्वालिफायर 1 में खेलने और फाइनल में पहुंचने का मौका बनाना है।

श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स टीम का सामना शनिवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 66वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स से होगा, जो पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अपने निराशाजनक सीजन का शानदार तरीके से अंत करना चाहेगी। पंजाब इस सीजन में सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम रही है, जिसने 12 मैचों में 17 अंक प्राप्त किये हैं और दो मैच शेष रहते प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली है। अय्यर ने आईपीएल 2025 में 175 के स्ट्राइक रेट से 435 रन बनाए हैं, इसके अलावा पंजाब की बल्लेबाजी को प्रभसिमरन सिंह (458 रन) और प्रियांश आर्य (356 रन) के लगातार प्रदर्शन से मजबूती मिली है। विदेशी खिलाड़ियों मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस की वापसी से टीम बल्लेबाज और गें. दबाजी में ज्यादा मजबूती मिली है। गेंदबाजी के प्रारूप में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अब तक 16 विकेट चटकाकर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। स्पिनर युजवेंद्र चहल और ऑलराउंडर हरप्रीत बरार, जिन्होंने अपने पिछले मैच में 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे, संतु. लित गेंदबाजी का प्रदर्शन किया है, जो खेल को नियंत्रित करने में काफी सक्षम रहे हैं। दूसरी ओर, दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन में मजबूत शुरुआत के बाद संघर्ष किया है, अपने पिछले नौ मैचों में से केवल दो में जीत हासिल की है और प्लेऑफ की उम्मीदें खो दी हैं। उनकी बल्लेबाजी केएल राहुल पर काफी निर्भर है, जिन्होंने 504 रन बनाए हैं, जबकि अभिषेक पोरेल और अक्षर पटेल ने कभी-कभार टीम के लिए मददगार साबित हुए हैं। प्रमुख गेंदबाज मिशेल स्टार्क की अनुपस्थिति ने उनके गेंदबाजी आक्रमण को कमजोर कर दिया है, हालांकि मुस्तफिजुर रहमान और कुलदीप यादव ने टीम को काफी संभालने की कोशिश की है। सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच से शुरुआत में अच्छा उछाल और गति की सहायता मिलने की उम्मीद है, जो तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल है।




## खेलो इंडिया बीच गेम्स में हरियाणा का बोलबाला

■ कबड्डी फाइनल मुकाबलों में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में जीते स्वर्ण पदक

**दीव, वार्ता।** खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 शुक्रवार को खेले गए कबढी फाइनल मुकाबलों हरियाण की महिला और पुरुष वर्ग की टीमों ने स्वर्ण पदक जीते। सुबह घोघला बीच पर खेले पुरुष वर्ग के फाइनल में हरियाणा के कप्तान मोनू हुढा की अगुवाई में टीम ने राजस्थान पर पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए 48-29 से एकतरफा जीत दर्ज की। इस हार के साथ राजस्थान को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। महाराष्ट्र को दोनों वर्गों में कांस्य पदक मिला। दो सीजन तक प्रो कबढी में हरियाणा स्टीलर्स की ओर से खेल चुके 23 वर्षीय मोनू हुढावर्तमान में साईसोनीपत में प्रशिक्षण ले रहे हैं। मोनू ने मैच के बाद साई मीडिया से कहाकि यहां और मैट पर खेलने में तकनीकी अंतर है। यहां हर रेड 'डू ऑर डाई' होती है और हमें रस्सी पार नहीं करनी होती। हमें अंदर ही रहना होता है। उन्होंने कहाकि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमें यहां खेलने का मौका मिला और हम स्वर्ण पदक जीत पाए। खेलो इंडिया बीच गेम्स में प्रबंधन और सुविधाएं बहुत अच्छी हैं। रेत पर खेलने से पकड़ की ताकत और संतुलन बढ़ता है, जबकि मैट पर स्पीड अधिक होती है। इस वजह से हमें यहां स्थिरता पर अधिक ध्यान देना पड़ता है। वहीं महिला वर्ग के फाइनल में हरियाणा की टीम को हिमाचल प्रदेश की मजबूत चुनौती का सामना करना पड़ा। हरियाणा की युवा महिला टीम ने कड़े मुक. ाबले में हिमाचल प्रदेश पर 45-38 से जीत दर्ज की।

# गिल कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे

● जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और ऋषभ पंत भी टीम की कप्तानी की रेस में बराबर बने हुए है



**मुंबई, वार्ता।** दाएं हाथ के बल्लेबाज शुभमन गिल को टेस्ट में भारतीय टीम का कप्तान बनाया जा सकता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 7 मई और विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट से संन्यास ले लिया था। उनके रिटायरमेंट से टीम में लीडरशिप को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। गिल कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। उनके अलावा, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और ऋषभ पंत भी कप्तानी की दौड़ में बने हुए हैं। पंत अगर कप्तान नहीं बनते हैं तो उन्हें उप कप्तान बनाया जा सकता है। सिलेक्शन कमेटी शनिवार, 24 मई को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान कर सकती है। यह दौरा 20 जून से शुरू होगा। भारत को वहां 5 टेस्ट की सीरीज खेली जाएगी। शुभमन कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे शुभमन कप्तानी की दौड़ में बुमराह से आगे चल रहे हैं। वे वनडे और टी-20 में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। युवा बैटर्स में यशस्वी, पंत और शुभमन ही फिलहाल परमानेंट नजर आते हैं। शुभमन 25 साल के हैं और लगभग इसी उम्र में विराट ने भी कप्तानी संभाली थी, अगर शुभमन अभी कप्तान नहीं भी बने तो टीम उन्हें उप कप्तान बनाकर आगे के लिए तैयार कर सकती है। पिछले 5 सालों में दुनियाभर की पिचें बैटिंग के लिए मुश्किल रहीं। इसके बावजूद शुभमन ने बेहतरीन बैटिंग करते हुए 5 शतक लगाए हैं। फिटनेस परेशानी जसप्रीत बुमराह ने आस्ट्रेलिया दौरे पर 2 टेस्ट में कप्तानी की। पर्थ में टीम को जीत मिली, लेकिन सिडनी टेस्ट आस्ट्रेलिया ने जीत लिया। मुकाबले की पहली पारी में ही बुमराह इंजर्ड हो गए, उन्हें बैक स्पास्म की शिकायत हुई। जिसके बाद वह मैच में दोबारा बालिंग नहीं कर सके, इस कारण भारत दूसरी पारी में दबाव भी नहीं बना सका। बुमराह अक्सर फिटनेस से जूझते नजर आए हैं, 2022 में आखिरी बार इंजर्ड होने के बाद वह करीब 15 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे।

# किदांबी श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में

■ भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को हराया

**बुकित जलील, वार्ता।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपाव को हराकर मलेशियाई मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं।

यहां पुरुष एकल के रोमांचक क्वार्टर फाइनल में किदांबी श्रीकांत ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को हराने के लिए कड़ी मेहनत की। श्रीकांत ने एक घंटे 14 मिनट तक चले मैच में विश्व नंबर 18 पोपोव पर 24-22, 17-21, 22-20 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही अब श्रीकांत इस साल का पहला सेमीफाइनल खेलेंगे।

राउंड ऑफ 16 में आयरलैंड के विश्व नंबर 33 न्हाट गुयेन को हराने वाले किदांबी श्रीकांत शनिवार को सेमीफाइनल में जापान के विश्व नंबर 22 युशी तनाका से भिड़ेंगे। इस बीच तनिषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की भारत की मिश्रित युगल जोड़ी का सफर खत्म हो गया। भारतीय बैडमिंटन जोड़ी क्वार्टर फाइनल में चीन के जियांग जेनबैंग और वेई याक्सिन के खिलाफ 22-24, 13-21 से हार गए।

### खेल विशेष

## एंजेलो मैथ्यूज जून में टेस्ट क्रिकेट से लेंगे संन्यास

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान और ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज जून में बंगलादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। एंजेलो मैथ्यूज ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया मंच पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि वह सीमित ओव. रों की क्रिकेट के लिए जब भी देश को जरुरत होगी वह उपलब्ध रहेंगे। मैथ्यूज को एक साल से अधिक समय से किसी भी सीमित ओवर मैच के लिए श्रीलंका टीम में शामिल नहीं किया गया है। गॉल में होने वाला यह आगामी टेस्ट उनके टेस्ट करियर का 119वां और अंतिम मुक. ाबला होगा। उन्होंने एक्स पर लिखाकि मेरे प्रिय मित्रो और परिवार, दिल से धन्यवाद और अनगिनत यादों के साथ, अब टेस्ट क्रिकेट से विदाई लेने का समय आ गया है। श्रीलंका के लिए खेलना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। जब भी मैंने राष्ट्रीय जर्सी पहनी, उस देशभक्ति की भावना का कोई मुकाबला नहीं है।

# भारतीय टेक्नीशियंस नहीं लौटे पाक, बिना डीआरएस हो रहे मैच

■ पीसीएल में तकनीकी पर छाए संकट के बादल, 25 मई को होना है फाइनल मैच

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी मैच डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) के बिना खेले जाएंगे। यह तकनीक मुहैया कराने वाली टेक्नीशियन टीम लीग के फिर से शुरू होने के बाद पाकिस्तान वापस नहीं आई। रिपोर्ट के मुताबिक, टेक्निकल टीम में ज्यादातर भारतीय हैं।

पीसीबी ने 9 मई को पाकिस्तान-भारत के बीच टकराव के कारण पीसीएल स्थगित कर दिया था। सीजफायर के बाद 17 मई से इसे फिर शुरू किया गया है। पांच मैच बिना डीआरएस के ही खेले गए क्रिकेट की वेबसाइट क्रिकइंफो के मुताबिक, फिर शुरू हुए पीसीएल में अब तक 5 मैच हुए हैं। ये बिना डीआरएस के ही खेले गए हैं। हालांकि, इस बीच विवाद का मामला सामने नहीं आया है। वहीं, पीसीबी ने अभी तक इस पर सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहा है। लीग के अब 2 मैच ही बाकी हैं। फाइनल 25 मई को है, जबकि क्वालिफायर 23 मई यानी आज खेला जाना है। 2017 से पीसीएल में उपलब्ध था डीआरएस पीसीएल में डीआरएस का इस्तेमाल 2017 से शुरू हुआ था। इसका इस्तेमाल भी अब भी हो रहा था। भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव की वजह से पीसीएल को स्थगित किए जाने से पहले तक डीआरएस का इस्तेमाल किया जा रहा है। पहले पीसीबी बचे हुए मैच यूएई में करवाना चाहता था पीसीबी अपनी लीग के बचे मैच दुबई में कराना चाहता था, लेकिन ईसीबी ने मैच होस्ट करने से इन्कार कर दिया। 8 मई की सुबह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पीसीएल के बाकी मैचों को यूएई में कराने का ऐलान किया था। इसके बाद अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा था तनाव के बीच पीसीएल के मैच यूएई में कराना मुश्किल है। जिसके बाद पंजाब ने इसे स्थगित कर दिया है। वहीं 7 मई को भारत के ड्रोन हमले में रावलपिंडी का स्टेडियम बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके बाद पीसीएल मैच री-शेडयूल कर दिया गया था। क्वेटा ग्लैडिएटर्स फाइनल में पहुंच चुकी है पीसीएल का फाइनल 25 मई को लाहौर में खेला जाएगा। क्वेटा ग्लैडिएटर्स फाइनल में पहुंच चुकी है। दूसरा फाइनलिस्ट के फैसला आज लाहौर कैलंदर्स और इस्लामाबाद यूनाइटेड के बीच खेले जाने वाले दूसरे क्वालिफायर्स मैच से हेगा। यह मैच भी लाहौर में खेला जाना है। डीआरएस डीआरएस यानी डिसीजन रिव्यू सिस्टम एक ऐसी प्रणाली है, जिसमें कोई खिलाड़ी अंपायर के फैसले को चुनौती देता है। इसके बाद वीडियो रीप्ले और बॉल ट्रैकर, हॉकआई, हॉट स्पॉट, पिच मैपिंग जैसी तकनीक मदद से फैसले का रिव्यू किया जाता है।

## गैफनी व इलिंगवर्थ करेंगे डब्ल्यूटीसी फाइनल में अंपायरिग

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 11 से 15 जून तक लॉड्स में खेली जाने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए न्यूजीलैंड के क्रिस गैफनी और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ को शुक्रवार को मैदानी अंपायर नियुक्त किया है। क्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल का मुकाबला खेला जायेगा। इलिंगवर्थ को वर्तमान आईसीसी अंपायर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया है।

वह 2021 और 2023 के फाइनल में अंपायरिंग टीम का भी हिस्सा थे। वहीं गैफनी ने पिछले साल पुरुष टी-20 विश्व कप फाइनल में अंपायरिंग में इलिंगवर्थ के साथ भागीदारी की थी और भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी 2023 फाइनल में भी अंपायरिंग की थी। इंग्लैंड के रिचर्ड केटलबोरो को टीवी अम्पायर बनाया है। भारत के नितिन मेनन को मैच का चौथा अम्पायर नियुक्त किया गया है।

# इंग्लैंड ने 565 रन पर पारी घोषित की



■ जैक क्रॉली, बेन डकेट और ऑली पोप ने शानदार शतक लगाए

**नॉटिंघम, वार्ता।** जैक क्रॉली (124), बेन डकेट (140) और ऑली पोप (171) रनों की शानदार शतकीय और हैरी ब्रूक (58) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर इंगलैंड ने एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन जिम्बाब्वे के खिलाफ छह विकेट पर 565 रन बनाने के बाद पारी घोषित कर दी।

ट्रेंट ब्रिज स्टेडियम में शुक्रवार को कल के तीन विकेट पर 498 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में चार रन का इजाफा हुआ था कि टनका चिवंगा ने ऑली पोप को आउटकर जिम्बाब्वे को दिन की पहली सफलता दिलाई। ऑली पोप ने 166 गेंदों में 24 चौके और दो छक्के लगाते हुए (171) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान बेन स्टोक्स (नौ) और उसके बाद हैरी ब्रूक (58)रन बनाकर आउट हुये। इन दोनों ही बल्लेबाजों को मुजारबा. नी ने आउट किया। हैरी ब्रूक के आउट होने के बाद इंग्लैंड ने छह विकेट पर 565 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी। जेमी स्मिथ चार रन बनाकर नाबाद रहे। पहले दिन जिम्बब्वे ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी का न्यौता दिया था। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए जैक क्रॉली और ब्रेन डकेट की सलामी जोड़ी बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 231 रनों की साझेदारी की और दोनों ही बल्लेबाजों ने अपने-अपने शतक बनाये। वेस्ली मधेवेरे ने 42वें ओवर में बेन डकेट को आउटकर जिम्बाब्वे को पहली सफलता दिलाई।

बेन डकेट ने 134 गेंदों में 20 चौके और दो छक्के लगाते हुए 140 रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ऑली पोप ने जैक क्रॉली के साथ 137 रनों की साझेदारी। सिकंदर रजा ने जैक क्रॉली को पगबाधा आउटकर जिम्बाब्वे के लिए दूसरा विकेट झटका। जैक क्रॉली ने 171 गेंदों में 14 चौकों की मदद से (124) रन बनाये। इंग्लैंड का तीसरा विकेट दिन के आखिरी सत्र में जो रूट (34) के रूप में गिरा।


# चोट से उबर चुके जोश हेजलवुड प्लेऑफ में कर सकते है वापसी



**बेंगलुरु, वार्ता।** चोट से उबर चुके ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जॉश हेजलवुड इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में वापसी कर सकते हैं। हेजलवुड कंधे की चोट के रिहैब से गुजरने के बाद वह पूरी तरह फिट हो चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह प्लेऑफ के लिए आरसीबी के लिए वापसी कर सकते है।

हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। वह आईपीएल के स्थगन से पहले आरसीबी के लिए पिछला मैच नहीं खेल पाए थे। वह ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे और ब्रिस्बेन में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की तैयारियों के तहत अभ्यास कर रहे थे। उन्होंने इस सीजन में अब तक 10 मैचों में 17-27 की औसत से 18 विकेट झटके हैं। आरसीबी प्लेऑफ में जगह पक्की कर चुकी है और लीग चरण में उनके दो मुक. ाबले खेले जाने हैं। आरसीबी शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ और 27 मई को एलएसजी के साथ मैच खेलेगी। आईपीएल 2025 हेजलवुड के लिए चोट से जूझने वाले घरेलू सीजन के बाद वापसी का मंच बना। उन्होंने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पिंडली की चोट के बाद कोई और मैच नहीं खेला था और इसके पहले एडिलेड टेस्ट में साइड स्ट्रेन की वजह से बाहर थे।

# रोहित-कोहली के बिना मुश्किल, पर युवाओं को मौका मिलेगा: गंभीर



● भारतीय कोच ने कहा: रिटायमेंट उनका निजी मामला, किसी को फैसला लेने का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने माना है कि रोहित-विराट की गैर मौजूदगी टीम के लिए बड़ी चुनौती होगी। लेकिन यह युवाओं के पास खुद को साबित करने का शानदार मौका होगा। दोनों के जाने के बाद भारत को नए टेस्ट कप्तान की जरूरत भी होगी।

इन दोनों की जगह लेना आसान नहीं होगा। रोहित-को. हली के संन्यास पर गंभीर ने सीएनएन न्यूज 18 से कहा, श्मेरा मानना है कि आप कब खेलना शुरू करते हैं और कब खत्म करना चाहते हैं, यह व्यक्तिगत फैसला है। किसी और को हक नहीं है। कोच हो, चयनकर्ता या देश में कोई और, क्या किसी को किसी को भी यह बताने का अधिकार है कि उसे कब संन्यास लेना है और कब नहीं। यह खुद का फैसला होता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था। उनके 5 दिन बाद 12 मई को विराट कोहली ने भी क्रिकेट के सबसे लंबे फार्मेट को अलविदा कह दिया था। उसके बाद कयास लगाए जाने लगे कि रोहित-कोहली ने कोच गंभीर और चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर के कारण रिटायरमेंट लिया है। गंभीर ने कहा हम अपने दो सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना जाएंगे। कई बार मुझे लगता है कि यह दूसरे खिलाड़ियों के पास अपनी उपयोगिता साबित करने का मौका भी है। गंभीर ने इसकी तुलना चैम्पियंस ट्राफी में भारत की जीत से की, जो जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में मिली थी। उन्होंने कहा कि यह कठिन होगा, लेकिन ऐसे खिलाड़ी होंगे। जो जिम्मेदारी लेने को तैयार होंगे। यह सवाल मुझे चैम्पियंस ट्राफी से पहले भी पूछा गया था। जब जसप्रीत बुमराह नहीं था, तब भी मैने यही बात कही थी। किसी के नहीं होने से दूसरे खिलाड़ी को कुछ खास करने का मौका मिलता है। उम्मीद है कि ऐसे खिलाड़ी होंगे जो इस मौके का इंतजार कर रहे होंगे। गंभीर क्या रोहित-कोहली वनडे वर्ल्ड कप टीम में होंगे? इस सवाल पर गंभीर ने कहा-श्अभी उसमें काफी समय है। उससे पहले टी-20 वर्ल्ड कप होना है। यह बड़ा टूर्नामेंट है, जो फरवरी मार्च में भारत में होगा। अभी पूरा फोकस उसी पर है। 24 मई को हो सकता है टीम इंडिया का ऐलान भारत को 20 जून से इंग्लैंड दौरे पर जाना है, जहां 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी।

## वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को दिया 353 रनों का लक्ष्य

**डबलिन, वार्ता।** केसी कार्टी (102) रनों की शतकीय, मैथ्यू फोर्ड (58), शे होप (49) और जस्टिन ग्रीव्स (नाबाद 44) रनों की पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने शुक्रवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को जीत के लिए 353 रनों का लक्ष्य दिया। यहां कैसल ऐवन्यू स्टेडियम में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट 20 और उसके बाद दूसरा विकेट 46 के स्कोर पर गवां दिया। ब्रैंडन किंग (आठ) और एविन लुइस (20) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद केसी कार्टी और कप्तान शे होप की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 81 रनों की साझेदारी हुई। 23वें ओवर में लियाम मैकार्थी ने शे होप को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। शे होप ने 57 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (49) रनों की पारी खेली। आमिर जंगू (13) को जॉर्ज डॉकरेल ने आउट किया। वेस्टइंडीज का पांचवां विकेट 37वें ओवर में केसी कार्टी के रूप में गिरा। केसी कार्टी ने 109 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए (102) रनों की शतकीय पारी खेली। 44वें ओवर की पहली गेंद पर रॉस्टन चेज (24) रन बनाकर आउट हुए।

# रेप पीड़िता के परिवार को सपा की ओर से एक लाख की मदद

## देहात विधायक आशु मलिक के नेतृत्व में सपा डेलिगेशन ने पढ़कर सुनाया अखिलेश का संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी से देहात विधायक आशु मलिक ने एक प्रतिनिधि मंडल के साथ आज रेप पीडित परिवार को पार्टी की ओर से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। इसके अलावा अलग अलग मामलों में जान गंवाने वालों को एक-एक लाख रूपये तथा घायलों को 50-50 हजार रूपये की आर्थिक मदद प्रदान की गयी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर देहात विधायक आशु मलिक शेखपुरा की इंदिरा कालोनी में पहुंचे। जहां उन्होंने रेप पीडिता के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सपा हर गरीब, मजदूर, असहाय के साथ खडी हे तथा पीड़ित के साथ मजबूती से खडी हैं। उन्होंने पार्टी की ओर से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए कहा कि परिवार को न्याय दिलाया जायेगा। पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने भी घटना पर दुख जताते हुए कहा कि वह पीडित परिवार के साथ हमेशा खडे है।



प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद, महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी, पूर्व जिलाध्यक्ष मजाहिर हसन मुखिया, पूर्व मंत्री लियाकत एडवोकेट, पूर्व विधायक माविया अली, वरिष्ठ नेता फरहाद गाडा, सपा के प्रदेश सचिव इसरार चौधरी, प्रदेश सचिव मांगेराम कश्यप, प्रदेश सचिव मजाहिर राणा, विधायक प्रतिनिधि हैदर मुखिया, अभिषेक टिंकू अरोडा, नफीस मलिक, प्रदान अब्दुल्ला तारिक, चौ. सलीम अख्तर, प्रधान जिन्दा हसन, सुरैया खान, राव गुलफाम, पूर्व मंत्री विनोद तेजियान, जब्बार प्रधान, फैसल सलमानी, रूही अंजुम, सूरैया खान, सलीम चौधरी, अमित गुज्जर आदि शामिल रहे।

इसके अलावा अलग-अलग मामलों में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को एक-एक लाख रूपये तथा घायलों को 50-50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की और कानूनी मदद का भरोसा दिया।

# सफेद जहर पर एसडीएम का छापा

## खाद्य टीम ने भरे नमूने, 350 ली. दूध को कराया नष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** थानाक्षेत्र अन्तर्गत नवादा में चल रहा था।सफेद जहर के रूप में अवैध दूध बनाने का काला कारोबार दिन निकलते ही एसडीएम नकुड के नेतृत्व में खाद सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी कर खाद वस्तुओं के लिए नमूने जिसके बाद 350 किलो दूध नष्ट कराया गया।

शुक्रवार को दिन निकलते ही एसडीएम नकुड संगीता राघव के नेतृत्व मे पुलिस प्रशासन के साथ खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने थाना क्षेत्र के गांव नवादा मे एक स्थान पर छापेमारी कर मुस्तमा पुत्र कामिल के घर से बन रहे कृत्रिम दूध समेत रिफाइंड व पाउडर के पांच नमूने लिए इस दौरान उन्होंने खाद्य वस्तुओं के नमूने लेने के बाद 350 किलो दूध मौके पर नष्ट करते मुस्तमा पुत्र



कामिल के खिलाफ थाना मे संबंधित धाराओं मे मुकदमा दर्ज कराया। विभाग की अचानक इस बड़ी कार्रवाई से पूरे गांव मे हड़कंप मच गया। इस मौके पर एसडीएम नकुड संगीता राघव, ओनसहायक आयुक्त खाद्य सहारनपुर मंडल, अशोक शर्मा, सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय पवन कुमार, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी धनंजय शुक्ला, खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप कुमार, अमित कुमार, सुमन पाल, जगदंबा प्रसाद, जवाहरलाल, कुलदीप तिवारी, रणदीप यादव, अश्विनी कुमार व प्रभारी निरीक्षक थाना सरसावा नरेन्द्र शर्मा पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# त्यौहार भाईचारे से मनाएं: सिसौदिया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम अशोक कुमार सिसौदिया ने कहा कि ईद उल अजहा व अन्य त्यौहारों को शांति व भाईचारे के साथ मनाया जायेगा।

अशोक कुमार आज कोतवाली नगर में ईद उल अजहा को लेकर गणमान्य लोगों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि पर्व हमारी संस्कृति का हिस्सा है जिसमें सबको भाईचारे का संदेश देना चाहिए। जामा मस्जिद प्रबन्धक मौलवी फरीद ने कहा कि यह गंगा जमुनी तहजीब का शहर है और यहां लोग भाईचारे के साथ सभी त्यौहार मनाते है।

इस दौरान डॉ शाहकार, पार्षद नदीम अंसारी, मजाहिर उलूम वक्फ से मौलाना अहमद सईदी, जामिया मजाहिर उलूम से मौलाना साजिद, अरशद जमाल, मौलाना गय्युर, मोहम्मद आलम डिप्टी चीफ वार्डन, प्रीतम सिंह कपूर, पूर्व सभासद अनिल कुमार, नगर कोतवाली प्रभारी रईस अहमद, चौकी सराय प्रभारी नरेश, आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## कोतवाली नगर का भ्रमण

**सहारनपुर।** कानून एवं शांति व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से डीआईजी अभिषेक सिंह ने आज थाना कोतवाली नगर क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली और कानून व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल सहित कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। डीआईजी ने अधीनस्थों को सतर्कता बरतने, गश्त बढ़ाने और संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। डीआईजी ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था में ढील नहीं दी जाएगी। उन्होंने पुलिस के प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए मित्रवत व्यवहार की भी हिदायत दी।

# आईटीएमएस को करें क्रियाशील: मनीष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि जनपद में आईटीएमएस के क्रियाशील रहने के साथ ही मुख्य चौराहों को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिये प्रवर्तन की कार्रवाई की जाये।

जिलाधिकारी ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक में दिये। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में मुख्य चौराहे पर लगभग 50 मीटर परिधि में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण व वाहन खडे न हो। उन्होने पुलिस अधीक्षक यातायात को निर्देश दिए कि उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाए। शहरी क्षेत्र जिन चौरहो पर इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम आईटीएमएस स्थापित किये गये है उन सभी को



यथाशीघ्र क्रियाशील किया जाए। चौराहों पर तत्काल आईटीएमएस से प्रवर्तन की कार्यवाही प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। उन्होने नगर निगम को समस्त चौराहों पर स्टॉप लाईन बनाने के निर्देश दिए।

श्री बंसल ने नागल रोड, दिल्ली यमनौत्री मार्ग एवं अन्य महत्वपूर्ण मार्गो पर बने स्पीड टेबल पर इंडिकेटर्स लगाने हेतु कहा। उन्होने शहरी भाग में मुख्य मार्ग पर स्थित स्कूलों के समीप रोड सेफ्टी के अन्तर्गत 30 जून तक स्कूल एवं कॉलेज के पास सडको के किनारे अच्छी गुणवत्ता के सुस्पष्ट एवं पढने योग्य साइनेज लगाए जाने हेतु नगर निगम को निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में बिना नम्बर प्लेट के चलने वाले वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। रामपुर मनिहारान आबादी भाग में चल रहें निर्माण कार्य के डार्यवर्जन पर शीघ्र पूर्ण कर ब्लैक टॉप किये जाने हेतु एनएचएआई को निर्देशित किया गया। बैठक में एसपी यातायात सिद्धार्थ वर्मा, जिला सडक सुरक्षा समिति सचिव अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोनिवि धर्मेन्द्र सिंह, एआरटीओ एमपी सिंह, एवं स्टैक हौल्डर्स विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## हास्य कलाकार का निधन

**गंगोह।** रामलीला रंगमंच गंगोह के हास्य कलाकार का 86 वर्ष की आयु में देहांत हो गया। उन्होने करीब 50 साल तक रंगमंच पर हस्य कलाकार की भूमिका अदा की।

राम बाग मार्ग स्थित बाला जी कालोनी निवासी राम कृष्ण गोयल का शुक्रवार सुबह देहांत हो गया। वह कुछ दिन से अस्वस्थ थे। 86 वर्ष की उम्र में भी उनका अभिनय जीवंत रहा। गंगोह रामलीला रंगमंच उन्हें लंबे समय जक याद रखेगा। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनके निधन का समाचार मिलने पर रामलीला कलाकारों में भी शोक की लहर दौड़ गई और सभी लोग उनके घर पर जमा हो गए। शुक्रवार शाम उनका अंतिम संस्कार शिव लोक पुरी आश्रम में कर दिया गया। उनको उनके बेटे विकास ने मुखाग्नि दी। उनकी शव यात्रा में काफी लोग शामिल रहे। राम कृष्ण गोयल लक्ष्मी नारायण मंडल के संस्थापक सदस्यों में भी शामिल रहे।

# ग्राम पंचायत में सोशल ऑडिट का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** लोकपाल मनरेगा राकेश चौधरी ने ग्राम पंचायत फतेहपुर पोलियो विकासखंड मुजफ्फराबाद मे सोशल ऑडिट बैठक का निरीक्षण किया।

बैठक के दौरान मनरेगा लो. कपाल राकेश चौधरी को सोशल आडिट टीम ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत द्वारा केवल 7 कार्य कराए गए है छह प्रधानमंत्री आवास और सार्वजनिक वृक्षारोपण परंतु किसी भी कार्य की पत्रावली पूर्ण नही पाई गई है मनरेगा श्रमिको के मस्टरोल पर भी हस्ताक्षर नही पाए गए तथा तकनीकी सहायक के द्वारा किसी भी कार्य की एम बी फाइल मे नही लगाई गई है सोशल आडिट टीम को भौतिक सत्यापन के दौरान सार्वजनिक वृक्षारोपण रोपण पर नागरिक सूचना बोर्ड भी नही मिला। लोकपाल मनरेगा राकेश चौधरी ने कहा कि ग्राम सचिव, तकनीकी सहायक, मनरेगा मेट भी सोशल ऑडिट की बैठक मे उपस्थित नही पाए गए , भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन के तमाम निर्दोषों के बावजूद भी सरकारी कर्मचारी सोशल ऑडिट को गंभीरता से नही ले रहे है नतीजा यह हो रहा है कि सोशल ऑडिट की बैठक में न तो विभागीय कर्मचारी मिल रहे है और न ही मनरेगा श्रमिक उपस्थित हो रहे है।

# निजीकरण के विरोध में तीन घंटे का कार्य बहिष्कार

**सहारनपुर।** पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिए, एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि. के निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संर्घष समिति, उ.प्र. के आहवान पर विद्युत विभाग जनपद के समस्त कर्मचारियों और अभियंताओं ने तीन घण्टे का कार्य बहिश्कार किया ओर कर्मियों से एकजुटता के साथ आंदोलन करने आह्वान किया।

आज घण्टाघर स्थित बिजलीघर प्रागण में इं. अकित, सहायक अभियन्ता (मीटर) की अध्यक्षता में तीसरे दिन आयोजित विरोध सभा संघर्ष समिति के विभिन्न वक्ताओं ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि प्रबंधन निजीकरण की जिद पर अड़ा हुआ है, हठवादी रवैया अपना रहा है और शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे बिजली कर्मियों पर हड़ताल थोपना चाहता है। जबकि संघर्ष समिति द्वारा अभी तक हड़ताल करने का कोई भी नोटिस नहीं दिया गया है, किन्तु पावर कारपोरेशन के चेयरमैन, मुख्य सचिव को और शासन के बड़े अधिकारियों को पत्र भेजकर गुमराह कर रहे हैं। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि निजीकरण से कर्मचारियों की सेवा शर्ते तो प्रभावित होती ही हैं कर्मचारियों के साथ-साथ सबसे जयादा दुष्प्रभाव आम घरेलू उपभोक्ताओं, किसानों और गरीब उपभोक्ताओं पर पड़ता है। ग्रेटर नोएडा में करार के अनुसार निजी कंपनी को अपना विद्युत उत्पादन ग्रह स्थापित करना था जो उसने आज तक नहीं किया। ग्रेटर नोएडा की कंपनी किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली देने के बजाय ज्यादा रूचि औद्योगिक और वाणिज्यक क्षेत्र में बिजली देने में लेती है। स्वाभाविक है कि निजी कंपनी मुनाफे के लिए काम करती है, जबकि सरकारी कंपनी सेवा के लिए काम करती है। आगरा में भी उपभोक्ताओं की बहुत शिकायतें है। इन सब का संज्ञान लिए बगैर उत्तर प्रदेश में कहीं और पर निजीकरण किया जाना कदापि उचित नहीं है। सभा में आज बिजली कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि प्रदेश की आम जनता के व्यापक हित में और कर्मचारियों के हित में बिजली का निजीकरण पूरी तरह अस्वीकार्य है और लोकतांत्रिक ढंग से इत्त निजीकरण को समाप्त करने हेतु सभी प्रयास किए जाएंगे। संघर्ष समिति ने कहा है कि निजीकरण के विरोध में आंदोलन उपभोक्ताओं को साथ में लेकर लड़ा जा रहा है। संघर्ष समिति ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन को चेता. वनी दी है कि वे उत्पीडनात्मक कार्यवाहियों को न करें अन्यथा इस भीषण गर्मी में ऊर्जा निगमों में अशांति की पूरी जिम्मेदारी प्रबन्धन की होगी। संघर्ष समिति की विरोध सभा में इं. रोबिन सिंह, इं. कार्तिक गुप्ता इं. अनिल कुमार, इं. शुभम नायक, इं. अरुण कुमार पाण्डेय, इं. शिव कुमार, इं. नागेन्द्र कुमार, इ. रंजन मिश्रा, इं. जितेन्द्र, सुरेन्द्र कुमार, कुलवान, अरुण कुमार, मुजमिल, सचिन सैनी, विनयकान्त प्रभात कुमार नुसरत खान आदि उपस्थित रहे।

❑**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना के तहत विद्युत बिलों का शीघ्रता से निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी श्री बंसल आज कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला व्यापार बंधु की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

# इमरान गिरेबां में झांकें: सलमानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समा. जवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी ने कहा कि जो लोग समाजवादी पार्टी की आलोचना कर रहे हैं वह अपने गिरेबान में झांकने का काम करें।



फैसल सलमानी अंबाला रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक में बोल रहे थे उन्होंने सांसद इमरान मसूद द्वारा दिये गये बयान की आलोचना करते हुए कहा कि समा. जवादी पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने अब्दुल को पूरा सम्मान देने काम किया है।

उन्होंने कहा कि समय-समय पर सांसद विधायक मंत्री अध्यक्ष रहने पदों पर अब्दुल को भेजना काम किया है लेकिन इमरान मसूद परिवार ने कभी भी अब्दुल को बढ़ाने का काम नहीं बल्कि उनके पैर खींचने का काम किया है।

महानगर वरिष्ठ उपाध्याय मुस्तकीम राणा, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव चौधरी जुमला सिंह, व्यापार सभा महानगर अध्यक्ष शहजाद अहमद ने भी विचार रखे।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष हसीन कुरैशी शाहरुख रईस अहमद सलीम फारुकी नदीम मोहम्मद इमरान वेदपाल पटनी आदि मौजूद रहे।

# मरणोपरांत दो अंधेरी जिन्दगी की रौशन

**■ रामबाग कालोनी निवासी ने पिता की इच्छा की पूरी**

**गंगोह।** अंधेरी गलियों को, हम रोशन करके चले जाएंगे.......मरने के बाद नेत्रदान करके, हम नैनों के दीपक बन जाएंगें। एक व्यक्ति ने मरणोपरांत नेत्रदान करके दो अंधेरी जिदंगियों को रोशनी देने का पुनीत कार्य किया।

नगर की राम बाग कालोनी निवासी विकास गोयल ने अपने पिता स्व. रामकृष्ण गोयल की इच्छा का सम्मान करते हुए मरणोपरांत उनके दोनों नेत्र दान करा दिए। उनके पिता जी का शुक्रवार दोपहर देहांत हो गया था। पुत्र विकास गोयल व अमित गोयल ने दृष्टि अध्यक्ष अमित गर्ग व सचिव गगन गर्ग से पिता जी के नेत्रदान कराने हेतु संपर्क किया। सूचना मिलने के बाद रोशनी आई बैंक सहारनपुर से अध्यक्ष सूरज जैन, चीफ मेडिकल डायरेक्टर डा. श्वेता व मैनेजर सिया कश्यप ने पहुंच कर दोनों नेत्रों के कार्निया ले लिए। उन्होने बताया कि इनका प्रत्यारोपण अंधेरों से लड़ाई लड़ते दो अभागे व्यक्तियों को कर दिया जाएगा। विकास गोयल, अमित गोयल, कविता गोयल के अलावा अरविंद टेबक, विनित अग्रवाल, राजेश गोयल, भरत गर्ग, सचिन गर्ग, आकाश गोयल, मोहित गोयल, रोहित गोयल, मेघा, पिंकी, सपना आदि मौजूद रहें।

# अभिभावकों के शोषण के खिलाफ दिया ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों के किये जा रहे शोषण के खिलाफ कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी को अपनी मांग का ज्ञापन सौंपा।

महानगर उपाध्यक्ष इकराम खान के नेतृत्व में कलैक्ट्रेट पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को अपनी मांग का ज्ञापन सौंपा और कहा कि निजी स्कूलों द्वारा छात्र-छात्राओं को एडमिशन, ड्रेश व सिलेबस के नाम पर जमकर लूटा जा रहा है। स्कूलों को पब्लिशर से कमिशन तय है। जिसके चलते बच्चों को स्कूलों से कॉपी व किताबे खरीदने के लिये मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने ज्ञापन में एक बुक एजेंसी के नाम का जिक्र करते हुए कहा कि उसके द्वारा कई स्कूलों से टाईअप किया हुआ है। किसी तरह की कार्रवाई न होने से अभिभावक निजी स्कूलों के हाथों लुटने को मजबूर है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अभिभावकों का शोषण न रोका गया तो कांग्रेस आंदोलन करेगी। इस दौरान रवि कुमार, मौ.आरिफ मंसूरी, जावेद, प्रभजीत सिंह, अब्दुल मालिक, जाकिर आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम बेहट मानवेन्द्र ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**बेहट।** एस डी एम मानवेन्द्र सिंह ने कैम्प कार्यालय में समस्याओं को लेकर आने वाले फरियादियों के प्रार्थना पत्रों की जन सुनवाई की गई। जन सुनवाई के बाद अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को शीघ्र ही निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए है।

एस डी एम मानवेन्द्र सिंह के पास आने वाले ग्रामीणों की समस्याओं के प्रति गंभीर है। जो भी व्यक्ति अपनी अपनी समस्या को लेकर आता है उनको गंभीरता से सुनते है और समस्या का समय रहते निस्तारण भी करते है । शाम तक सुनवाई के दौरान लोगो के शिकायती पत्रों के निस्तारण के लिए अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को मौके पर भेजकर शीर्घ ही निस्तारण करने के निर्देश देते है। अलग अलग विभागो से संबंधित शिकायते सुनी और ग्रामीणों को आश्वाशन देते हुए कहा कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराया जायेगा । जनसुनवाई के बाद अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जन सुनवाई के दौरान दर्ज शिकायत का मौके पर जाकर जांच करते हुए सही निस्तारण करे। जन सुनवाई के दौरान 6 शिकायते दर्ज की गई जिन मे से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया।

इस दौरान दौरान तहसीलदार पुष्पांकर देव, नायब तहसीलदार भूपेंद्र कुमार रजिस्ट्रार कानूनगो जावेद अनवर पेशकर राजेंद्र सिंह,मनीष कुमार, नाथीराम सुरेंद्र कुमार, अभिसार किशोर आदि कर्मचारीगण ,मोजूद रहे।

# जीआईएस सर्वे बिल वित्तीय वर्ष 24-25 से होंगे लागू: डा.अजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में आज शाम नगर निगम कार्यकारणी बोर्ड की बैठक में चालू वित्त वर्ष के टैक्स बिलों में 20 प्रतिशत छूट का समय जून माह तक बढ़ा दिया गया है। लोगों को टैक्स जमा कराने में सहूलियत के लिए शहर में बनाये गए निगम के तीन अन्य जोनल ऑफिसों में भी एक सप्ताह के भीतर कैश काउण्टर खोले जायेंगे। महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने आय बढ़ाने के लिए सभी भवनों को टैक्स के दायरे में लाने पर जोर दिया। नगरायुक्त ने राजस्व विभाग से कहा कि हाउस टैक्स व वाटर टैक्स के अलावा आय के अन्य स्त्रोतों पर भी फोकस करें।

उपसभापति मुकेश गक्खड़ के प्रस्ताव पर तय किया गया कि नये-पुराने सभी भवनों पर जीआईएस सर्वे के बिल वित्तीय वर्ष 2024-25 से लागू किये जायेंगे। महापौर ने जीआईएस सर्वे के व्यवसायिक सम्पत्तियों से संबधित बिल शत-प्रतिशत भवन स्वामियों को वितरित करने के निर्देश दिए। महापौर ने टैक्स की रसीद बारकोड के साथ बनवाने के भी निर्देश दिए। बैठक शुरु होते ही उपसभापति मुकेश गक्खड़ ने कार्यकारणी की ओर से नवागंतुक नगरायुक्त शिपू गिरी का स्वागत किया।



कार्यकारणी ने बेहट रोड स्थित नगर निगम के स्वामित्व की भूमि श्रीरामलीला कमेटी को 12 मीटर का रास्ता छोड़कर नियमानुसार अधिकतम समय के लिए लीज पर देने का प्रस्ताव भी लम्बी चर्चा के बाद सर्व सम्मति से पारित किया। लेकिन भूमि पर निर्मित दुकानों का किराया नगर निगम वसूल करेगा यह भी तय किया गया। चर्चा में पार्षद मयंक गर्ग, सीमा बहोत, अनुज जैन, दिग्विजय चौहान, मंसूर बदर ने सुझावों के साथ हिस्सा लिया। इसके अलावा सिनेमाघरों के टैक्स में वृद्धि, पार्किंग के ठेकों की दरों पर भी चर्चा की गयी।

विभिन्न चौराहों-स्थानों के नामकरण सहित अनेक प्रस्ताव पारित किये गए। दिल्ली रोड स्थित हसनपुर के अमृत सरोवर का नाम 'राष्ट्रीय एकता सरोवर' रखने तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव भी सर्व सम्मति से पारित किया गया। महापौर ने सरोवर के चारो ओर 'राष्ट्रीय एकता वीथिका' बनाने के निर्देश दिए। जिसमें महापुरुषों के चित्र और उनके बारे में विस्तार से वर्णन होगा।इसके अलावा राकेश केमिकल तिराहे का नाम महर्षि बाल्मीकि चौक रखने तथा महर्षि बाल्मीकि की प्रतिमा स्थापित करने, सर्किट हाउस रोड पर आईटीसी चौराहे का नाम लोक माता अहिल्याबाई होल्कर रखने और प्रतिमा स्थापित करने, साईधाम कॉलोनी के चौराहे का नाम माता पन्नाधाय रखने तथा प्रतिमा स्थापित करने आदि के सम्बंध में भी प्रस्ताव पारित किये गए।

पार्षद फजलुर्रहमान, राजेंद्र कोहली, नीरज शर्मा, दीपक रहेजा ने भी अनेक प्रस्तावों के साथ अपने क्षेत्र की समस्याएं रखी। बैठक में अपर नगरायुक्त राजेश यादव, मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार व मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह आदि मौजूद रहे।

## आश्वासन पर धरना समाप्त

**तीतरों।** किसानों के खेतों मे जाने वाली चकरोड पर मिट्टी डालने से नाराज किसानों ने धरना दिया। मौके पर पहुंचे प्रोजेक्टर मैनेजर से मिले आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त किया।

तीतरों देहात के ग्राम पापड़ी व ग्राम पूजना के बीच से होकर गुजर रहे शामली अम्बाला नेशनल हाइवे मार्ग के निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी डालकर चकरोड़ मार्ग को अवरूद्ध कर दिया गया था। जिसके बाद किसान अंडरपास की मांग को लेकर धरने पर बैठ गये।

धरने पर बैठे किसानों को आज हिमांशु चौधरी प्रोजेक्टर मैनेजर ने आश्वासन देते हुए धरना समाप्त करने की अपील की। इस दौरान अबरार खान, अब्बास, अरशद, मेहरबान खान, सलमान, चांद मिया, चाहत, अरशद, चौ. सहेन्द्र, दानिश खान, हाजी अतिउल्लाह, किफायत, हारूण, देवेन्द्र अग्रवाल, लियाकत, आफताब आदि किसान मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

शनिवार, 24 मई 2025

# विदेश नीति पर सवाल

एक तरफ आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त पाक को बेनकाब करने के लिए हमारे सात डेलिगेशन विदेशी दौरों पर हैं, जिसमें 50 से अधिक सांसद व राजनयिक हैं। तो दूसरी तरफ देश में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। निश्चित रूप से यह बेहद विचित्र स्थिति है। असल सवाल यह है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है सरकार या विपक्ष। विपक्ष का मानना है कि सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल पूछना कोई अपराध नहीं है। अगर सवाल सरकार से नहीं पूछा जाएगा तो फिर किससे पूछा जाएगा। तो वहीं सरकार का मानना है कि यह समय इस तरह के सवालों का नहीं है जिस तरह के सवाल विपक्ष कर रहा है। बेशक हर बात का जवाब नहीं दिया जा सकता, लेकिन यह तो सरकार को भी मानना पड़ेगा कि हर चीज गोपनीयता के खोल में लपेटी नहीं जा सकती। कुछ का बताया जाना बेहद जरूरी होता है। विशेषकर उन चीजों का, जिनको देश नंगी आंखों से देख रहा हो। इस समय नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सरकार की विदेश नीति पर सवाल खड़े कर रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने मोदी सरकार की विदेश नीति पर खुलकर आरोप लगाते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े किए। अपनी एक पोस्ट के माध्यम से उन्होंने सरकार से जानना चाहा कि कुछ देश पाक को भारत की बराबरी पर क्यों रख रहे हैं। उनकी पोस्ट कहती है कि एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे रहा है। उन्होंने अपनी पोस्ट में यह भी सवाल उठाया कि डोनाल्ड ट्रम्प को भारत-पाक के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा। बात यहीं खत्म नहीं होती ट्रम्प ने दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने की अपनी इच्छा जताई। इस तरह अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने बयानों में भारत-पाक को समान स्तर पर रखा है। इसमें कोई दो राय नहीं है, पहलगाम में 22 अप्रैल को पाक आतंकियों द्वारा 26 निर्दोष लोगों की हत्या करने के बाद कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। उससे उपजे तनाव में भारत के साथ कोई भी देश खुलकर आता दिखाई नहीं दिया, जबकि पाक के साथ तुर्कीए, अजरबेजान व चीन जैसे देश खुलकर भारत के विरुद्ध युद्ध के मैदान में खड़े दिखाई दे रहे थे, जबकि युद्ध अभी पूरी तरह शुरू भी नहीं हुआ था। निश्चित रूप से यह भारत की विदेश नीति की कमजोरी ही कहा जाएगा चाहे सरकार स्वीकार करे या न करे, उससे बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। रही-सही कसर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पूरी करते दिखाई दे रहे हैं। दस मई को जो सीज फायर हुआ था, उसका श्रेय वह स्वयं लेते दिखाई दे रहे हैं। जबकि भारत का कहना है कि सीजफायर पाक व भारत के साथ सीधी बातचीत के चलते ही संभव हुआ। अब सवाल यह है कि फिर ट्रम्प ऐसा क्यों कह रहे हैं। उनकी बातों का खंडन सार्वजनिक रूप से क्यों नहीं किया जा रहा है। यही बात राहुल गांधी भी उठा रहे हैं। सवाल यहां किसी की राजनीतिक नाकामी का नहीं है, यह कोई हार-जीत का मामला नहीं है, बल्कि अपनी कमियों को दूर करने का मामला है।

## सरकार विदेश नीति को कमजोर कर रही



केंद्र की मोदी सरकार विदेश नीति को कमजोर कर रही है और विदेशमंत्री जयशंकर की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं, श्री जयशंकर को यह जवाब देना चाहिए कि कुछ देश पाकिस्तान को भारत के बराबरी पर क्यों रख रहे हैं और एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे पा रहा है, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत, पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा था, भारत की विदेश नीति लड़खड़ा गई है, ट्रम्प लगातार कह रहे हैं कि उन्होंने भारत, पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वह दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने को तैयार हैं।

-राहुल गांधी
लोकसभा में विपक्ष के नेता

# किशोरों में हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती




ललित गर्ग

भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नए भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है, क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है।

कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। 14-15 साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खौफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-11वीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दर्शाती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है।

जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से उसके परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिए जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मन: स्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा? बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नई बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किए हैं। सवाल नए बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है, लेकिन सवाल यह है कि 14-15 साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में यह सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामूक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषत: किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है। अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स ऑफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई।



हमारे देश में भी शीर्ष अदालत ने समय-समय पर ऐसी घटनाओं पर तल्ख टिप्पणियां की हैं। क्या इन दर्दनाक घटनाओं से हमारे अभिभावकों, समाज-निर्माताओं एवं हमारे सत्ताधीशों की आंख खुलेगी? बच्चों से जुड़ी हिंसा की इन वीभत्स एवं त्रासद घटनाओं से जिन्दगी सहम गई है। हमें मानवीय मूल्यों के लिहाज से भी विकास एवं नई समाज-व्यवस्था की परख करनी होगी। बच्चों के भीतर हिंसा मनोरंजन की जगह ले रही है। इसी का नतीजा है कि छोटे स्कूली बच्चे भी अपने किसी सहपाठी की हत्या तक कर रहे हैं।

इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। आज संकट यह है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। मन जो चाहे वही करो की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वच्छन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा। आज किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नए-नए एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मर्यादा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं, वे आत्मघाती-हिंसक बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं।

ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार एवं हिंसक प्रवृत्तियों की तरफ उन्मुख हुए हैं। किशोरों को समझाने वाला कोई नहीं है कि यह रास्ता आत्मघात का है। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व ब्रिटेन जैसे देश किशोरों को मोबाइल से दूर रखने हेतु कानून बना रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**इंदिरा गांधी और गायत्री देवी गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के बंगाल में स्थापित शांतिनिकेतन के स्कूल पाठ भवन में एक साथ पढ़ी थीं। दोनों तभी से एक-दूसरे को जानती थीं। हालांकि, दोनों में दुश्मनी की वजह खूबसूरती थी या कुछ और इस बारे में कोई दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। वरिष्ठ पत्रकार खुशवंत सिंह ने जरूर अपनी लेखनी और साक्षात्कारों में यह इशारा किया था कि इंदिरा गांधी खुद से सुंदर महिला को अपने आसपास भी बर्दाश्त नहीं कर पाती थीं।**

# सबसे खूबसूरत महारानी थी गायत्री देवी

भारत की महिलाएं हर क्षेत्र में विश्व स्तर पर अपना परचम लहरा रही हैं। आज ही के दिन यानी की 23 मई को महारानी गायत्री देवी का जन्म हुआ था। वह शाही परिवार से ताल्लुक रखती थीं। गायत्री देवी ने शादी के बाद न सिर्फ अपने राज्य को संभाला बल्कि राजनीति में भी अहम योगदान दिया था। उस दौर में महारानी गायत्री देवी की टक्कर इंदिरा गांधी से हुआ करती हैं। माना जाता है कि वह किसी भी मामले में इंदिरा गांधी से कम नहीं थीं। वहीं कुछ लोगों का ऐसा भी मानना है कि इंदिरा गांधी को गायत्री देवी से जलन थीं। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर गायत्री देवी के राजशाही जीवन और राजनीतिक करियर के बारे में।।।

## जन्म और परिवार

लंदन में 23 मई 1919 को महारानी गायत्री देवी का जन्म हुआ था। वह जयपुर के राजघराने से ताल्लुक रखती थीं। इनके पिता का नाम राजकुमार जितेंद्र नारायण था, जोकि बंगाल में कूचबिहार के युवराज के छोटे भाई थे। कूंच बिहार के राजा की मृत्यु के बाद जितेंद्र नारायण वहां के राजा बन गए। महारानी गायत्री और उनके अन्य भाई-बहन छोटे ही थे, जब उनके पिता का निधन हो गया था। जिसके बाद माता इंदिरा राजे ने राजघराने और बच्चों को संभाला था।

## लव लाइफ और शादी

गायत्री देवी प्यार और शादी के मामले में अपनी मां इंदिरा राजे जैसी ही थीं। सिर्फ 12 साल की उम्र में उनको जयपुर के राजा मानसिंह बहादुर से प्यार हो गया। जबकि मानसिंह की पहले से दो शादियां हो चुकी थीं। मानसिंह गायत्री देवी से 9 साल बड़े थे। जब गायत्री देवी 16 साल की हुई, तो मानसिंह ने उनसे शादी के बारे में पूछा, वहीं गायत्री देवी ने हामी भर दी और समाज के खिलाफ जाकर मानसिंह से शादी कर ली।

## राजनीतिक जीवन

मानसिंह बहादुर से शादी के बाद गायत्री सिंह जयपुर की महारानी बन गई। उनको न तो बंगाली और न ही राजस्थानी भाषा सही से बोलनी आती थी। वह अंग्रेजी और फेंच में बात किया करती थीं। उस दौर में गायत्री सिंह को सबसे सुंदर महिला का खिताब मिला था। हालांकि राजनीति में गायत्री देवी को अपनी बेबाकी के लिए भी जाना जाता था। साल 1962 में स्वतंत्र पार्टी के टिकट पर उन्होंने पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा और 1 लाख 92 हजार वोटों से जीत हासिल की थी। उस दौरान इतनी बड़ी जीत की वजह से उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गया था।

## इंदिरा गांधी से विवाद

एक बार गायत्री देवी की संसद में जवाहर लाल नेहरू से बहस हो गई थी। हालांकि नेहरू और गायत्री देवी के बीच राजनीतिक विरोध था, लेकिन जब इंदिरा गांधी राजनीति में आईं, तो यह निजी बन गया। गायत्री देवी और इंदिरा गांधी दोनों एक-दूसरे को बचपन से जानती थीं। एक बार सदन में इंदिरा गांधी ने गायत्री देवी को कांच की गुड़िया कहकर पुकारा था। दोनों का एक किस्सा मशहूर है, जब महारानी गायत्री देवी को जेल में डालकर इंदिरा गांधी ने जयगढ़ के किले में फौज भेज दी थी।



## मृत्यु

वहीं 29 जुलाई 2009 को 90 साल की उम्र में महारानी गायत्री देवी का निधन हो गया था।

# आज भी विकासशील अवस्था में है भारत की शिक्षा व्यवस्था

भारत में शिक्षा प्रणाली एक लंबे समय से विकासशील अवस्था में है। स्वतंत्रता के पश्चात शिक्षा नीति में अनेक सुधार किए गए, लेकिन आज भी यह प्रणाली कई चुनौतियों से जूझ रही है। बदलते समय के साथ एक ऐसी शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता है जो न केवल रोजगारपरक हो, बल्कि मानवीय मूल्यों, नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक समानता को भी बढ़ावा दे। भारत में एक सर्वोत्तम शिक्षा प्रणाली कैसे विकसित की जा सकती है।

भारत में शिक्षा की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए यह आवश्यक है कि हम इसे केवल स्कूल या विश्वविद्यालय तक सीमित न रखें। शिक्षा को जीवन के हर स्तर पर समझने की आवश्यकता है चाहे वह प्राथमिक स्तर हो, माध्यमिक हो, उच्च शिक्षा हो या व्यावसायिक प्रशिक्षण। वर्तमान समय में जो सबसे बड़ी चुनौती सामने है वह है शिक्षा की गुणवत्ता और उसका असमान वितरण। महानगरों में जहां आधुनिक तकनीक, अच्छे शिक्षक और संसाधन उपलब्ध हैं, वहीं ग्रामीण भारत आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। इस अंतर को पाटे बिना एक समावेशी और उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली की कल्पना अधूरी है।

एक सशक्त शिक्षा प्रणाली का निर्माण प्रारंभिक शिक्षा से ही होता है। यह वह आधारशिला है जिस पर विद्यार्थी का सम्पूर्ण बौद्धिक विकास निर्भर करता है। इस स्तर पर शिक्षकों की भूमिका निर्णायक होती है। यदि शिक्षक को प्रेरणा, प्रशिक्षण और आत्मनिर्भरता मिले, तो वह समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। भारत में शिक्षकों की स्थिति को सुधारने की आवश्यकता है। उन्हें केवल पाठ्यपुस्तक पढ़ाने वाला माध्यम न समझा जाए, बल्कि एक मार्गदर्शक, विचारक और प्रेरक के रूप में देखा जाए। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा पास करना या नौकरी पाना नहीं होना चाहिए। यह व्यक्ति को सोचने, समझने, सवाल करने और समाधान निकालने की क्षमता देनी चाहिए। आज की शिक्षा प्रणाली में यह दृष्टिकोण अभी सीमित रूप से ही देखने को मिलता है। अधिकतर स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों को रटने के लिए मजबूर किया जाता है। यह प्रवृत्ति छात्रों की रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को दबा देती है। इसलिए हमें मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना होगा। इसमें केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारियों, और सांस्कृतिक समझ को भी स्थान मिलना चाहिए।



**भारत एक बहुभाषी देश है, और यहां बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा देना आवश्यक है। शोध बताते हैं कि बच्चे अपनी पहली भाषा में जल्दी सीखते हैं। जब वे प्रारंभिक शिक्षा अपनी मातृभाषा में प्राप्त करते हैं, तो वे बेहतर समझ पाते हैं और अभिव्यक्ति में भी सशक्त होते हैं। इसलिए शिक्षा नीति में मातृभाषा को प्राथमिकता देना चाहिए, साथ ही धीरे-धीरे राष्ट्रीय और वैश्विक भाषाओं का भी समावेश करना चाहिए ताकि बच्चों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार किया जा सके। भारत में शिक्षा को सर्वोत्तम बनाने के लिए एक और महत्वपूर्ण आवश्यकता है।**

पाठ्यक्रम और मूल्यांकन प्रणाली भी शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। भारत में आज भी परीक्षा प्रणाली का मूल आधार अंक प्राप्त करना है, न कि ज्ञान की गहराई को परखना। बच्चों को नंबर की दौड़ में शामिल कर दिया जाता है, जिससे उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। आवश्यकता है कि हम ऐसी परीक्षा प्रणाली विकसित करें जो बच्चों की समझ, नवाचार, और व्यावहारिक ज्ञान का आकलन कर सके। यह तभी संभव है जब हम शिक्षा को एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया के रूप में देखें। तकनीक के इस युग में डिजिटल शिक्षा की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। भारत में डिजिटल इंडिया के अंतर्गत अनेक प्रयास किए गए हैं, लेकिन इनका लाभ सभी तक नहीं पहुंच पाया है। एक समतामूलक शिक्षा प्रणाली के लिए यह आवश्यक है कि देश के प्रत्येक कोने में इंटरनेट, मोबाइल उपकरण और डिजिटल सामग्री उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही शिक्षकों को भी तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे इसे प्रभावी ढंग से कक्षा में उपयोग कर सकें। डिजिटल शिक्षा केवल शहरी बच्चों का विशेषाधिकार न बने, यह सुनिश्चित करना राज्य और केंद्र सरकार दोनों की जिम्मेदारी है। शिक्षा में भाषा का महत्व भी विशेष है।

## शिक्षा का माध्यम

भारत एक बहुभाषी देश है, और यहां बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा देना आवश्यक है। शोध बताते हैं कि बच्चे अपनी पहली भाषा में जल्दी सीखते हैं। जब वे प्रारंभिक शिक्षा अपनी मातृभाषा में प्राप्त करते हैं, तो वे बेहतर समझ पाते हैं और अभिव्यक्ति में भी सशक्त होते हैं। इसलिए शिक्षा नीति में मातृभाषा को प्राथमिकता देना चाहिए, साथ ही धीरे-धीरे राष्ट्रीय और वैश्विक भाषाओं का भी समावेश करना चाहिए ताकि बच्चों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार किया जा सके। भारत में शिक्षा को सर्वोत्तम बनाने के लिए एक और महत्वपूर्ण आवश्यकता है। नीति और क्रियान्वयन में समन्वय। अक्सर देखा जाता है कि नीतियां तो बहुत अच्छी बनती हैं, लेकिन उनका क्रियान्वयन कमजोर होता है। इसके लिए सरकार, शैक्षणिक संस्थाएं, शिक्षक और समाज सभी को मिलकर कार्य करना होगा। स्कूलों और कॉलेजों को केवल परीक्षा केंद्र नहीं, बल्कि ज्ञान के केंद्र बनाना होगा। अभिभावकों को भी यह समझने की आवश्यकता है कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि संपूर्ण विकास का माध्यम है। इसके अतिरिक्त शिक्षा में नवाचार को भी बढ़ावा देना होगा। नवाचार का अर्थ केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि सोचने के तरीके में भी परिवर्तन से है। विद्यार्थियों को ऐसे प्रोजेक्ट्स, समस्याएं और चुनौतियां दी जाएं जो उन्हें सोचने, विश्लेषण करने और समाधान निकालने में मदद करें। इसके लिए कक्षाओं में प्रयोग, चर्चा, समूह कार्य और परियोजना आधारित शिक्षा को अपनाया जाना चाहिए। अंत में यह समझना आवश्यक है कि भारत की शिक्षा प्रणाली में सुधार केवल सरकार या संस्थानों की जिम्मेदारी नहीं है। यह एक सामाजिक प्रयास है जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। जब तक हम शिक्षा को एक सामाजिक मिशन के रूप में नहीं देखेंगे, तब तक हम उसमें व्यापक और गहरा परिवर्तन नहीं ला सकेंगे।

यदि हम वास्तव में भारत में एक सर्वोत्तम शिक्षा प्रणाली चाहते हैं, तो हमें शिक्षा को केवल लाभ का साधन नहीं, बल्कि जीवन के परिवर्तन का माध्यम मानना होगा। तभी हम एक ऐसे भारत की कल्पना कर पाएंगे जहां हर बच्चा अपने सपनों को साकार कर सके, और जहां शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला बन जाए। यही एक समृद्ध, सशक्त और संवेदनशील राष्ट्र की आधारशिला होगी।

...साभार

## ट्रम्प का मिजाज निराला

# हार्वर्ड में अब विदेशी छात्रों के दाखिले पर रोक

**न्यूयार्क।** अमेरिका के डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की विदेशी स्टूडेंट्स को एडमिशन देने की योग्यता रद्द कर दी है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने गुरुवार देर रात होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) को हार्वर्ड के स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर प्रोग्राम (एसईवीपी) का सर्टिफिकेशन तत्काल प्रभाव से रद्द करने का आदेश दिया। विदेशी स्टूडेंट्स को एडमिशन देने की योग्यता वापस पाने के लिए हार्वर्ड को 72 घंटों में मौजूदा बाहरी स्टूडेंट्स की जानकारी देनी होगी।

अभी यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे सभी विदेशी छात्रों को दूसरे संस्थानों में ट्रांसफर लेने के लिए कहा गया है। नहीं तो उन्हें देश छोड़ना पड़ सकता है। बीते कुछ दिनों से हार्वर्ड और सरकार के बीच विदेशी छात्रों से जुड़े रिकार्ड को लेकर खींचतान चल रही थी। क्रिस्टी ने अप्रैल में कहा था कि अगर हार्वर्ड ने 30 अप्रैल तक विदेशी स्टूडेंट्स के अवैध और हिंसक मामलों का पूरा रिकार्ड नहीं दिया, तो उसका एसईवीपी सर्टिफिकेशन छीन लिया जाएगा। यूनिवर्सिटी ने जो रिकार्ड दिया था, उससे प्रशासन संतुष्ट नहीं है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में लगभग 27 प्रतिशत बाहरी छात्र हैं। वहां अभी लगभग 6800 विदेशी स्टूडेंट्स पढ़ रहे हैं। इनमें भारत के 788 छात्र हैं। ज्यादातर स्टूडेंट्स एफ-1 या जे-1 वीजा पर हैं। एफ-1 वीजा अमेरिकी शैक्षणिक संस्थान में पढ़ने वाले छात्रों के लिए है, जबकि जे वीजा स्कालर्स, रिसर्चर्स सहित एक्सचेंज विजिटर्स के लिए है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने हार्वर्ड को दो पेज का एक लेटर भेजा है। ट्रम्प प्रशासन बोला: यूनिवर्सिटी यहूदी-विरोधी सोच को बढ़ावा दे रही ट्रम्प प्रशासन में होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने हार्वर्ड को लिखा लेटर एक्स पर शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड को अपने कैंपस में हिंसा, यहूदी-विरोधी सोच को बढ़ावा देने और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ समन्वय बनाने के लिए जिम्मेदार ठहराता है। यूनिवर्सिटीज के लिए विदेशी छात्रों को एडमिशन देना और उनसे मोटी फीस लेना, जिससे वे अपनी मल्टी-अरब डालर के खजाने को बढ़ा सके, एक विशेषाधिकार है, न कि अधिकार। हार्वर्ड को कई मौके दिए, लेकिन वह कानून का पालन करने में विफल रही। यह कार्रवाई इसे देश भर के सभी यूनिवर्सिटी और शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक चेतावनी है। होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने एक्स पर अपने पोस्ट के साथ लेटर शेयर किया। होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) अपने बयान में कहा कि हार्वर्ड को लीड कर रहे लोगों ने अमेरिका विरोधी, आतंकवाद समर्थक आंदोलनकारियों को कई यहूदी छात्रों को परेशान करने और शारीरिक रूप से हमला करने की अनुमति दी।



ट्रम्प प्रशासन का फैसला, अभी यहां सात हजार विदेशी छात्र इनमें 788 भारतीय शामिल

### कनाडा में विदेशी छात्रों का पढ़ाई करना हुआ मुश्किल

**ओटावा।** कनाडा ने इंटरनेशनल स्टूडेंट को दिए जाने वाले स्टडी परमिट की संख्या में कटौती की है। पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 2025 की पहली तिमाही में भारतीय स्टूडेंट को दिए गए परमिट में 31 प्रतिशत की गिरावट आई है। इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा (आईआरसीसी) के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी-मार्च 2025 के बीच सिर्फ 30640 स्टूडेंट को स्टडी परमिट दिया गया। जबकि 2024 में इसी अवधि के दौरान यह संख्या 44295 थी। जनवरी 2025 में, कनाडा की आबादी 4 करोड़ 15 लाख थी, जिसमें अस्थायी निवासियों की संख्या 3 करोड़ 2 लाख थी। यह लगभग 7.25 प्रतिशत है। कनाडा सरकार इसे 2028 तक 5 प्रतिशत से कम पर ले जाना चाहती है। लिए स्टडी परमिट की लिमिट 437000 कर दी है, जो 2024 के मुकाबले 10 प्रतिशत कम है। यह सीमा 2026 तक लागू रहेगी। कनाडा ने साल 2023 से ही इंटरनेशनल स्टूडेंट की संख्या को कम करने के लिए कोशिश शुरू कर दी थी। कनाडा ने 2023 में कुल 6.81 लाख स्टडी परमिट जारी किए, जिनमें से 2.78 लाख भारतीय छात्रों के लिए थे।

## इंडोनेशिया, नेपाल में भूकंप के झटके

**जकार्ता।** इंडोनेशिया और नेपाल में शुक्रवार को भूकंप के तीव्र झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इंडोनेशिया में भूकंप की तीव्रता 6.0 जबकि नेपाल में 4.3 मापी गई। इंडोनेसिया के पश्चिमी बेंगकुलु प्रांत में भूकंप से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए और कुछ लोग घायल हो गए। भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार तड़के 02:52 बजे महसूस किए गए। इसका केंद्र बेंगकुलु शहर से 47 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में समुद्र तल से 84 किलोमीटर नीचे था। बेंगकुलु प्रांत की आपदा प्रबंधन एजेंसी के सचिव रेजा अफ्यिान्टो ने बताया कि बेंगकुलु शहर के लोगों ने भूकंप के बहुत तेज झटके महसूस किए। शहर में 33 घर क्षतिग्रस्त हो गए।




**जम्मू-कश्मीर।** किश्तवाड़ में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान कड़ी सुरक्षा के बीच एक पुलिस अधिकारी पहरा देते हुए।

# सिंधु जल संकट पर पाक के सांसद का भी गला सूखा

### पीटीआई सांसद ने कहा: पाकिस्तान की 90% फसलें इसी पर निर्भर, संकट नहीं सुलझा, तो भूखे मर जाएंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सांसद सैयद अली जफर ने सिंधु जल संकट को बताया वाटर बम बताया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि वो जल्द से जल्द से संकट से बाहर निकलने के लिए कोई कदम उठाए। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी से सांसद अली जफर ने शुक्रवार को पाकिस्तान संसद में कहा कि हमारा हर 10 में से 9 आदमी इसी पर नदी पर निर्भर है। हमारी 90 प्रतिशत फसलों को इसी नदी से पानी मिलता है।

उन्होंने कहा: अगर हम इस जल संकट को अभी नहीं सुलझाते, तो हम भूख से मर सकते हैं। इसकी वजह यह है कि सिंधु बेसिन हमारी लाइफ लाइन है। हमारा तीन-चौथाई पानी देश के बाहर से आता है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने भारत को धमकी भरा बयान दिया है। शरीफ ने एक बयान में कहा, अगर तुम (भारत) हमारा पानी बंद करोगे, तो हम तुम्हारी सांसें बंद कर देंगे। चौधरी ने कहा भारत सोचता है कि वह पाकिस्तान का पानी रोक देगा। यह एक पागलपन से भरी सोच है। 24 करोड़ लोगों का पानी रोकना संभव ही नहीं है। प्रवक्ता चौधरी ने यह बयान पाकिस्तान के एक विश्वविद्यालय में भाषण के दौरान की। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो गया है। हालांकि, यह वीडियो किस कार्यक्रम और जगह का है, इसकी फिलहाल जानकारी नहीं है। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में 5 आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके अगले दिन पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत ने 5 बड़े फैसले लिए थे। इसमें 65 साल पुरानी सिंधु जल संधि को रोका गया था। अटारी चेक पोस्ट बंद कर दिया गया था। वीजा बंद कर दिया गया और उच्चायुक्तों को हटा दिया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं। सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47: जमीन पाकिस्तान, 39 प्रतिशत जमीन भारत, 8 प्रतिशत जमीन चीन और 6 प्रतिशत जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था।



■ 24 करोड़ लोगों का पानी रोकना संभव ही नहीं है

## यूरेनियम संवर्धन पर रोक को लेकर तेहरान बिफरा

**तेहरान।** ईरान ने स्पष्ट कहा है कि अगर अमेरिका उसके यूरेनियम संवर्धन को रोकना चाहता है तो उसके साथ कोई परमाणु समझौता नहीं होगा। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने शुक्रवार को इटली की राजधानी रोम में ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के पांचवें दौर से पहले सरकारी आईआरआईबी टीवी के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की।

■ ईरान के विदेश मंत्री ने कहा: अमेरिका के साथ परमाणु समझौता नहीं

उन्होंने कहा हमारे बीच अभी भी बुनियादी मतभेद मौजूद हैं। अमेरिकी पक्ष ईरान में यूरेनियम संवर्धन में विश्वास नहीं करता है। अगर यह उनका उद्देश्य है, तो कोई समझौता नहीं होगा। अराघची ने अमेरिकी अधिकारियों की हाल की उन मांगों के संदर्भ में यह टिप्पणी की जिसमें कहा गया था कि वह (अमेरिका) चाहता है कि ईरान अपनी धरती पर यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह से रोक दे। उन्होंने कहा यदि वे चाहते हैं कि ईरान परमाणु हथियारों की ओर न बढ़े, तो यह हासिल किया जा सकता है। हम परमाणु हथियार नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 2015 में ईरान और कई अन्य देशों के बीच हस्ताक्षरित परमाणु समझौता अब प्रभावी नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि समझौता खत्म हो गया है तथा औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाने वाला समझौता फिर से शुरू किया जा सकता है।

# बांग्लादेश में यूनुस के विदाई के आसार, इस्तीफे की पेशकश

### बढ़ते विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार विचलित

**ढाका।** बंगलादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस देश में बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर अपने पद से इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं।

नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के संयोजक नाहिद इस्लाम ने बीबीसी बंगला से बातचीत में कहा कि देश के मुख्य सलाहकार इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूनुस ने गुरुवार को अपने कार्यालय में सलाहकार परिषद की बैठक में इस्तीफा देने की इच्छा व्यक्त की तथा अपनी सरकार के प्रदर्शन और कर्तव्यों को लेकर बढ़ते सवालों पर चिंता भी व्यक्त की। इस्लाम ने कहा कि यूनुस ने परस्पर विरोधी मांगों को लेकर बढ़ते विरोध प्रदर्शनों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मुख्य सलाहकार के हवाले से कहा कि मैं इस तरह काम नहीं कर सकता, अगर आप सभी राजनीतिक दल एकमत नहीं हो सकते। एनसीपी नेता ने यूनुस से जल्दबाजी में ऐसा कोई फैसला न लेने का आग्रह किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह (यूनुस) पार्टियों के बीच एकता सुनिश्चित करेंगे और सभी उनका सहयोग करेंगे। सोशल मीडिया पर बढ़ती अटकलों के बीच नाहिद के अलावा सूचना सलाहकार महफूज आलम और स्थानीय सरकार सलाहकार आसिफ महमूद शोजिब भुइयां ने भी कल शाम यूनुस से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की।

■ यूनुस ने परस्पर विरोधी मांगों को लेकर बढ़ते विरोध प्रदर्शनों पर चिंता व्यक्त की



## पाकिस्तान में कोरोना से एक हफ्ते में चार लोगों की मौत

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** पाकिस्तान के कराची में बीते एक हफ्ते में कोरोना की वजह से 4 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में ज्यादातर बुजुर्ग थे और ये लोग पहले से ही कई बीमारियों से जूझ रहे थे। ये सभी मौतें आगा खान यूनिवर्सिटी हास्पिटल में हुई है। यहां पर बीते कुछ दिनों से लगातार कोरोना मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। वहीं, भारत में अब तक कोरोना के 312 नए मामले मिले हैं।

केरल में सबसे ज्यादा 95, तमिलनाडु में 66 और महाराष्ट्र में 56 नए केस मिले हैं। इन नए मामलों के लिए कोरोना के जेएन1 वैरिएंट को वजह माना जा रहा है। कराची के श्वसन रोग एक्सपर्ट्डा. जावेद खान ने मीडिया को बताया कि पिछले हफ्ते से हर दिन 8 से 10 कोविड-19 के पॉजिटिव मामले देखे जा रहे हैं। वहीं, सिंध की स्वास्थ्य मंत्री डा. आजरा पेचुहो ने कहा कि फिलहाल पर मौजूदा हालात पर कुछ भी बयान नहीं दे सकती। पाकिस्तान के नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया: हमें बहुत कम सैंपल मिल रहे हैं, लेकिन उनमें से 10 से 20 प्रतिशत सैंपल कोविड पॉजिटिव हैं। समस्या की गंभीरता समझने के लिए हमें और डेटा चाहिए। इस बार कोरोना के नए वैरिएंट का सबसे ज्यादा असर बुजुर्ग और कम इम्यूनिटी वाले लोगों पर हो रहा है। बीते कुछ वक्त से एशिया भर में कोरोना के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिली है। सिंगापुर में 13 मई तक कोरोना के 14200 और थाईलैंड में 17 मई तक 33030 नए मरीज मिले। हान्गकान्ग में 10 मई तक 1042 नए केस दर्ज किए गए। भारत में भी 12 मई के बाद से केस बढ़े हैं। 11 राज्यों में नए केस सामने आए हैं। ज्यादातर मामले केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु से हैं।

■ हर दिन मिल रहे करीब 8-10 पॉजिटिव केस, भारत में अब तक कोरोना के 312 नए मामले



## इजरायल, यूरोपीय संघ के संबंधों में कूटनीतिक क्षरण: रेगेव

**तेल अवीव।** यूरोपीय संघ में इजरायल के राजदूत हैम रेगेव ने समूचे महाद्वीप में इजरायल के प्रति बढ़ते असंतोष के बीच यूरोपीय संघ के साथ इजरायली संबंधों के कूटनीतिक तौर पर नाजुक होने की चेतावनी दी है। रेगेव ने कल ब्रसेल्स में पत्रकारों के साथ बातचीत में यह चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि गाजा में हमास आतंकवादियों के साथ देश का युद्ध लंबा खिच रहा है और यूरोपीय जनता की इजरायल के प्रति सहानुभूति कम हो रही है, इसके कारण इजरायल और यूरोपीय संघ के संबधों में कूटनीतिक क्षरण देखा जा सकता है। उन्होंने कथित तौर पर कहा कि यह कोई कूटनीतिक सुनामी नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से एक कूटनीतिक क्षरण है, जिसका निंदान किया जाना चाहिए।

इस बीच द टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार रेगेव का यह बयान गाजा में इजरायली कार्रवाइयों की बढ़ती जांच और यूरोपीय सरकारों की बदलती भावनाओं के बीच आया है। रेगेव ने हालांकि यह स्वीकार किया कि इजरायली विदेश मंत्रालय यूरोप में समर्थन में कमी के जवाब में काम कर रहा है और एक अत्यधिक गहन कूटनीतिक अभियान चला रहा है। गौरतलब है कि यूरोप में गाजा से आ रही 'ग्राफिक' छवियों ने इजरायल के प्रति सार्वजनिक आक्रोश और राजनीतिक दबाव को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि यूरोप भयावह तस्वीरें देख रहा है और उनसे निपटने के जतन कर रहा है। युद्ध की शुरुआत में हमें जो समर्थन मिला था, वह अब नहीं रहा।

## संयुक्त राष्ट्र ने सूडान में स्थिति बिगड़ने की दी चेतावनी

**जुबा/संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने युद्धग्रस्त सूडान में मानवीय स्थिति बिगड़ने की चेतावनी दी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कल यहां कहा कि सूडान के विभिन्न क्षेत्रों में संघर्ष बढ़ने से नागरिक घरों से निकलकर आश्रयस्थलों में जा रहे हैं।

प्रवक्ता ने अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी संगठन के हवाले से कहा कि पश्चिमी कोर्डोफन राज्य में बढ़ती असुरक्षा ने इस महीने खिवाई और नुहुद शहरों से लगभग 47000 लोगों को वहां से बाहर निकलने पर मजबूर किया। इनमें से कई लोग पहले से ही आंतरिक रूप से विस्थापित थे और अब दूसरी बार पलायन करने को मजबूर हैं।उत्तरी दारफुर में पिछले सप्ताह ही अबू शौक शिविर और अल फशर शहर से लगभग 1000 लोग विस्थापित हुए हैं जिससे इस महीने इन दो स्थानों से विस्थापित होने वाले लोगों की कुल संख्या 6,000 हो गई है। प्रवक्ता ने कहा कि कुल मिलाकर उत्तरी दारफुर में 17 लाख से अधिक लोगों के विस्थापित होने का अनुमान है।

## आईसीसी से जारी वॉरंट को रूस ने बताया बेहुदा

**मॉस्को।** रूस ने अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) द्वारा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने को राजनीतिक पूर्वाग्रह एवं कानूनी रूप से अनुचित करार दिया है। रूसी सुरक्षा परिषद के उप सचिव अलेक्जेंडर वेनेडिक्टोव ने न्यायालय पश्चिम देशों की कठपुतली बन गया है।

द रूसी समाचार एजेंसी स्पुतनिक से बात करते हुए वेनेडिक्टोव ने कहा कि हाल के वर्षों में, आईसीसी पूरी तरह से विकृत हो गया है और वह पश्चिमी देशों के हाथों की कठपुतली बन गया है। अपने नियंत्रकों के दबाव में आकार न्यायालय ने हमारे राष्ट्राध्यक्ष और कई अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का गैरकानूनी निर्णय लिया है। उन्होंने दावा किया कि अंतर्राष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों द्वारा की गई कानूनी समीक्षा में आरोपों का समर्थन करने के लिए कोई विश्वसनीय साक्ष्य नहीं मिला है। स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों द्वारा आईसीसी के फैसले की कानूनी समीक्षा में साक्ष्य का पूर्ण अभाव और प्रस्तुत आरोपों में विरोधाभास पाया है। ये वारंट अंतर्राष्ट्रीय कानून के सार्वभौमिक स्वीकृत मानदंडों का गंभीर उल्लंघन हैं।

■ पुतिन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को राजनीतिक पूर्वाग्रह करार दिया

# पाकिस्तानी सेना के अधिकारी ने भारत के खिलाफ उगला जहर

### आतंकी हाफिज की भाषा में दी धमकी 'तुम्हारी सांसें रोक देंगे'

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना पर आतंकी संगठनों को पालने-पोसने के आरोप लगते रहते हैं। अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें पाकिस्तानी सेना के अधिकारी भारत के खिलाफ जहर उगलते और आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद की भाषा बोलते नजर आ रहे हैं।

वीडियो पाकिस्तानी सेना के एक शीर्ष अधिकारी का है, जो एक इवेंट के दौरान वही भाषा और शब्द इस्तेमाल कर रहे हैं, जो पूर्व में आतंकी हाफिज सईद कर चुका है। ऐसा लगता है कि स्क्रिप्ट एक ही है, बस बोलने वाले अलग हैं। वीडियो पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी का है, जो पाकिस्तान की यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए कहा कि अगर आप हमारा पानी रोकेंगे तो हम आपकी सांसें रोक देंगे। इस बयान को भारत के सिंधु जल समझौते को स्थगित करने से जोड़कर देखा जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने यह सख्त कदम उठाया था। पाकिस्तानी सेना के अधिकारी का यह बयान बिल्कुल आतंकी हाफिज सईद के पुराने बयान जैसा है, जिसने कहा था कि अगर तुम पानी रोकेंगे तो इंशाअल्लाह, हम आपकी सांसें रोक देंगे और फिर इन नदियों में खून बहेगा। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने सेना के अधिकारी और आतंकी की भाषा में इतनी समानता पर सवाल उठाए हैं।



Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.

Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Since 2010
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor